# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 | कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 294 | जयपुर | गुरुवार, 28 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-तृतीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan


## संक्षिप्त समाचार

### संवत्सरी पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं, कहा- यह पर्व क्षमा और करुणा की शक्ति का प्रतीक



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बुधवार को संवत्सरी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और इस पर्व के शाश्वत संदेश पर जोर दिया। जैन धर्म का संवत्सरी महापर्व बेहद पवित्र और महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन 'मिच्छामी दुक्कड़म' कहने की परंपरा है, जिसका मतलब सभी जीवों से क्षमा मांगना और क्षमा करना है। यह दिन आत्मशुद्धि, क्षमा और करुणा का प्रतीक माना जाता है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि संवत्सरी हमें क्षमाशीलता की सुंदरता और करुणा की शक्ति का स्मरण कराती है।

यह पर्व हमें ईमानदारी से रिश्तों को मजबूत करने और विनम्रता व दया को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से अपील की कि इस दिन हमारे हृदय विनम्र रहें और हमारे कार्यों में दया और सद्भावना झलके। पीएम मोदी ने संदेश के अंत में 'मिच्छामी दुक्कड़म्' भी लिखा।

### अमेरिकी वित्तमंत्री बोले- भारत से अच्छा समझौता कर सकते हैं

**दोनों देशों में अच्छे रिश्ते; 50% टैरिफ पर भारत बोला- हमें जान-बूझकर टारगेट किया**



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** भारत के साथ टैरिफ विवाद के बीच अमेरिका को उम्मीद है कि वह भारत के साथ अच्छा समझौता कर सकता है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को एक इंटरव्यू में कहा कि भारत-अमेरिका के रिश्ते काफी पेचीदा हैं, लेकिन उन्हें भरोसा है कि दोनों देश आखिरकार एक साथ आएंगे। अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ लगा दिया है, जो आज से लागू हो गया है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे लेकर भारत के विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि अमेरिका ने जानबूझकर भारत को अलग से टारगेट किया है। जबकि और भी देश रूस से तेल खरीद रहे हैं। फॉक्स बिजनेस टीवी चैनल पर स्कॉट बेसेंट से भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ और रूसी तेल खरीद को लेकर सवाल किया गया था। एंकर ने उनसे पूछा कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में कहा है कि अगर अमेरिका को भारत के रूस से तेल खरीदने पर दिक्कत है, तो अमेरिका, भारत से रिफाइंड तेल खरीदना ही बंद कर दे।



# गणेश चतुर्थी पर मोतीडूंगरी में गणपति ने पहना नौलखा का हार-स्वर्ण मुकुट

## गढ़ गणेश में दिखा बाल स्वरूप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर स्थित गणेश मंदिरों में सुबह से गणपति बप्पा मोरया...मंगल मूर्ति मोरया की गूंज है। जयपुर में मोती डूंगरी गणेश मंदिर से लेकर, परकोटा गणेश मंदिर, नहर के गणेश और गढ़ गणेश मंदिरों में हजारों की संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

गणेश चतुर्थी महोत्सव की शुरुआत बुधवार सुबह मंदिरों में मंगला आरती के साथ हुई। इसके बाद रिद्धि-सिद्धि के दाता के प्रथम दर्शन भक्तों को हुए। कहीं भगवान को सोने का मुकुट पहनाया गया है तो कहीं, राजसी वेशभूषा में गजानन नजर आ रहे हैं। जयपुर के मोती-डूंगरी गणेश मंदिर में मंगलवार देर रात से भक्तों का लाइन में लगना शुरू हो गया था। सुबह से दोपहर तक मंदिर में भक्तों की भीड़ नजर आई।

जयपुर के मोती-डूंगरी गणेश मंदिर में मंगलवार देर रात से भक्तों का लाइन में लगना शुरू हो गया था। यहां भगवान गणेश को विशेष श्रृंगार में स्वर्ण मुकुट पहनाकर चांदी के सिंहासन पर विराजमान किया गया। महंत परिवार की ओर से तैयार कराया गया नौलखा हार भी गणपति को धारण करवाया गया है। गणपति को 3100 किलो मेहंदी अर्पित की गई। यह मेहंदी पाली के सोजत से मंगवाई गई थी। पूजा के बाद रात 7:30 बजे से मंदिर परिसर के पांच स्थानों पर प्रसाद स्वरूप मेहंदी का वितरण किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पत्नी के साथ मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में ढोक लगाई। मोती डूंगरी गणेश मंदिर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पत्नी के साथ दर्शन करने पहुंचे।



### सीएम ने मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में किए दर्शन

**मोती डूंगरी गणेश मंदिर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पत्नी के साथ दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान ग्रेटर नगर निगम मेयर सौम्या गुर्जर भी साथ रही। मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने मुख्यमंत्री शर्मा के परिवार के नाम से विधिविधान से पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद महंत कैलाश शर्मा ने सीएम और उनकी पत्नी को चुनरी ओढ़ाई।**

## गढ़चिरौली-नारायणपुर सीमा पर 8 घंटे चली मुठभेड़, 4 नक्सली ढेर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र पुलिस ने एक बयान में बताया कि गढ़चिरौली-नारायणपुर सीमा पर बुधवार को आठ घंटे चली मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। गढ़चिरौली के एसपी नीलोत्पल ने बताया, गढ़चिरौली-नारायणपुर सीमा पर कोपर्शी वन क्षेत्र में लगभग आठ घंटे तक रुक-रुक कर हुई गोलीबारी के बाद चार माओवादियों (1 पुरुष और 3 महिला) के शव बरामद किए गए हैं। चार हथियार - 1 एसएलआर राइफल, 2 इंसास राइफल और 1.303 राइफलें बरामद की गईं। इलाके में आगे तलाशी अभियान जारी है।

### पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

यह घटनाक्रम पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ सीमा के पास बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर गढ़चिरौली पुलिस की सी-60 कमांडो टीम ने कोपरशी गाँव में तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 20 अगस्त को, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिलों में 55.50 लाख रुपये के इनामी 29 नक्सलियों ने बुधवार को सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से जस्टिस नागरत्ना असहमत

**जस्टिस विपुल पंचोली की सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति पर आपत्ति, कहा- ऐसा होना न्यायपालिका के लिए नुकसानदायक**

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट की जज बीवी नागरत्ना ने मंगलवार को पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली को सुप्रीम कोर्ट में जज बनाने की कॉलेजियम की सिफारिश पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा, यह नियुक्ति न्यायपालिका के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। जस्टिस पंचोली अगर सुप्रीम कोर्ट में जज बनते हैं तो वे अक्टूबर 2031 में सीजेआई बन सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, जस्टिस नागरत्ना ने मई में ही इस प्रस्ताव पर असहमति जताई थी। तब पहली बार जस्टिस पंचोली का नाम सामने आया था। बाद में जस्टिस एन वी अंजारिया को जस्टिस पंचोली से पहले सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किया गया था। तीन महीने बाद जब फिर से जस्टिस पंचोली का नाम सामने आया, तो जस्टिस नागरत्ना ने औपचारिक रूप से असहमति दर्ज की। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता में 25 अगस्त को हुई कॉलेजियम की बैठक में बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आलोक अराधे और जस्टिस पंचोली के नाम सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर केंद्र को भेजे गए।

## देश के आधे सांसदों-विधायकों पर क्रिमिनल केस

**महिलाओं से जुड़े अपराध वाले राज्यों में पश्चिम बंगाल सबसे आगे, आंध्र दूसरे नंबर पर**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार ने हाल ही में संसद में 130वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया है। इस विधेयक में प्रावधान है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार होकर 30 दिन तक जेल में रहते हैं, तो उन्हें पद से हटाया जा सकेगा। वर्तमान में स्थिति यह है कि देशभर में 45% विधायक और 46% सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। महिलाओं से जुड़े अपराधों की बात करें तो इसमें पश्चिम बंगाल सबसे आगे है। आंध्र प्रदेश का दूसरा नंबर है। देशभर में 45% विधायकों ने अपने ऊपर क्रिमिनल केस घोषित किए हैं, जबकि 29% गंभीर मामलों का सामना कर रहे हैं। विधायकों पर क्रिमिनल केसों में आंध्र प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। इसके बाद केरल, तेलंगाना और बिहार का स्थान है।

चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आई है। देश में 15 साल में आपराधिक रिकॉर्ड वाले सांसद 16% बढ़े संसद में समय के साथ यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। 2009 में 30% सांसदों पर आपराधिक मामले और 14% पर गंभीर मामले दर्ज थे।








## गुजरात मॉडल वोट चोरी का मॉडल, सबूत नहीं थे, इसलिए चुप रहे : राहुल

बढ़ता राजस्थान

**मुजफ्फरपुर ( एजेंसी )।** राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का आज 11वां दिन है। यात्रा मुजफ्फरपुर पहुंची है। यहां जारंग हाई स्कूल मैदान में राहुल ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, इन लोगों ने महाराष्ट्र और गुजरात का चुनाव चोरी किया। 2014 से पहले ये गुजरात में शुरू हुआ। गुजरात मॉडल आर्थिक मॉडल नहीं है। गुजरात मॉडल वोट चोरी करने का मॉडल है। जिसे ये लोग 2014 में राष्ट्रीय स्तर पर लाए। हम कुछ कहते नहीं थे, क्योंकि हमारे पास कोई सबूत नहीं थे, लेकिन महाराष्ट्र में हमें सबूत मिल गया। इससे पहले तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा- वोटर्स को लिस्ट से हटाना आतंकवाद से खतरनाक है। बीजेपी ने चुनाव आयोग को कठपुतली बना लिया है। राहुल गांधी जी के शब्दों और आंखों में कभी डर नहीं होता। राहुल गांधी ने दरभंगा से सुबह साढ़े 8 बजे अपनी यात्रा शुरू की थी। इस दौरान वे प्रियंका गांधी के साथ बुलेट से भी चले। प्रियंका गांधी मां जानकी का दर्शन करने सीतामढ़ी के पुनौरा धाम नहीं जाएंगी। वह दिल्ली लौट गई हैं। मुजफ्फरपुर के बाद यात्रा रात में सीतामढ़ी पहुंचेगी। वोटर अधिकार यात्रा शाम को मुजफ्फरपुर के गायघाट पहुंचेगी। यहां की 4 सीटों से होकर गायघाट, बोचहां, मीनापुर, औराई से यात्रा गुजरेगी। इसके अलावा नगर विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा भी इस यात्रा से प्रभावित होगा। नगर सीट कांग्रेस के कब्जे में है। यहां से विजेंद्र चौधरी विधायक हैं।

### थोड़ी ही देर में मुजफ्फरपुर के जीरो माइल चौक पहुंचेंगे राहुल गांधी

राहुल गांधी का वोटर अधिकार यात्रा गायघाट के बेरुआ गांव से निकाल गया है। बोचहां विधानसभा होते हुए मुजफ्फरपुर शहर के जीरो माइल चौक पहुंचेगा। रास्ते में गठबंधन के कार्यकर्ता जगह-जगह अपने नेता का स्वागत करेंगे। जीरो माइल चौक पर राहुल गांधी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करेंगे, फिर मीनापुर विधानसभा और औराई विधानसभा होते हुए सीतामढ़ी के लिए निकलेंगे।

**सीतामढ़ी के पुनौरा धाम नहीं जाएंगी प्रियंका**-प्रियंका गांधी मां जानकी का दर्शन करने सीतामढ़ी के पुनौरा धाम नहीं जाएंगी। वह दिल्ली लौट गई हैं। प्रियंका गांधी मुजफ्फरपुर से दरभंगा के लिए रवाना हो गई हैं, जहां से फ्लाइट के जरिए नई दिल्ली के लिए निकल जाएंगी।

**राहुल के स्वागत के लिए घोड़े पर सवार होकर पहुंचे पूर्व विधायक**-वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के स्वागत के लिए लालगंज के पूर्व विधायक केदार गुप्ता घोड़े पर सवार होकर पहुंचे है।

**गिरिराज सिंह बोले- राहुल गांधी झूठे, जनता उन्हें नाकार देगी**-गिरिराज सिंह ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर कहा, राहुल गांधी झूठ बोलते हैं। हां हम सत्ता में 50 साल रहेंगे, लेकिन अपने काम के बल पर रहेंगे। आप झूठ बोलते रहिए, जनता आपको इसी तरह से नकार देगी। जिस तरह से वे बिहार में बिहार के लोगों को अपशब्द कहने वाले लोगों को एकत्रित कर रहे हैं, उसके लिए वे माफी मांगें।


सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# कन्या महाविद्यालय में पीसीपीएनडीटी एक्ट, हेल्थ एवं हाइजीन पर कार्यशाला व नि:शुल्क आई चेक अप कैंप आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत )।** स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमू में बुधवार को राजस्थान राज्य महिला नीति व रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पीसीपीएनडीटी एक्ट व हेल्थ एवं हाइजीन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा छात्राओं के लिए निःशुल्क आई चेक अप कैंप आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉक्टर प्रतिभा उपाध्याय, गेस्ट फैकेल्टी,एमजीएफ मेडिकल कॉलेज, चौमू व डायरेक्टर सुधांशुअनंत ई.एन.टी अस्पताल, चौमू ने छात्राओं को पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा हेल्थ एवं हाइजीन(स्वास्थ्य एवं स्वच्छता)पर एक संवादात्मक कार्यशाला के द्वारा छात्राओं को हेल्थ व हाइजीन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं को भी शांत किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में नेत्र दान के महत्व पर व्याख्यान और निशुल्क आई चेकएअप कैंप का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर प्रतिभा उपाध्याय ने 100 से अधिक छात्राओं का आई चेक अप किया व चिकित्सा परामर्श दिया। साथ ही डॉक्टर उपाध्याय ने छात्राओं को आवश्यकता अनुसार आई ड्रॉप्स का भी निःशुल्क वितरण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर राजेंद्र कुमार ने भी छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महाविद्यालय की राज्य महिला नीति संयोजक डॉ माधुरी गोस्वामी ने छात्राओं को नेत्रदान हेतु प्रेरित किया तथा इस अवसर पर महिला नीति सह संयोजक डॉ हंसा लूनायच वह रेड रिबन क्लब संयोजक डॉ ऋचा गुप्ता ने भी छात्राओं को स्वास्थ्य व स्वच्छता के महत्व बताते हुए स्वयं तथा अपने आसपास के स्थान को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में मां ,डॉ उमेश कुमार डॉक्टर, डॉ सुरेश कुमार वर्मा, डॉ प्रीति सिंह, भगवान सहाय, अनिता कुमावत, श्कमल श्योराण, प्रहलाद यादव, देवकीनंदन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी ने अपना तकनीकी सहयोग प्रदान किया।




## जनआक्रोश आंदोलन - 29 अगस्त को एसडीएम कार्यालय का घेराव

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** क्षेत्रीय किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरपंच संघ के जयपुर जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनखड़ ने घोषणा की है कि आगामी शुक्रवार, 29 अगस्त को सुबह 10 बजे पावटा उपखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पावटा की जनता स्मार्ट मीटर जबरन थोपने, बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी और नगरपालिका पावटा की सुस्त एवं भ्रष्ट कार्यप्रणाली जैसी तीन बड़ी समस्याओं से जूझ रही है। धनखड़ ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी पार्टी या व्यक्ति का नहीं, बल्कि हर नागरिक की आवाज है। यह संघर्ष अधिकार, भविष्य और सम्मान की रक्षा के लिए है। सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने बताया कि इस आंदोलन की मुख्य मांगें स्मार्ट मीटर थोपने की प्रक्रिया रोकना, जनता को आर्थिक बोझ से राहत दिलाना, बिजली दरों में हो रही वृद्धि पर रोक लगाना और किसानों, मजदूरों तथा आम घर-परिवारों को राहत प्रदान करना है। इसके साथ ही नगरपालिका की कार्यशैली में सुधार कर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी इस आंदोलन का उद्देश्य है। मेहर सिंह धनखड़ ने कहा कि जनता की ताकत से बड़ी कोई ताकत नहीं होती। उन्होंने क्षेत्र के सभी नागरिकों से इस किसान हित की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

## टसकौला पीएचसी में डॉ. हंसा ताखर ने संभाला कार्यभार



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** निकटवर्ती ग्राम टसकौला स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को डॉ. हंसा ताखर ने बीसीएमओ डॉ. कृष्ण सिंह शेखावत की उपस्थिति में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर यादव महासभा अध्यक्ष भैरूराम हुल्डा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बीसीएमओ कृष्ण सिंह और नवनियुक्त चिकित्सक डॉ. हंसा ताखर का साफा पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया। डॉ. हंसा ताखर ने कहा कि वे स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। वहीं, बीसीएमओ डॉ. कृष्ण सिंह शेखावत ने कहा कि डॉ. हंसा ताखर की नियुक्ति से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार होगा। उन्होंने उन्हें शुभकामनाएं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

यादव महासभा अध्यक्ष भैरूराम हुल्डा ने कहा कि डॉ. हंसा ताखर के आने से ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी और ग्रामीणजन हर संभव सहयोग करेंगे।

इस मौके पर टसकौला सरपंच श्रवण देवी, जगदीश धोबी, गिरीराज चौहान, नाथूराम सैनी, मामचंद कुम्हार, श्रीराम खटीक, सवाई सिंह, हनुमान सिंह, शयोदान, किशन दास, महेंद्र पंच, श्रवण चौहान पंच, शंभुदयाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नगर परिषद द्वारा तीन दिवसीय गणपति महोत्सव का आगाज

### राजनगर रोडवेज बस स्टैंड से निकली विशाल शोभायात्रा



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर परिषद द्वारा तीन दिवसीय गणपति महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मोलेला की टेराकोटा कला से बनी आकर्षक गणपति प्रतिमा के साथ विभिन्न गली-मोहल्लों की करीब 200 मूर्तियों की विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

यह शोभायात्रा राजनगर रोडवेज बस स्टैंड से रवाना होकर फव्वारा चौक, कबूतर खाना, सदर बाजार, दाणी चबूतरा होते हुए अरविंद स्टेडियम में संपन्न हुई। यात्रा में अखाड़ा प्रदर्शन, हाथी-घोड़े, देवी-देवताओं की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

सुरक्षा की दृष्टि से दो थानाधिकारी सहित पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात रहा। शोभायात्रा गणेश देवरी पहुंचने पर मंशापूर्ण गणपति की महाआरती की गई, जिसके बाद नियत समय पर प्रतिमा की स्थापना संपन्न हुई।

आगामी तीन दिनों तक नगर परिषद द्वारा मेवाड़ का लोकनृत्य गवरी, भजन संध्या, देशभक्ति गीत एवं अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## अंधता निवारण समिति द्वारा नि:शुल्क 15 नेत्र ऑपरेशन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी।** जिला अंधता निवारण समिति की ओर से मंगलवार को के.डी.आई. हॉस्पिटल में आयोजित नि:शुल्क नेत्र शिविर में मोतियाबिंद सहित 15 रोगियों के नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण व ऑपरेशन किए गए। संचालक हेमंत मीना ने बताया कि शिविर में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. बारिश हुसैन और डॉ. संजीव वर्मा ने ऑपरेशन किए। इस अवसर पर समिति की ओर से मरीजों को सभी सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं।

# निवाई से खाटूधाम के लिए रवाना हुई पंचम श्याम पदयात्रा

## श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उंठा निवाई शहर

### शोभायात्रा में विराजमान बाबा श्याम को सजाया कलकता के फूलों से, श्याम पदयात्रा का जगह-जगह किया भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** इंदिरा कोलोनी में स्थित श्याम मन्दिर में विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना करके निवाई से खाटूधाम पंचम पदयात्रा को विशाल जुलूस के साथ रवाना किया गया। पदयात्रा में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया। शहर में कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने पदयात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा के जुलूस में भक्त डीजे व बेंड बाजे के मधुर भजनों पर नाचते गाते बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। श्याम नाम के जयकारों से निवाई शहर गुंजायमान हो उठा। जुलूस शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए झिलाय रोड, अहिंसा सर्किल, बडा बाजार, चोहट्टी बाजार, गणगौरी बाजार, जमात व टोंक जयपुर रोड से होते हुए खाटूधाम के लिए रवाना हुआ। पदयात्रा चाकसू, सांगानेर, जयपुर, चौमू व रिंग्स होते हुए खाटूधाम पहुचेगी। खाटूधाम में भव्य सोभायात्रा के साथ निशान अर्पित कर महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान गुरुवार को श्री कृष्णा पेरेडाइज कुम्भा मार्ग जयपुर में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें गायक कलाकार कुमारगिर्राज शरण, अजय शर्मा, महेश परमार, राजू खंडेलवाल, महेश दरगड, अनिल शर्मा, महेश खण्डवाल, संजय बारेठ, सोमेश जैन, रिदेश अरोडा सहित कई गायक भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। शोभायात्रा में विधायक रामसहाय वर्मा, पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी, रवि अग्रवाल, पारस पहाडी, रामचरण विजय, राजू खंडेलवाल, मीठालाल शर्मा, दिनदयाल शर्मा, विनोद तिवाडी, पुरषोत्तम शर्मा, महेश दरगड, रामकिशन टोडवाल, सौरभ जैन, सुमित सैनी, सुभम बोहरा, सर्वेश शर्मा, कुलदीप टेलर, रूपेश टोडवाल, दीपू सेन, नमन, पीयूष, नितिन, मुरारी अग्रवाल, अनिल शर्मा, नरोत्तम अग्रवाल, अजय जैन, योगेंद्र जैन, राजेन्द्र चौधरी, जीतू विजय, पीयूष, सर्वेश द्विवेदी, हीरू व रवि सहित सैंकड़ों श्याम भक्त मौजूद थे।

## जैन श्वेतांबर पल्लीवाल मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट ने श्रद्धा और भक्ति से मनाया पर्यूषण महापर्व



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्री जैन श्वेतांबर पल्लीवाल मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट, मोहन नगर में पर्यूषण महापर्व के अवसर पर प्रतिदिन विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में प्रतिक्रमण, स्नात्र पूजा, चौबीसी पूजा, पूज्य साध्वी महाराज साहब द्वारा शास्त्र वाचन, साधर्मिक बच्चों द्वारा प्रभु की अंगरचना, सायं प्रतिक्रमण, भक्ति संध्या और आरती प्रमुख रहे।

पर्यूषण महापर्व 20 अगस्त से आरंभ होकर 27 सितंबर तक चलेगा। ट्रस्ट अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन एवं सुनील जैन ने बताया कि नवीन उपाश्रय मोहन नगर हिंडौन में भगवान की स्नात्र पूजा, कलशाभिषेक, वार्षिक पूजा की बोलियां एवं परंपरा अनुसार माला की बोली लगाई गई। माला की यह बोली श्री प्रकाश चंद एवं सुरेश चंद (नई मंडी हिंडौन) ने ?2,62,503 में ली।

संवत्सरी पर्व पर सकल समाज ने आपस में क्षमा याचना करते हुए मिच्छामि दुक्कडम कहा। इस अवसर पर बहन मनीषा जैन (पत्नी विनय कुमार जैन) एवं सृष्टि जैन (पुत्री अजय जैन, खेड़ी वाले) ने पूज्य साध्वी मुक्ति प्रिया जी महाराज साहब एवं विनीत दर्शित श्री जी महाराज साहब की पावन निश्रा में सिद्धि तप पूर्ण किया।

पर्यूषण के दौरान साधर्मिक भाई-बहनों ने तेला (तीन दिवस) और उससे अधिक की तपस्या की। सभी तपस्वियों का पारणा, बहुमान एवं सकल श्रीसंघ की नवकारसी का लाभ दिनेश चंद, पवन कुमार, प्रवीण कुमार एवं पंकज कुमार जैन (कटकड़ वाले) परिवार ने लिया।

लाभार्थी परिवार द्वारा 28 अगस्त 2025, गुरुवार सुबह 7ः30 बजे लक्ष्मी पैलेस में तपस्वियों का पारणा एवं बहुमान समारोह आयोजित किया जाएगा।

इस पर्यूषण पर्व में समाज के तपस्वियों ने विविध तपस्याएँ कीं — जिनमें एक मास क्षमन, दो सिद्धि तप, एक 16 दिन, दो 11 दिन, 50 अठाई, 12 पंचोला और 65 तेला तप शामिल रहे।

## गणेश जी को लड्डू और मोदक का भोग, प्रसाद वितरण

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के शिव शक्ति विला में बुधवार को उद्योगपति एवं समाजसेवी संतोष बंसल और उनकी धर्मपत्नी ममता देवी के सान्निध्य में गणेश चतुर्थी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर पंडित मनीष शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन और पूजा-अर्चना करवाई। अनुष्ठान पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। समाजसेवी संतोष बंसल ने कहा कि भगवान, गुरुजन और माता-पिता के प्रति आस्था, विश्वास और सम्मान के बिना जीवन में प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने शिक्षा, संस्कार और ईमानदार परिश्रम को जीवन की आधारशिला बताया।

भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित बंसल ने गणेश जी की पूजा कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, प्राचीन नृसिंह मंदिर में महेन्द्र कुमार बंसल ने दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महंत मणिराम दास महाराज ने गणेश जी को लड्डू और मोदक का भोग अर्पित किया, जिसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।



महोत्सव में नितिन बंसल, प्रवीण बंसल, चन्द्रकला, अरुण, पिंकी, प्रियंका, निकिता, ईसू, सलोनी, परी, प्रिंस, अखिल, आर्यन, काव्या, भव्या समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजन से क्षेत्र में उल्लास और भक्ति का माहौल बना रहा।

### 101 वृद्धजन हवाई यात्रा, 838 ट्रेन से करेंगे तीर्थ यात्रा

## कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने निकाली वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की लॉटरी



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के तहत जिले के 939 वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। बुधवार को जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने ऑनलाइन लॉटरी निकालकर सफल आवेदकों की घोषणा की। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एडिशनल एसपी रजत विश्नोई, एसडीएम बृजेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. हेमंत बिंदल, देवस्थान विभाग के अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे। सीईओ बृजमोहन बैरवा ने बताया कि योजना के तहत कुल 1229 आवेदन (1960 यात्री) प्राप्त हुए थे, जिनकी लॉटरी बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निकाली गई। इसमें से 101 वृद्धजन हवाई यात्रा से तथा 838 वृद्धजन ट्रेन से तीर्थ यात्रा पर जाएंगे। इन वरिष्ठ नागरिकों को हरिद्वार, ऋषिकेश, अयोध्या, वाराणसी, सारनाथ, सम्मेदशिखर, पावापुरी, मथुरा, वृंदावन, बरसाना, द्वारकापुरी, नागेश्वर, सोमनाथ, तिरुपति, पदमावति, कामाख्या (गुवाहाटी), गंगासागर, जगन्नाथपुरी, कोणार्क, रामेश्वरम-मदुरई, वैष्णो देवी, अमृतसर, महाकालेश्वर उज्जैन, ओंकारेश्वर, त्रयम्बकेश्वर, घृष्णेश्वर, ऐलोरा सहित विभिन्न प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे।

### प्रथम पुज्य गणपति की घर-घर में हुई पूजा

## गणेश चतुर्थी हुए विशेष आयोजन, मंदिरों में दर्शनों के लिए लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

**निवाई (का.स.)।** देवताओं में प्रथम पुज्य भगवान गणेश का जन्म दिन बुधवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। दिनभर गणेशजी के मंदिरों में गणेशभक्तों का दर्शनों के लिए सुबह से देर रात तक तांता लगा रहा। दिनभर गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरिया के जयकारों से मंदिर गुंजायमान रहे। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर घर-घर में भगवान गणपति की पूजा की गई तथा गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई। कई जगह दस दिवसीय श्रीगणेशोत्सव की शनिवार को शुरुआत हुई। शहर के झिलाय रोड स्थित श्री चिंताहरण गणेश मंदिर, गणगौरी बाजार स्थित संकट मोचन गणेश, विश्व शांति आश्रम स्थित गणेश मंदिर, बडा बाजार स्थित गणेश मंदिर, श्याम मंदिर स्थित गणेश मंदिर सहित सभी गणेशजी के मंदिरों में विशेष आयोजन हुआ। इस अवसर पर भगवान गणपति की प्रतिमाओं पर सिन्दूर का चौला चढाकर चांदी के वर्क से श्रृंगार किया गया।

## रामदेव जी महाराज के दो दिवसीय विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन 1 सितंबर को

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के होली चौक स्थित बाबा रामदेव मंदिर में आगामी सोमवार, 1 सितंबर से पीरों के पीर लोकदेवता रामदेव जी महाराज का दो दिवसीय विशाल जागरण एवं भंडारे का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इस आयोजन में करीब 10 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। महंत रामेश्वर दास और करण दास महाराज ने बताया कि ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत 1 सितंबर की सुबह 7 बजे भव्य झांकी कार्यक्रम से होगी। इसके बाद सुबह 11 बजे से पंगत प्रसाद वितरण शुरू होगा। रात्रि में सत्संग पार्टी द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 2 सितंबर की दोपहर बाबा रामदेव जी की महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस अवसर पर नीमकाथाना से गायक कलाकार सोहनी यादव, छैला सोनू मारवाड़ी, डांसर संगीता यादव, शारदा मीणा और नीशा सैनी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं 1 सितंबर को संगीता एंड पार्टी, नीमकाथाना तथा गायक कलाकार हरीराम माहसी जयसिंपुरा द्वारा भी भव्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी।



## नाज़रीन शाह बनीं शाह समाज (मुस्लिम) विकास संस्थान राजस्थान की महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी।** शाह समाज (मुस्लिम) विकास संस्थान राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शमसुद्दीन शाह ने संगठन का विस्तार करते हुए हिंडौन निवासी नाज़रीन शाह को महिला विंग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रमुख महासचिव मोहम्मद मेहरुद्दीन शाह क़ादरी (स्वतंत्र प्रभार) की अनुशंसा पर की गई। नाज़रीन शाह की नियुक्ति पर शाह समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई। समाज के विभिन्न पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रदेश प्रभारी सैयद एजाज शाह, यूथ विंग प्रदेश अध्यक्ष सरफुद्दीन शाह बूंदी, करौली जिला अध्यक्ष रफीक शाह, यूथ जिला अध्यक्ष सलमान शाह, जिला मीडिया इंचार्ज अजीम शाह चिनायटा और ब्लॉक अध्यक्ष हिंडौन इस्लाम शाह सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे। इस अवसर पर नाज़रीन शाह ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगी तथा समाज की आवाज़ को शासन-प्रशासन तक सही ढंग से पहुँचाने का प्रयास करेंगी।

# बियानी शिक्षण संस्थान ग्रुप जयपुर ने किया पत्रकार बिल्लूराम सैनी को सम्मानित

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस और हमारा समाचार के संयुक्त तत्वावधान में कोटपूतली में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पत्रकार एवं समाजसेवी बिल्लूराम सैनी पुत्र छितरमल सैनी निवासी कोटपूतली को पत्रकारिकता में उत्कृष्ट सहरानीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया, यह कार्यक्रम शिक्षा व समाज में प्रेरणा का स्त्रोत बनकर सामने आया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. संजय बियानी (काउंसलर एवं यूथ मोटिवेशनल गुरु, निदेशक ङ्क अकादमिक, बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस) ने की।

उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, नौजवानों को केवल अंक नहीं, अपितु अपने अंदर की प्रतिभा को पहचानने की आवश्यकता है। शिक्षकों का मार्गदर्शन और छात्रों की मेहनत, दोनों ही समाज की दिशा तय करते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन एडवोकेट विकास जागल ने किया।इस अवसर पर बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस से सीए अभिषेक बियानी, कॉलेज प्राचार्य ध्यान सिंह गोठवाल, सीए साक्षी बियानी तथा हमारा समाचार के संपादक रामनिवास मंडोलिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओ.पी.सहारण,पुलिस अधीक्षक कोटपूतली देवेंद्र बिश्नोई, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव, विधायक ललित यादव, पूर्व विधायक रामस्वरूप कसाना, भाजपा नेता मुकेश गोयल, भाजपा नेत्री व ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी अंजू सैनी, श्री श्री 1008 श्री मंगलदास जी महाराज, श्री सीताराम जी महाराज तथा विधायक हंसराज पटेल पत्नी राधा पटेल, एंड बजरंग लाल शर्मा, समारोह में विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं, लगभग 50 शिक्षकगण, अभिभावकगण और गणमान्य नागरिक का भी सम्मान किया गया इस आयोजन ने शिक्षा और सम्मान की संस्कृति को सशक्त करते हुए।

# अजमेर बनेगा खेलों का नया हब, खिलाड़ियों को मिलेगी नई पहचान- विधानसभा अध्यक्ष

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया एथेलेटिक्स खेल अकादमी का लोकार्पण, खिलाड़ियों के सपनों को मिली नई उड़ान

बनास वरदान

**जयपुर,( का.स. )।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने अजमेर के एथेलेटिक्स खिलाड़ियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की बजट घोषणा के अनुरूप बुधवार को अजमेर के पटेल स्टेडियम में एथलेटिक्स अकादमी का लोकार्पण किया। यह अकादमी राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर द्वारा संचालित है।

लोकार्पण अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि एथेलेटिक्स खेल अकादमी के भवन का लोकार्पण युवाओं के सपनों की उड़ान है। यह दिन अजमेर के खेल इतिहास का स्वर्णिम दिवस होगा। यह अकादमी राजस्थान की शान और भारत का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों के लिए एक नई पहचान बनेगी। इस अकादमी में 30 खिलाड़ियों के लिए भोजन, शिक्षा एवं खेल प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने वर्ष 2024 के बजट में अजमेर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए एथलेटिक्स खेल अकादमी की घोषणा की थी।

श्री देवनानी ने कहा कि मैंने कॉलेज शिक्षा के समय से ही यह निश्चय था कि खेलों के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। खिलाड़ियों को पहचान मिले और उन्हें परंपरागत खेलों को भी अपनाना चाहिए। कबड्डी एक ?सा ही खेल है, जिसमें खर्च कम होता है और हमारे जिले में इसके उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे हैं। खेल केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं बल्कि परिश्रम, अनुशासन और प्रतिभा का प्रतीक है। इसमें जात-पात से ऊपर उठकर हर खिलाड़ी की प्रतिभा को सम्मान मिलता है।

उन्होंने कहा कि नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक में स्वर्णिम भाला फेंक कर देश को गौरवान्वित किया और पहलवानों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया। खेलों में कोई हारता नहीं है यह हमें पुन: लड़ने की प्रेरणा देता है। खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों से सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। मेरी आकांक्षा है कि आने वाले समय में अजमेर का खिलाड़ी ओलंपिक और कॉमनवेल्थ जैसे बड़े आयोजनों में भाग लेकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करे। श्री देवनानी ने कहा कि अकादमी के लोकार्पण से अजमेर खेलों का हब बनेगा। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी स्थानीय खेलों से परिचित होंगे। उन्होंने कहा कि बड़े सपने और कठोर परिश्रम ही सफलता की कुंजी हैं। यह अकादमी युवाओं के सपनों को दिशा देगी और वे देश का तिरंगा अंतरराष्ट्रीय मैदानों में लहराएंगे। उन्होंने जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में पदक जीतने पर खिलाड़ी महिमा चौधरी को शुभकामनाएं भी दीं।

# जेडीए ने टाउनशिप पॉलिसी-2024 के तहत विकासकर्ता पंजीकरण हेतु शुरू किया पोर्टल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा राजस्थान सरकार की टाउनशिप पॉलिसी-2024 के प्रावधानों के अनुरूप विकासकर्ताओं के पंजीकरण के लिए एक नया ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया है। इस पहल का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में योजनाओं के विकास को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाना है। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि नगरीय विकास विभाग, राजस्थान द्वारा 17 जुलाई, 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य के सभी शहरों के नगरीय क्षेत्रों में योजनाएं विकसित करने के लिए सभी विकासकर्ताओं का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इसी के तहत, जेडीए क्षेत्राधिकार में कार्य करने वाले विकासकर्ताओं के लिए पोर्टल की शुरुआत की गई है।

इस पोर्टल पर टाउनशिप पॉलिसी-2024 के प्रावधानानुसार खातेदार / एलएलपी / पार्टनरशिप / प्रोप्रायटरशिप फर्म्स / कंपनी आदि द्वारा विकासकर्ता के रूप में अपनी तकनीकी एवं वित्तीय क्षमता के आधार पर विभिन्न श्रेणियों (्, क्व ष्ट, ष्ठ) में पंजीकरण करवाए जाने की सुगम सुविधा जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई गयी हैं। जिससे पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण रूप से सुगम और पारदर्शी हुई है। इससे कोई भी खातेदार या विकासकर्ता इस पोर्टल के माध्यम से अपनी योजना विकसित करने के लिए आसानी से पंजीकरण करवा सकता है।

जेडीए का यह कदम टाउनशिप पॉलिसी-2024 के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगा और शहरी विकास परियोजनाओं को गति देगा। पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण रूप से ऑनलाइन पोर्टल पर ही की जाएगी।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: पाँच वर्ष पूरे होने पर व्याख्यान का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (कालेज शिक्षा) द्वारा नीति से परिवर्तन: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पाँच वर्ष विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ गंगा श्याम गुर्जर प्रदेश सह संगठन मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि जुलाई 2025 को पांच वर्ष पूर्ण हो गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आवश्यकता, चुनौतियां और भविष्य को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 1986 की शिक्षा नीति के बाद के वर्षों में अनेक सामाजिक,आर्थिक और तकनीकी क्षेत्रों परिवर्तन आए। तकनीकी का विस्फोट हुआ। इसको देखते हुए बदलते तकनीकी विषयों को भी इसमें शामिल किया गया है। इस शिक्षा नीति में भारतीयता को केंद्र में रखा गया है। यह आवश्यक भी है। आगे कहा कि भारतीयता सोच रखने वाला युवा पीढ़ी की आवश्यकता है जो युवाओं को आत्मविश्वासी बनाने में सक्षम है। नेशनल हायर एजुकेशन फ्रेमवर्क उल्लेखनीय है। साथ ही वित्तीय स्थिति, आधारभूत सुविधाएं, शोध प्रयोगशाला की स्थापना आदि को लागू करने की चुनौतियां के बारे में बताया, जिनको पार पाने के लिए सरकार कटिबद्ध है। आगे कहा कि शिक्षक, विद्यार्थी और सरकार के स्तर पर अनेक चुनौतियां हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मूल भावना है विद्यार्थियों का चारित्रिक निर्माण करना। साथ ही स्वरोजगार और कौशल विकास पर भी बल दिया गया है। साथ ही कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (कालेज शिक्षा) के कोटपूतली बहरोड़ के जिला सचिव अशोक सिंह ने किया।


pnb

मण्डल वसूली केन्द्र, कोटा : 9ए, इण्डस्ट्रीयल एरिया, कोटा (राज.)
E-Mail : cokotasamd@pnb.co.in, Mobile No. 8420000210

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 (1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियो के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। सर्व-साधारण को और विशेष रूप से ऋणी/जमानतदार को विशेषतः यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का अधिग्रहण भौतिक/सांकेतिक रूप से पंजाब नैशनल बैंक - प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि, ऋणी/जमानतदार से पंजाब नैशनल बैंक प्रतिभूत लेनदार की बकाया ऋण राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि (धरोहर राशि) संबंधित सम्पत्ति के आगे नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।

| लोट नं. | शाखा कार्यालय / खाते का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण (बंधककर्ता का नाम) | (ए) 13(2) नोटिस की दिनांक (बी) बकाया ऋण राशि दिनांक तक (सी) सरफेसी अधिनियम 2002, 13(4) के तहत कब्जा दिनांक (डी) कब्जे का प्रतीक प्रतीकात्मक/भौतिक/रचनात्मक | (ए) आरक्षित मूल्य (रुपये लाखों में) (बी) धरोहर राशि (सी) बोली वृद्धि राशि (डी) निरीक्षण की दिनांक व समय | ई नीलामी की दिनांक व समय | प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात ऋण भार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टोंक / श्री इमरान पुत्र इस्माईल | आवासीय सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं- जो संख्या 369 दिनांक 08.11.2021 वाली आवासीय संपत्ति का पूरा हिस्सा, बड़वाली हवाली के सामने, पुरानी टोंक, क्षेत्रफल 168.53 वर्ग गज में स्थित, श्री इमरान मोहम्मद पुत्र श्री मोहम्मद इस्माइल और श्रीमती शाहिदा पत्नी इमरान मोहम्मद के नाम पर है। सीमाएँ: उत्तर: अलादीन भाई का घर, पूर्व: गली रास्ता और रईसदुन्निसा का घर, दक्षिण: रईसदुन्निसा का घर, पश्चिम: रईसदुन्निसा का घर | (ए) 21.08.2024 (बी) रु. 10,34,727.26 दिनांक 27.08.2025 तक भुगतान तक आगे के ब्याज और व्यय के साथ (सी) 07.11.2024 (डी) प्रतीकात्मक | (ए) रुपये 19,78,000/- (बी) रुपये 1,97,800/- (सी) रुपये 10,000/- (डी) 10.09.2025 दोपहर 12.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक | 16.09.2025 दोपहर 12.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक | ज्ञात नहीं |

शर्ते व निबन्धन :-1. बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निम्नलिखित शर्तो और निबन्धनों के अधीन होगी। 2. सम्पत्ति को जो जहाँ है, जो जैसा है, और जो कुछ भी है के रूप में बेचा जाएगा। 3. इस अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्ति के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की प्राप्त पूर्ण जानकारी के अनुसार ही प्रतिभूत आस्तियों को ऊपर दिखाई गई तालिका के अनुसार बेचा जाएगा, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 4. उपरोक्त बिक्री https://baanknet.in की वेबसाईट पर दिनांक 16.09.2025 को दोपहर 12.00 बजे उपरोक्त तालिका में दर्शाए गऐ समय पर ई नीलामी के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की जाएगी। 5. विक्रय की विस्तृत जानकारी हेतु व निबन्धन और शर्तो के लिए कृपया https://baanknet.in पर देखे।

दिनांक : 27.08.2025, स्थान : कोटा — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक, रिकवरी विभाग

सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के अधीन ऋणीयों/गारंटर्स को विक्रय की 15 दिवसीय वैधानिक सूचना


# सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी का माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला स्तरीय स्वतंत्रता समारोह दिवस के कार्यक्रम में माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा संयोजक मोहन लाल सैनी को उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, संस्कृति और पुरातत्व, महिला एवं बाल विकास, बाल अधिकारिता विभाग मंत्री दीया कुमारी एवं जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी द्वारा समाज सेवा एवं प्रकृति, पर्यावरण संबन्धित जनकल्याण कार्य के क्षेत्र में किये उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में कोटपूतली सैनी सभा भवन में मंगलवार को सैनी समाज के वरिष्ठ जनों ने सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी को माला व साफा पहनाकर एवं पत्रिक चिंह भेंट देकर कर अभिनन्दन किया। मोहन लाल सैनी के कार्यों की सराहना करते हुए सैनी समाज के वरिष्ठ जनों ने कहा कि उनके द्वारा किए जा रहे समाज सेवा और प्रकृति, पर्यावरण संबन्धित जनकल्याण कार्य वास्तव में प्रशंसनीय हैं। उनके इस सम्मान से समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी।इस दौरान सैनी समाज संस्था अध्यक्ष रामसिंह सैनी, प्रकाश तोंदवाल, धर्मेंद्र सैनी, योगेश सैनी,पत्रकार बिल्लूराम सैनी, पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार सैनी, गुड्डु सैनी, वरिष्ठ समाज सेवी हनुमान सैनी, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र कुमार सैनी,विरदी चंद्र सैनी,खेमचंद सैनी,सुभाष जमालपुरीया,रामसिंह सैनी, उदय तोंदवाल, सुगन चंद सैनी, ज्ञानचंद सैनी, प्रहलाद सैनी समेत समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। सभी ने मोहन लाल सैनी को बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की।

# ढूंढ नदी के बहाव क्षेत्र में 15 बीघा भूमि से हटाए अतिक्रमण



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में ग्राम कानोता में करीब 15 बीघा ढूंढ़ नदी के बहाव क्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर श्री राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कानोता में करीब 15 बीघा ढूंढ़ नदी के बहाव क्षेत्र की भूमि के खसरा नं. 351/2 व 354/1 पर अतिक्रमण कर 60-70 स्थानों पर बनाई गई नव निर्मित चारदिवारी, टीनषेडनुमा कोठरियां व अन्य अवैध निर्माण/अतिक्रमणों को आज जोन-13 के राजस्व, तकनीकी स्टॉफ व पटवारी की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर ढूंढ़ नदी के बहाव क्षेत्र भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।


**OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER P.H.E.D DIVISION TONK**

No. 3105-3111 Date : 14.08.2025

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH E-procurement system**
**NIT No. 67-70/2025-26**

Online bids are invited on behalf of the Governor of Rajasthan from eligible enlisted "D and above" class contractors of PHED, Rajasthan and meeting eligibility criteria. Contractors enlisted with other departments of Government of Rajasthan and enlisted with CPWD / Postal / Telecom / Railways / MES / other State Government / Central Government undertakings / organization in class equivalent to "A and above" class of Rajasthan and meeting prescribed eligibility criteria may also apply. Details of this Bid notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIB exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan. gov.in. Bids are to be submitted online electronic format on web site http://eproc.rajasthan.gov.in.

| Work detail of NIT | Nit No- 67-70/ 2025-26 |
|---|---|
| NIB No | PHE2526A2804 |
| UBN NO | PHE2526WSOB05539, PHE2526WSOB05540, PHE2526WSOB05541, PHE2526WSOB05542 |
| Available/ Submission of tender document at website | 14.08.2025 Up to 18:00 Hrs & 03.09.2025 Up to 18:00 Hrs |
| Opening of PQ tender | Date 04.09.2025up to 16:00 Hrs. |

निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखे व डाउनलोड किये जा सकते है। धरोहर राशि एवं टेण्डर राशि ई-चालान के माध्यम से जमा किये जावे।

(Kaluram Meena)
Executive Engineer
PHED Division Tonk

DIPR/C/12209/2025


# गोपालपुरा रोड पर करंट से नंदी महाराज की मौत, बिजली विभाग की लापरवाही

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के गोपालपुरा रोड पर बुधवार को करंट लगने से नंदी महाराज की मौत हो गई। यह हादसा बिजली विभाग की कथित लापरवाही के कारण हुआ, क्योंकि सड़क किनारे बिजली के तार ढीले होकर खतरनाक तरीके से लटक रहे थे।स्थानीय निवासियों ने बताया कि वे लंबे समय से इन ढीले तारों की शिकायत बिजली विभाग से करते आ रहे थे, लेकिन विभाग की ओर से कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इन तारों को दुरुस्त कर दिया जाता, तो इस तरह की दुखद घटना नहीं होती। नंदी महाराज की मौत के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे।इस घटना ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल विभागीय अधिकारियों ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

### गृह राज्यमंत्री भीलवाड़ा जिले के एक दिवसीय दौरे पर

# आसींद क्षेत्र के मालासेरी पहुंच भगवान देवनारायण के किए दर्शन- शुक्रवार को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का भी लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का शुक्रवार को भीलवाड़ा जिले के आसींद तहसील स्थित भगवान श्रीदेवनारायण जन्म स्थली मालासेरी डूंगरी व सवाई भोज तीर्थ का दौरा प्रस्तावित हैं। बुधवार को गृह राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम मालासेरी पहुंचे जहां उन्होंने भगवान देवनारायण के दर्शन किए साथ ही मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गृह राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम ने मालासेरी व सवाई भोज तीर्थ स्थल पर हेलीपैड तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड, मेडतासिटी**

क्रमांक : अअमे/निविदा/2025-26/2637-39 दिनांक : 19.08.2025

**निविदा सूचना सं. 13-18/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अधीन कार्यों हेतु उपर्युक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूरसंचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'एए, ए, बी, सी, डी' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 19.08.2025 से डाउनलोड किए जा सकेंगे। निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि दिनांक 03.09.2025 को दोपहर 18.00 तक खण्डीय कार्यालय अथवा अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय में जमा करवाई जा सकेगी। निविदाएं 04.09.2025 को 12.00 बजे प्राप्त कर उसी दिवस को 13:00 बजे खण्डीय कार्यालय में खोली जाएगी।

निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट http://dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp तथा http://sppp.raj.gov.in पर देखी जा सकती है।

एसपीपी एनआईबी नम्बर : PHE2526A2802

| निविदा सूचना संख्या | एसपीपी यूबीआई नम्बर |
|---|---|
| 13 / 2025-26 | PHE2526WSRC05533 |
| 14 / 2025-26 | PHE2526WSRC05534 |
| 15 / 2025-26 | PHE2526WSRC05535 |
| 16 / 2025-26 | PHE2526WSRC05536 |
| 17 / 2025-26 | PHE2526WSRC05537 |
| 18 / 2025-26 | PHE2526WSRC05538 |

( त्रिप्तराम मीना )
अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड, मेडतासिटी
मोबाइल नं. 8279108040

DIPR/C/12177/2025

## सम्पादकीय

# युवाओं के हित में ऑनलाइन गेम्स की जरूरी निगरानी

पिछले 11 वर्षों में भारत की डिजिटल क्रांति ने देश को बदल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया अभियान देश के करोड़ों लोगों को सशक्त बना रहा है। इसमें यूपीआई भुगतान प्रणाली, 5जी कनेक्टिविटी और सेमीकंडक्टर सिस्टम जैसे एप की अहम भूमिका है। मगर डिजिटल क्षेत्र में प्रगति के साथ नई-नई तरह की समस्याएं भी आई हैं। बेतरतीब ढंग से बढ़ते ऑनलाइन गेमिंग से लोगों को जुए की लत लगने लगी, पैसे गए, यहां तक कि मौतें भी हुई हैं। इनसे निपटने के लिए केंद्र सरकार 'ऑनलाइन गेमिंग बिल- 2025' लेकर आई, जो अब कानून बन चुका है। कर चोरों की पनाहगाह बने देशों (टैक्स हेवन) में जालसाजी करके बनाए गए ऑनलाइन मनी गेमिंग एप ने भारत के कुछ कमजोर तबकों, कम जागरूक लोगों, खासकर युवाओं से झूठे वादे किए और तुरंत अमीर बनाने का लालच देकर उन्हें अपनी जाल में फंसा लिया। ऑनलाइन जुए की लत के कारण बांदीपोरा में एक व्यक्ति ने डेढ़ करोड़ रुपये गंवाए, जिससे उसका पूरा परिवार बिखर गया। मैसूर में एक पिता और उसके दो बेटों ने गेमिंग में हार के बाद आत्महत्या कर ली। कर्नाटक में 31 महीनों में 32 गेमर्स ने आत्महत्या कर ली। यह इंतिहा थी, जिसको सार्वजनिक मानसिक आपातकाल की तरह लिया गया। ये वेबसाइट्स सिर्फ लोगों को ही नुकसान नहीं पहुंचातीं, बल्कि वित्तीय धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी फंडिंग को भी बढ़ावा देती हैं, जिससे देश की सुरक्षा खतरे में पड़ती है। 'ऑनलाइन गेमिंग कानून- 2025' में इन खतरों से निपटने के पुख्ता प्रावधान किए गए हैं। यह सट्टेबाजी, जुआ, फंतासी स्पोर्ट्स और लॉटरी जैसे ऑनलाइन मनी गेम्स पर पूरी तरह रोक लगाता है। इतना ही नहीं, इसके लिए सख्त सजा के प्रावधान किए गए हैं। इन खेलों में लिप्त पाए जाने वाले ऑपरेटरों, उनके विज्ञापनदाताओं और उनकी वित्तीय मदद करने वालों को तीन से लेकर पांच साल तक की जेल की सजा होगी और एक से दो करोड़ रुपये तक जुर्माना वसूला जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 के तहत काम करने वाली ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी को गेमिंग साइट्स पर रोक लगाने का अधिकार होगा। अगर कोई ऑनलाइन जुआ खेलता है, तो उससे संबंधित वित्तीय लेन-देन पर बैंक प्रतिबंध लगा देंगे। इस कानून में ट्रेनिंग अकादमी, रिसर्च सेंटर और तकनीकी प्लेटफॉर्म बनाने के प्रावधान हैं। ई-स्पोर्ट्स इवेंट्स के लिए दिशा-निर्देश बनाने का काम खेल मंत्रालय को दिया गया है। मंत्रालय ऑनलाइन सामाजिक खेलों को मान्यता देगा, सुरक्षित और उम्र के हिसाब से सही सामाजिक व शैक्षिक खेलों के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा, जागरूकता फैलाएगा और सांस्कृतिक-शैक्षिक खेल सामग्री मुहैया कराएगा। यह कानून देश के 65 प्रतिशत युवाओं के हित में है। उम्र सत्यापन, खर्च की सीमा और शिकायत निवारण प्रणाली की मदद से यह जुए के लती बन चुके लोगों के परिवारों को मानसिक और आर्थिक बोझ से उबारने में मदद करेगा। डाटा के स्थानीय होने और फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट के साथ तालमेल कर निगरानी करने से गैर-कानूनी जुआ गतिविधि रुकेगी और यह कानून भारतीय न्याय संहिता जैसे कानूनी संहिताओं के साथ तालमेल कर काम करेगा। सबसे अहम है कि यह कानून गेमिंग के खिलाफ नहीं है। यह ई-स्पोर्ट्स को एक वैध खेल के रूप में बढ़ावा देता है और सामाजिक व शैक्षिक खेलों को भी प्रोत्साहित करता हैं।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 28 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- तुर्की के सुल्तान सुलेमान प्रथम के सैनिकों ने 1521 में बेलग्रेड पर कब्जा किया।
- मुगलों ने 1600 को अहमदनगर पर कब्जा किया।
- फ्रांस में 28 जुलाई 1794 को मैक्सीमिलियन रोबेस्पियर और उसके साथियों को मृत्युदंड दिए जाने के बाद भय और आतंक का काल समाप्त हुआ। उसके अवधि में में 1 लाख 20 हजार लोग बिना मुकदमा चलाए मार दिए गए।
- स्पेन से पेरु को स्वतंत्रता मिली और 28 अगस्त 1821 को आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया। यह देश दक्षिणी अमरीका के उत्तर पश्चिम में स्थित है और एक्वेडोर कोलम्बिया, चिली, ब्राजील और बोलीविया इसके पड़ोसी देश हैं।
- प्रसिद्ध पत्रिका साइंटेफिक अमरीकन का पहला संस्करण 1845 में छपा।
- कलकत्ता से बैरकपुर तक प्रथम कार रैली का आयोजन 1904 में हुआ।
- जापान साइबेरिया से अपने सैनिकों को 1922 में वापस बुलाने पर सहमत हुआ।
- जॉर्जिया में 1924 को सोवियत संघ के खिलाफ हुआ विद्रोह असफल रहा। इसमें हजारों लोगों की मौत हुई।
- इंग्लैण्ड ने 1956 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर एशेज पर कब्जा जमाया।
- साधारण बीमा कारोबार राष्ट्री यकरण बिल 1972 में पारित किया गया।
- सोवियत संघ ने 1984 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- भाग्यश्री साठे शतरंज में 1986 को ग्रैंडमास्टकर बनने वाली प्रथम महिला बनी।
- ईराक ने 1990 में कुवैत को अपना 19वाँ प्रान्त घोषित किया।
- श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन ने 1992 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने टेस्ट कॅरिअर की शुरूआत की।
- इंग्लैंड के प्रिंस चार्ल्स और उनकी पत्नी डायना ने 1996 में औपचारिक तौर पर तलाक लिया।
- मेजर समीर कोतवाल आसाम में 1999 को उग्रवादियों के एक गुट के साथ लडाई में शहीद हो गये।
- ताइवान के राष्ट्रपति चुने शुई बियान द्वारा चीन के साथ एकीकरण के विकल्प को स्वीकार करने का संकेत, संयुक्त राष्ट्र में सहस्त्राब्दि विश्व धार्मिक शिखर सम्मेलन 2000 में शुरू हुआ।
- भारत-पाक सीमा पर 2001 में गोलीबारी, पाकिस्तान के 8 सैनिक मरे।
- आइरिश रिपब्लिकन आर्मी यानी आईआरए ने 28 अगस्त 2005 में आधिकारिक तौर पर अपने सशस्त्र अभियान को रोकने की घोषणा की।
- बाराक ओबामा पहले अफ्रीकी अमेरीकी बने जिनका नाम अमरीका की एक बड़ी पार्टी ने 2008 में राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के रूप में पेश किया।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने 1999 और 2000 के सभी नोटो को प्रचलन से हटाने का निर्णय 2008 में किया।

## विशेष आलेख

# अर्धनग्न मुजरे के दौर में गुम होती साहित्यिक स्त्रियाँ



डॉ. प्रियंका सौरभ

**इंस्टाग्राम और डिजिटल मीडिया का दौर है। यहाँ आकर्षण और तमाशा सबसे ज्यादा बिकते हैं। लेकिन समाज की आत्मा को बचाए रखने के लिए जरूरी है कि स्त्रियाँ फिर से साहित्य की ओर लौटें। इंस्टाग्राम का शोर कुछ समय बाद थम जाएगा, पर साहित्य के शब्द अमर रहेंगे। साहित्य पढ़ने वाली स्त्रियाँ कभी गुम नहीं होतीं, वे हर उस किताब के पन्नों में जीवित रहती हैं जिसे कोई दिल से खोलता है।**

आज के समय में जब हर हाथ में स्मार्टफोन और हर मन में लाइक्स व फॉलोअर्स की भूख पल रही है, तब साहित्य और किताबें पढ़ने वाली स्त्रियों का अस्तित्व कहीं पीछे छूटता जा रहा है। यह दौर इंस्टाग्राम रील्स, टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म्स और डिजिटल मनोरंजन का है। यहाँ अर्धनग्न होकर मुजरा करने वाली छवियाँ सेकंडों में लाखों लोगों तक पहुँच जाती हैं, पर वहीं गंभीर साहित्य, कविता या आलोचना पढ़ने वाली स्त्रियों की आवाज़ मानो कहीं दबकर रह जाती है। यह केवल एक सामाजिक विडंबना नहीं बल्कि सांस्कृतिक संकट भी है।

सदियों से स्त्रियाँ साहित्य के माध्यम से समाज की आत्मा को संवेदनाओं और करुणा से सींचती रही हैं। महादेवी वर्मा, अमृता प्रीतम, कृष्णा सोबती, मैत्रेयी पुष्पा जैसी लेखिकाएँ न केवल साहित्य रचती थीं बल्कि स्त्री की अस्मिता और समाज की चेतना का प्रतीक भी थीं। लेकिन आज का समय उन्हें पढ़ने से अधिक उन्हें कोट्स बनाकर इंस्टाग्राम स्टोरी पर सजाने में व्यस्त है।

आज की पीढ़ी का बड़ा हिस्सा विज़ुअल कंटेंट में उलझा है। वीडियो और तस्वीरों की त्वरित खपत ने किताबों की धीमी, गहरी और आत्ममंथन कराने वाली दुनिया को पीछे धकेल दिया है। स्त्रियाँ, जो कभी किताबों में आत्मा का सहारा खोजती थीं, अब सोशल मीडिया पर ग्लैमराइज्ड आइडेंटिटी गढ़ने में मजबूर हो रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि सोशल मीडिया स्त्रियों को मंच देता है, पर यह मंच अक्सर उनके शरीर को अधिक महत्व देता है, विचारों को नहीं। यही कारण है कि इंस्टाग्राम पर एक नृत्य या अर्धनग्न अभिनय लाखों लाइक्स पा लेता है, लेकिन किसी स्त्री द्वारा किया गया साहित्यिक विश्लेषण सैकड़ों पर भी नहीं पहुँचता।

साहित्य पढ़ने और रचने वाली स्त्रियाँ समाज में गहरी छाप छोड़ती थीं। वे अपने लिखे से व्यवस्था को चुनौती देती थीं, रिश्तों की नई परिभाषा गढ़ती थीं और स्त्री-पुरुष समानता की नई जमीन तैयार करती थीं। लेकिन आज, प्राथमिकताएँ बदल गई हैं। आधुनिक स्त्री अक्सर अपने को साबित करने के लिए सोशल मीडिया की दौड़ में शामिल हो जाती है। यहाँ सुंदरता और आकर्षण अधिक बिकते हैं, विचार और भावनाएँ कम। यह विडंबना है कि जिस साहित्य ने स्त्रियों को आवाज़ दी, वही साहित्य अब उनकी आवाज़ की प्रतीक्षा कर रहा है।

महादेवी वर्मा की कविताएँ स्त्री की करुणा, पीड़ा और सौंदर्य का ऐसा प्रतिरूप थीं, जिन्हें पढ़कर आत्मा झंकृत हो जाती थी। वे लिखती थीं—मैं नीर भरी दुख की बदली... उनकी कविताओं में स्त्री की आत्मा बोलती थी, पर आज वही आत्मा इंस्टाग्राम फिल्टर और बैकग्राउंड म्यूज़िक के शोर में दबती जा रही है। जहाँ पहले स्त्रियाँ समाज से कहती थीं कि मेरी आवाज़ सुनो, आज वे मजबूर हैं यह कहने पर कि मेरे डांस को लाइक करो। यही सबसे बड़ा सांस्कृतिक पतन है।

हालाँकि यह कहना पूरी तरह उचित नहीं होगा कि साहित्य पढ़ने वाली स्त्रियाँ गायब हो गईं। वे अब भी मौजूद हैं, पर उनका दायरा सीमित हो गया है। पुस्तकालयों, विश्वविद्यालयों और छोटे-छोटे साहित्यिक मंचों पर अब भी स्त्रियाँ साहित्य पढ़ रही हैं, लिख रही हैं और चर्चा कर रही हैं। फर्क बस इतना है कि उनका स्वर उतना बुलंद नहीं है जितना सोशल मीडिया के ग्लैमरस कंटेंट का है। असल में समस्या प्लेटफॉर्म की भी है। इंस्टाग्राम का एल्गोरिद्म ही ऐसा है जो मनोरंजन और तड़क-भड़क को प्राथमिकता देता है। गंभीर साहित्य या लंबी पढ़ाई वहाँ ट्रेंडिंग नहीं बन पाती।

साहित्य पढ़ने का अर्थ है—अपने भीतर झाँकना, दूसरों की पीड़ा को समझना, और आत्मा को गहराई से महसूस करना। जब समाज साहित्य से दूर होता है, तो वह अपनी संवेदनशीलता भी खो देता है। स्त्रियों की करुणा और कोमलता ही समाज को संतुलित रखती हैं। लेकिन जब यही स्त्रियाँ केवल बॉडी शो तक सीमित हो जाएँ और आत्मा की गहराई को दरकिनार कर दें, तो समाज के संवेदनशील होने की उम्मीद भी घट जाती है।

इस स्थिति से निकलने के लिए जरूरी है कि परिवार और शिक्षा व्यवस्था किताबों के प्रति प्रेम जगाए। घर और स्कूलों में बच्चों, खासकर बेटियों को किताबें पढ़ने की आदत डालनी होगी। साहित्यकारों और प्रकाशकों को चाहिए कि वे सोशल मीडिया पर साहित्य को आकर्षक रूप में प्रस्तुत करें। सरकार और समाज को साहित्य पढ़ने और लिखने वाली स्त्रियों को ज्यादा मंच देना चाहिए, ताकि उनकी आवाज़ दबे नहीं। स्त्रियों को आपस में साहित्यिक समूह और बुक क्लब बनाने चाहिए, जो एक-दूसरे को प्रेरित करें। इतिहास गवाह है कि जब भी समाज अंधकार में डूबा, साहित्य ने ही राह दिखाई। और उस साहित्य में स्त्रियों की भूमिका हमेशा निर्णायक रही। चाहे वह मीरा हों, चाहे महादेवी, या फिर समकालीन स्त्रियाँ—उन्होंने अपने शब्दों से समाज की दिशा तय की। आज भी यदि स्त्रियाँ किताबों को गले लगाएँगी, तो आने वाली पीढ़ी को सिर्फ फॉलोअर्स और लाइक्स नहीं, बल्कि जीवन की गहरी समझ भी मिलेगी। आज का निष्कर्ष यही है कि इंस्टाग्राम और डिजिटल मीडिया का दौर है। यहाँ आकर्षण और तमाशा सबसे ज्यादा बिकते हैं। लेकिन समाज की आत्मा को बचाए रखने के लिए जरूरी है कि स्त्रियाँ फिर से साहित्य की ओर लौटें।

# ट्रंप की चेतावनी बनाम भारत का कूटनीतिक धैर्य...



प्रो. आरके जैन

**वैश्विक मंच पर एक नया तूफान मच गया है, और इसके केंद्र में हैं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जिनकी आक्रामक व्यापार नीतियों ने विश्व व्यवस्था को झकझोर दिया है। 26 अगस्त को सोशल मीडिया पर दी गई एक सख्त चेतावनी में, ट्रंप ने उन देशों को कड़े परिणाम भुगतने की धमकी दी, जो अमेरिकी टेक कंपनियों पर डिजिटल सर्विस टैक्स (डीएसटी) या अन्य प्रतिबंधात्मक नियम लागू करते हैं। उनकी चेतावनी स्पष्ट थी, ऐसे भेदभावपूर्ण कदमों को न हटाने वाले देशों के निर्यात पर भारी टैरिफ और अमेरिकी प्रौद्योगिकियों, खासकर अत्याधुनिक चिप्स, के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा।**

इस धमकी का निशाना विशेष रूप से भारत और ब्राजील जैसे उभरते आर्थिक शक्तियों पर है, जिन पर 27 अगस्त 2025 से 50त्न का भारी-भरकम टैरिफ लागू होने वाला है। इस वैश्विक आर्थिक तनाव के बीच, भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है, जो कूटनीतिक कुशलता, रणनीतिक दूरदर्शिता और वैश्विक सहयोग की भावना को रेखांकित करता है।

ट्रंप की यह चेतावनी उनकी अमेरिका फर्स्ट नीति का एक और सशक्त अध्याय है, जो वैश्विक व्यापार को दबाव और एकतरफा निर्णयों के बल पर नियंत्रित करने की उनकी रणनीति को उजागर करती है। 90 से अधिक देशों पर 10त्न से 50त्न तक के टैरिफ पहले ही थोपे जा चुके हैं, जिसमें भारत और ब्राजील को सर्वाधिक 50त्न टैरिफ का सामना करना पड़ रहा है। ट्रंप का दावा है कि डिजिटल टैक्स अमेरिकी टेक दिग्गजों जैसे गूगल, अमेजन, फेसबुक और एपल के खिलाफ भेदभावपूर्ण हैं। यह चेतावनी केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक रणनीति की गहरी परतों से युक्त है। ट्रंप की नीतियां विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों की भावना को चुनौती देती हैं, जो पारदर्शिता और आपसी सहमति पर आधारित व्यापार को बढ़ावा देते हैं। ऐसे में, ट्रंप का यह रुख वैश्विक सहयोग को कमजोर करने वाला और अन्यायपूर्ण प्रतीत होता है, विशेष रूप से तब, जब भारत जैसे देश उनकी मांगों को पहले ही स्वीकार कर चुके हैं।

इसके विपरीत, भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस चुनौती का जवाब एक ऐसी रणनीति से दिया है, जो न केवल कूटनीतिक बल्कि प्रेरणादायक भी है। भारत ने 2025-26 के बजट में डिजिटल सर्विस टैक्स, जिसे इक्वलाइजेशन लेवी के नाम से जाना जाता है, को समाप्त करने की घोषणा की थी, जो 1 अप्रैल 2025 से प्रभावी हो चुकी है। यह कदम अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और अनावश्यक तनाव से बचने की दिशा में एक समझदारी भरा प्रयास था। यह फैसला भारत की वैश्विक मंच पर सहयोगी और जिम्मेदार छवि को रेखांकित करता है, जो न केवल अपने हितों की रक्षा करता है, बल्कि वैश्विक व्यापार में संतुलन बनाए रखने की कोशिश भी करता है। फिर भी, ट्रंप का भारत पर 50त्न टैरिफ लगाने का निर्णय कई सवाल खड़े करता है।

क्या यह टैरिफ वास्तव में डिजिटल टैक्स से संबंधित है, या इसके पीछे अन्य भू-राजनीतिक कारण हैं, जैसे भारत का रूस से तेल आयात, ब्रिक्स देशों के साथ बढ़ती साझेदारी, या भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ते कदम? मोदी सरकार की ताकत उसकी रणनीतिक दूरदर्शिता और लचीलेपन में निहित है। डिजिटल टैक्स को हटाने का फैसला इस बात का जीवंत प्रमाण है कि भारत वैश्विक व्यापार नियमों का सम्मान करता है और तनाव कम करने के लिए रचनात्मक कदम उठाने को तत्पर है। बावजूद इसके, ट्रंप का भारत पर टैरिफ लगाने का निर्णय उनकी नीतियों की मनमानी और दबाव की रणनीति को उजागर करता है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



सत्यनारायण जीनगर

गंगापुर (भीलवाड़ा) की धरा पर 13 अगस्त 1965 को जन्मे सत्यनारायण जीनगर आज अपने विभाग और समाज दोनों ही क्षेत्रों में सेवा, सादगी और मुस्कान के प्रतीक माने जाते हैं। उनका जीवन गहरी प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का परिचायक रहा है। प्रारंभिक शिक्षा के बाद सत्यनारायण जीनगर ने सिविल इंजीनियरिंग में करियर बनाने का निर्णय लिया। उदयपुर स्थित विद्या भवन रूरल इंस्टीट्यूट (VBRI) से तीन वर्षीय डिप्लोमा सिविल इंजीनियरिंग पूरा कर उन्होंने वर्ष 1987 में सरकारी सेवा की राह पकड़ी। 9 अक्टूबर 1987 को बीकानेर में सिंचित क्षेत्र विकास (इगानप) विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर नियुक्ति के साथ ही उनकी सेवायात्रा आरंभ हुई। प्रारंभिक वर्षों में जैसलमेर और बीकानेर में विभिन्न स्थानों पर कार्य करते हुए उन्होंने 13 वर्षों तक तकनीकी दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। इसके बाद लगभग 2 वर्ष हनुमानगढ़ में सेवाएँ देने के बाद वे चित्तौड़गढ़ स्थानांतरित हुए। यहाँ करीब 12 वर्षों तक जूनियर इंजीनियर के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने विभागीय कार्यों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं। 1 मार्च 2014 को उन्हें सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति मिली और तब से चित्तौड़गढ़ ही उनकी कर्मभूमि रही। सत्यनारायण जीनगर की कार्यशैली उनकी सबसे बड़ी पहचान रही। समस्याओं को गहराई से समझकर स्थायी समाधान निकालना, बाढ़ नियंत्रण सेल का सफल संचालन करना और कर्मचारियों के साथ सहभागी दृष्टिकोण अपनाना उनकी विशेषताएँ रही हैं। उन्होंने विभाग में सदैव टीम भावना के साथ कार्य किया और सहकर्मियों के बीच प्रेरणादायक नेतृत्व प्रस्तुत किया।

सहज और हँसमुख स्वभाव के धनी सत्य नारायण जीनगर हर किसी को अपनेपन से जोड़ लेते हैं। उनकी मंद-मंद मुस्कान, मिलनसारिता और सौम्य व्यवहार उन्हें इंजीनियर साहब के रूप में पहचान दिलाते हैं।

38 वर्षों की लंबी सेवायात्रा में उन्होंने सादगी, मर्यादा और समर्पण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। विभागीय ही नहीं, सामाजिक जीवन में भी उन्होंने संतुलित और उत्कृष्ट भूमिका निभाई।

## Today
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 3 | | | | 5 |
| 7 | | 2 | 5 | | | | | |
| | | 3 | | 2 | 9 | 7 | 1 | |
| | | 7 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | 5 | | | | 4 |
| | | | 6 | | | 2 | | |
| | 7 | 6 | 9 | 4 | | 1 | | |
| | | | | | 5 | 4 | | 8 |
| 4 | | | | 8 | | | 6 | |

### Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 8 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 2 | 4 | 6 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 4 | 9 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 8 | 2 |
| 8 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
दूर स्थित व्यक्ति या संस्था के साथ संबंधों में दृढ़ता आएगी, जो आगे चलकर लाभदायी रहेगी। निर्धारित काम में अपेक्षाकृत कम सफलता प्राप्त होगी। आज का दिन मध्यम रहेगा। आज का दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा।

**वृष**
ज्यादा सोचने के कारण मानसिक थकान का अनुभव हो सकता है। इसका स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। परिजनों के साथ धन संबंधी कोई विवाद हो सकता है। आज यात्रा टालना ही बेहतर रहेगा। आज भाइयों से लाभ होगा।

**मिथुन**
अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। आज का दिन शुभफल देने वाला है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। पिता और बड़ों से लाभ होने की संभावना है। संतान

**कर्क**
मानहानि न हो इसका ध्यान रखें। आध्यात्मिकता और ईश्वरभक्ति से मानसिक शांति मिलेगी। आज का दिन आपके लिए लाभकारी और शुभफलदायी है। व्यावसायिक क्षेत्र में भी विशेष लाभ होगा। अनावश्यक खर्च हो सकता है।

**सिंह**
भाग्य में वृद्धि होने के योग हैं। सामाजिक और आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त होगा। विभिन्न योजनाओं से संबंधित विचारों की अधिकता से आप दुविधा में रहेंगे। हालांकि परिजनों के साथ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**कन्या**
व्यावसायिक क्षेत्र में भी कुछ काम कर सकेंगे। आज आपके संपर्क में वृद्धि होगी। आपके क्षेत्र के बाहर के लोगों के साथ भी संचार अधिक रहेगा। बौद्धिक कामों के प्रति रुचि बढ़ेगी। छोटे प्रवास की भी संभावना है। विवाहोत्सुकों के लिए विवाह के योग हैं।

**तुला**
दोस्तों से मुलाकात और स्वजनों से खुशी मिलेगी। किसी सुंदर स्थल पर प्रवास की संभावना है। आज आपको हर काम में सफलता प्राप्त होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। संबंधों में भावनाओं की प्रधानता रहने से संबंध सुखदायी रहेंगे।

**वृश्चिक**
आप परिश्रम ज्यादा करेंगे, हालांकि आज आप परिणाम की चिंता में नहीं रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आप ज्यादा इमोशनल ना हों और ना ही कोई नया रिश्ता बनाने की ओर अग्रसर हों। किसी बीमारी के कारण मन में चिंता रहेगी।

**धनु**
आज सेवा कार्य के लिए भी शुभ दिन है। आज आपको वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। आपकी वाणी किसी को मोहित करेगी और वह आप के लिए लाभदायी रहेगा। आज कुछ नए संबंध बनेंगे, जो आगे आपके काम आएंगे।

**मकर**
व्यावसायिक कामों को लेकर कहीं जाना पड़ सकता है। आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी है। बौद्धिक काम और व्यावसायिक क्षेत्र में आप नए विचारों से प्रभावित होंगे। आप अपनी सृजनशक्ति का भी परिचय देंगे।

**कुंभ**
क्रोध पर संयम रखें। संभव हो, तो वाद-विवाद से दूर रहें। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद होने की संभावना है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। विशेषकर आंखों का ध्यान रखें। कोर्ट-कचहरी के काम में सावधानी बरतें। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मीन**
शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। दोस्तों और स्नेहीजनों के साथ आनंददायी भेंट होगी। प्रवास भी आनंदप्रद रहेगा। परिजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, इससे आपका मन खुश रहेगा।

# गणेश चतुर्थी का पर्व उत्साह के साथ मनाया



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र में प्रथम पूज्य रिद्धी सिद्धी के दाता भगवान श्री गणेश जी का जन्मोत्सव गणेश चतुथी का पर्व पूरे उल्लास व उमुंग के साथ मनाया गया।

बुधवार को गणेश चतुर्थी का पर्व होने के चलते जहां एक ओर घरो, दुकानो व संस्थानो में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की जी विशेष पूजा अर्चना कर आरती कर घर में बनी महाप्रसादी चूरमा बाटी का भोग लगाया। दूसरी ओर गणेश मन्दिरो में भी पूरे उत्साह के साथ पर्व मनाया गया। मालपुरा के शहर के माणक चोक बाजार स्थित प्राचीन गणेश मन्दिर में सुबह 11.15 बजे भगवान गणेश जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी मौजुद रही। इनके अलावा कार्यक्रम में भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक नरेन्द्र जैन नीटू, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ,महामंत्री सुनील सैनी भी अतिथि के रूप में मौजुद रहे। कार्यक्रम के सभी अतिथियो का आयोजन समिति के अध्यक्ष रामबाबू खण्डेलवाल, सुनील जैन सहित अन्य सदस्यो ने स्वागत किया। सभी अतिथियो ने विद्धान पण्डितो के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की। आयोजन समिति के सुनील जैन ने बताया कि गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर मन्दिर में फूल बंगला व छप्पन भोग की आकर्षक झांकी सजाई गई। सायंकाल के समय महाआरती की गई। साथ ही इस मौके पर कई सजीव व स्वचलित झांकिया सजाई गई।

### 81 स्थानो पर हुई गणेश प्रतिमाएं स्थापित :

हिन्दु समरसता मंच के तत्वावधान में गठित श्री गणेश महोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज की अराधना करने के लिए 81 स्थानो पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई। सभी स्थापित प्रतिमाओं के गणेश पाण्डालो में आगामी 9 दिनो तक विशेष पूजा अर्चनाऐं होगी। संयोजक डा. अर्जुन दास ने बताया कि दस दिन की अवधि के दौरान स्थापित प्रतिमाओं के पाण्डालो में संध्या आरती सहित अन्य कई धार्मिक आयोजन होगें। अन्तिम दिन विशाल एवं भव्य जुलुस के साथ प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा।

# विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं: सरोज बंसल

### जिला प्रमुख ने सामुदायिक भवन व वाचनालय का लोकार्पण किया



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** ग्राम पंचायत सांखना में जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल ने मुख्य अथिति के रूप में जिला परिषद मद से निर्मित सामुदायिक भवन व वाचनालय का लोकर्पण किया। मुख्य अतिथि सरोज बंसल ने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है । केंद्र व राज्य सरकार ग्राम के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते है सभी योजनाओं का लाभ लेने का आव्हान किया। कार्यक्रम में सरपंच संगीता शर्मा, भाजपा जिला मंत्री तरुण टिक्कीवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश बंसल,भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदन लाल जाट, कालू गुर्जर,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नरेश शर्मा,जीएसएस अध्यक्ष महेंद्र सिंह, घनश्याम शर्मा, पिंटू सोलकी,ग्राम विकास अधिकारी सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

# सआदत अस्पताल टोंक में आज नहीं वसूला जाएगा वाहन पार्किंग का शुल्क

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** राजकीय सआदत अस्पताल एवं राजकीय मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र जानना अस्पताल टोंक में वाहन पार्किंग का टेंडर नहीं होने से अब ठेकेदार 28अगस्त से वाहन पार्किंग का कोई शुल्क वसूल नहीं कर सकेगा।

राजकीय सआदत अस्पताल टोंक के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.हनुमान प्रसाद बैरवा ने बताया कि राजकीय सआदत अस्पताल एवं राजकीय मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र जानना अस्पताल टोंक की वाहन पार्किंग का ठेका अवधि बुधवार को पूरी हो गई।

नया ठेका नहीं होने के कारण अब 28अगस्त से दिनों ही सआदत अस्पताल एवं जनाना अस्पताल टोंक में संबंधित ठेकेदार या कोई अन्य व्यक्ति द्वारा वाहन पार्किंग का कोई शुल्क या राशि वसूल नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों ही अस्पतालों में 28अगस्त से वाहन पार्किंग नि:शुल्क रहेगी।

# ब्लाक स्तरीय अधिकारियो को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा विधानसभा क्षैत्र के टोडारायसिंह में 29 अगस्त शुक्रवार को प्रस्तावित प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दौरे को लेकर उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने ब्लाक स्तरीय अधिकारियो को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में ब्लाक स्तरीय अधिकारियो की आवश्यक बैठक एसडीएम अमित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।


बैठक में एसडीएम चौधरी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार 29 अगस्त को मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के टोडारायसिंह का दौरा करने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री इस दौरान वंदे गंगा एवं एक पेड़ मा के नाम अभियान के तहत एक साथ पचास हजार पौधे लगाकर रिकार्ड कायम करेगें। इसके अलावा मुख्यमंत्री इस दौरान एक विशाल आम सभा को सम्बोधित करने के साथ साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्यााकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात करेगें। इसको लेकर उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने ब्लाक स्तरीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यक्रम में अपने अपने विभाग के सभी लाभार्थियों के साथ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से भाग लेगें।

### गौरी पुत्र विनायक त्रिनेत्र गणेश जी का अद्भुत अलौकिक श्रृंगार करके जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

# 'गणपति बप्पा मोरिया' से गूंज उठा रणत भंवर परिसर

### टाइगर की मूवमेंट को देखते हुए गणेश परिक्रमा मार्ग किया बंद





बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणत भंवर के लाडले गौरी पुत्र विनायक त्रिनेत्र गणेश जी का गणेश चतुर्थी पर अद्भुत अलौकिक श्रृंगार करके जन्मोत्सव मनाया गया इस मौके पर सात नदियों के जल्द से त्रिनेत्र गणेश भगवान का अभिषेक किया गया एवं स्वर्ण सिंगर के साथ ही स्वर्ण मुकुट चढ़ाया गया इस मौके पर त्रिनेत्र गजानन जी को मुंबई से तैयार करवाई गई विशेष पोशाक धारण कराई गई । वहीं जयपुर से मंगाई गई मोगरे, केवड़े व सुपारी की माला भी धारण कराई गई। दोपहर 12.00 बजे गणेश उत्सव पर मुख्य महंत बृज किशोर दाधीच जी ने विशेष आरती की वहीं महन्त संजय दाधीच के निर्देशन में जन्मोत्सव विशेष रूप से मनाया गया। मंदिर के प्रधान सेवक हिमांशु गौतम ने व्यवस्थाओं को अच्छे ढंग से संभाला। जन्मोत्सव पर पूरा प्रांगण गणपति बप्पा मोरिया से गूंज उठा। मुख्य महंत बृज किशोर दाधीच महंत संजय कुमार ने सभी को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं की गणेश महाराज मनोकामना पूर्ण करें उनके भंडार सदा भरा रहे । उनके सभी विघ्न हरे। उधर मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ महाराज गणेश के जयकारे लगाते हुए गणेश मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। जगह जगह लगे भंडारे, गणेश भक्तों ने आने वाले श्रद्धालुओं की मान मनुहार। आनेवाले तीर्थ यात्रियों की सेवा करने में बच्चे महिलाएं भी आगे आई। सेवा भारती समिति ने मेले में हजारों श्रद्धालुओं को पिलाया आयुर्वैदिक काढा सेवा भारती समिति सवाई माधोपुर द्वारा प्रति वर्ष की भति श्री त्रिनेत्र गणेश मेले रणथंभोर में हजारों श्रद्धालुओं को मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार हेतु रणथंबोर रोड विवेकानंदपुरम गेट पर 26 अगस्त एवं 27 अगस्त को दो दिन श्रद्धालुओं आयुर्वेदिक काढ़ा (क्वाथ) पिलाया। वितरण का शुभारम्भ जिला संघ गोविंदप्रसाद शर्मा ने किया । वहीं गणेश मेले के दौरान फ़तेह स्कूल के आगे एक वृद्ध पुरुष और दो महिला के एक्सीडेंट पर पुलिस मित्र माउटाउन श्रीराम शर्मा और उनकी साथी टीम ने कंट्रोल पर सूचना कर 108 बुलाकर शीघ्र उपचार हेतु रवाना किया।

## खंडार विधायक ने वितरित की निःशुल्क स्कूटियाँ

गणेश चतुर्थी एवं श्री त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेले में खंडार विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांगजन सशक्तीकरण के तहत विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत सात पात्र दिव्यांगजनों को नि:शुल्क मोटराइज्ड स्कूटियाँ (मय लोकोमोटिव फिटनेस) वितरित की गईं। त्रिनेत्र गणेश मेले में रणथम्भौर रोड स्थित भंडारे स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक जितेंद्र गोठवाल, जिला कलक्टर काना राम एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने संयुक्त रूप से स्कूटी वितरण किया। इसके पश्चात खंडार विधायक ने गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर गणेश मेले को स्वच्छ बनाने में विशेष योगदान देने वाले सभी सफाई कर्मियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया ।

# ब्लैक स्पॉट पर अब जल्दी पंहुचेगी एम्बुलेंस

### गोल्डन ऑवर में घायल व्यक्ति को मिलेगा समय पर उपचार

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के नवाचार को भारत सरकार के राष्ट्रीय सूचना केन्द्र ने सराहा है। इसमें जिला सूचना केन्द्र एवं चिकित्सा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विगत माह की 27 तारीख को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं रोड सेफ्टी टास्क फोर्स की बैठक में सड़क दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट के आस पास ही मेडिकल एम्बुलेंस की तैनाती का निर्णय लिया गया था। इसी के तहत जो एम्बुलेंस पूर्व में पुलिस थाना निवाई में थी उसे झिलाई मोड़ निवाई में तैनात किया गया। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दूनी में तैनात एम्बुलेंस को सरोली मोड़ पर स्थानान्तरित किया गया। पहले एम्बुलेंस को संभावित दुर्घटना ब्लैक स्पॉट के पास पहुंचने में 20 मिनट का समय लगता था, अब यह समय 3 से 5 मिनट रह गया है। इससे दुर्घटना में गम्भीर रुप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के भीतर अस्पताल तक पहुंचाकर उनकी जान बचाने की संभावना में इजाफा होगा।

बैठक में मौजूद डीआईओ सुशील अग्रवाल ने बताया की जिला सूचना केन्द्र के डीआरएम मोहम्मद आतिफ खांन ने इंटीग्रेटेड रोड़ एक्सीडेन्ट डाटाबेस (आई रेड) के माध्यम से एम्बुलेंस की रिपोजिशन का सुझाव दिया था। टोंक जिले में एम्बुलेंस की रिपोजिशन करने के बाद नागौर व दौसा जिले में इसे लेकर पहल की गई। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने संयुक्त रुप से जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं रोड सेफ्टी टास्क फोर्स की बैठक ली। इस दौरान जिला कलेक्टर ने इंटीग्रेटेड रोड़ एक्सीडेन्ट डाटाबेस (आई रेड) की रिपोर्ट के अनुसार जिले में एम्बुलेंस की तैनाती के लिए टोंक जिले द्वारा पहल किये जाने पर सड़क सुरक्षा कमेटी को बधाई दी। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग 52 व 552 पर रट्स, डिवाइडर, मिडियम कट, अनाधिकृत कट, रम्बल स्ट्रीक आदि को सुधारने के लिए एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए। सुड़क सुरक्षा के प्रति युवाओं में जागरुकता लाने के लिए शिक्षा विभाग के एडीईओ सीताराम साहू को विद्यार्थीयों के लिए जागरुक्ता केम्प एवं कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिक्षण अभियंता एचएल मीना, सीएमएचओ शैलेन्द्र सिंह चौधरी, नगर परिषद के सहायक अभियंता फतेह सिंह एवं आरएसआरडीसी के अधिकारी मौजूद रहें।

# टोंक जिले से 1 हजार 70 वरिष्ठ नागरिक जाएगें नि:शुल्क तीर्थ यात्रा

### जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने निकाली ऑनलाइन लॉटरी



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** राजस्थान सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के तहत टोंक जिले से 1 हजार 70 वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने ऑनलाइन लॉटरी निकालकर सफ्ल आवेदकों की घोषणा की। जिस दौरान जिला परिषद टोंक के सीईओ परशुराम धानका,अतिरिक्त जिला कलक्टर रामरतन सौकरिया, सीएमएचओ डॉ.शैलेंद्र सिंह चौधरी, एसीपी श्याम सुंदर जांगिड़ सहित देवस्थान विभाग के प्रतिनिधि मौजूद थे। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि टोंक जिले के 1070 वरिष्ठ नागरिकों का नि:शुल्क तीर्थ यात्रा के लिए ऑन लाइन लाटरी से चयनित हुए है। जिनमें से 115 सफ्ल आवेदक हवाई जहाज से वहीं 955 रेल से तीर्थ यात्रा करेंगे। इस योजना के तहत हवाई यात्रा एवं रेलयात्रा सहित प्रदेश के कुल 56 हजार वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा का अवसर दिया जा रहा है, जिसमें से टोंक जिले के 1070 वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित होंगे।

# भाजपा उपचुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** नगरपालिका मालपुरा के 3 सितम्बर को होने वाले वार्ड नं. 34 के लिए नवीन मण्डी स्थित पंचायती धर्मशाला में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को किया गया।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजुद पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने गणेश जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जलवित कर चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया। इस मौके पर सोनी ने कहा कि उप चुनावो में कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा परचम लहराएगी। वार्ड नं. 34 से भाजपा प्रत्याशी पूजा लोधी भारी मतो से जीत हासिल करेगी।

उन्होंने कहा कि उप चुनाव कार्यकर्ताओं की परीक्षा का समय है। उप चुनावो में जीत का डंका बजा कर आगे आने वाले आम चुनावो भाजपा की जीत के दावे का आम जन को संदेश देने में सफल रहेगें।

इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्द्रवास्या, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोक जैन, प्रभारी दिनेश विजय, महामंत्री सुनील सैनी, पार्षद नेहा विजय, मनीष जैन, रामजीलाल शर्मा, नोरत बीलवाल सहित वार्डवासी रामअवतार शर्मा, सीताराम डालमियां, जगदीश बाहेती, राजकुमार गुप्ता, अक्षय सोनी, विनोद चौधरी सहित अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता व वार्डवासी मौजुद रहे। इस दौरान उप चुनाव कार्यालय का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया।

### जिलाध्यक्ष ने ली अहम बैठक

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शुक्रवार को प्रस्तावित टोडारायसिंह दौरे व नगरपालिकाम मालपुरा के उप चुनावो को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान ने बुधवार को मालपुरा शहर भाजपा कार्यकर्ताओं की अहृम बैठक ली।

बैठक में मौजुद भाजपा के पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं से जिलाध्यक्ष चौहान ने भारी संख्या में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचने का आव्हान किया। इस दौरान भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या के नेतृत्व में भारी संख्या में मौजुद भाजपाईयो ने जिलाध्यक्ष एवं उनके साथ आए अन्य जिला पदाधिकारियो का स्वागत सम्मान व अभिनन्दन किया।

# अन्नपूर्णा श्री गणेशजी के सजाई छप्पन भोग की झांकी,दर्शनार्थ श्रध्दालुओं का लगा रहा तांता

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. )।** जिले भर में वक्रतुण्ड महाकाय, सूर्यकोटि सम्प्रभ के जापों के साथ गणेश चतुर्थी के अवसर पर घर-घर में पूजा-अर्चना की गई। बुधवार को गणेश चतुर्थी को जिला मुख्यालय सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर गजानन्द गणेश महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रीबालाजी गणेश मन्दिर प्रन्यास समिति के तत्वावधान में अन्नपूर्णा गणेशजी के सुबह मंगला आरती की गई। सुबह से ही भगवान गणेश जी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग गई। समिति अध्यक्ष महेंद्र बैरवा, महंत कैलाशपुरी महाराज, कमलेश स्वामी, आर. एन. पहाडिया, प्रवक्ता प्रेम रघुवंशी, पुजारी दीपक पुरी एवं ओमपुरी ने बताया कि मंगला आरती के बाद समिति द्वारा बनाये गये 56 प्रकार के मोदकों का भोग गणेशजी भगवान के लगाने के बाद पूरे दिन आने वाले लोगों को प्रसादी के रूप में वितरण किया गया। श्री गणेश महोत्सव के थी अन्नपूर्णा डूंगरी की रंगबिरंगी झालरों व डेकोरेशन से सजावट की गई । वही मंदिर में भगवान श्रीगणेश के दर्शनों के लिये श्रद्धालुओं का आने का सिलसिला देर रात चलता रहा। देर शाम को महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस मौके पर श्री श्री 1008 श्री श्याम सुंदर जी लाल बाबा भीलवाड़ा भी मंदिर में मौजूद रहे, जिन्होने दर्शनार्थियों को अपना आशीर्वचन दिया।साथ ही श्री कंकाली माताजी मंदिर के महंत दुर्गालाल गोस्वामी भी मौजूद थे। वही समिति की तरफ से गणेश जी के दर्शन करने पहुंचे समाजसेवी, राजनीतिक, धर्मगुरू आदि को भगवान गणेश जी का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विजय तसेरा, कमलेश गुर्जर, कालू बैरवा, सीताराम सेनी, लोकेश पूरी, लखनपुरी शंभू पुरी, अनिल रघुवंशी, प्रहलाद साहू, भरत पुरी आदि सहित पुलिस विभाग के सउनि बाबू लाल कसाना, घनश्याम वर्मा, प्रहलाद, राजाराम, मनीषा मेनका, सीमा, कृष्णा, धर्मेंद्र आदि ने मंदिर व्यवस्था में अपना अनुकरणीय योगदान दिया। हमेशा की तरह अन्नपूर्णा गणेश जी के मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें टोंक शहर ही नही अपितु ग्रामीण क्षैत्र से भी हजारो की संख्या में लोग पहुंचे। पुलिस-प्रशासन द्वारा आवश्यक सभी इंतजाम करने के अलावा जाप्ता भी तैनात किया गया।

# अनियमितताएं बरतने के आरोप में सुरभि मेडिकल का खुदरा औषधि अनुज्ञा पत्र 10 दिवस के लिए निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले के अनुज्ञापन अधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक चंद्र प्रकाश जाटव ने सवाई माधोपुर में बजरिया में चौथ का बरवाड़ा बस स्टैंड पर बांगड़ कटला स्थित सुरभि मेडिकल स्टोर को जारी खुदरा औषधि अनुज्ञा पत्र SWM/ 1073/1074 को 25 अगस्त से 3 सितंबर 2025 तक 10 दिवस के लिए निलंबित कर दिया है! अनुज्ञा पदाधिकारी एवं से कॉलेज नियंत्रक चंद्र प्रकाश जाटव ने बताया कि एक शिकायत पर जांच की गई जिसमें 8 बिन्दुओं की अनियमितताएं पाई गई! इनमें मौके पर समस्त प्रकार की औषधियां के क्रय की गई बिल क्रमबद्ध रूप से संधारित नहीं पाए गए! इसी प्रकार निरीक्षण के दौरान लाइसेंसी द्वारा शेड्यूल द्ध1 एवं एनडीपीएस औषधीय का क्रय एवं विक्रय करना पाया गया लेकिन मौके पर दिनांक 1मई 2025 से 30 जून 25 तक में केवल 18 विक्रय बिल जरिए पाए गए और उनकी कार्बन प्रतियां संधारित नहीं पाई गई! इसके अलावा मौके पर आरजीएस पोर्टल द्वारा जारी विक्रेता बिलों की जूते कॉफी पर रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट के हस्ताक्षर नहीं पाए गए! जाटव ने बताया कि इसके अलावा कई अनियमितताएं पाई गई जिस पर नियम 1945 के नियम 66 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त फर्म को जारी खुदरा औषधि अनुज्ञा पत्र 25 अगस्त से 3 सितंबर तक निलंबित कर दिया गया है यह आदेश 12 अगस्त को प्रसारित किए

# निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन हेतु शिविर



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** लायंस क्लब राजगढ़, अलवर राज0 के सौजन्य से डॉ0 श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल अलवर व जिला अंधता निवारण समिति अलवर के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 27 अगस्त 2025 बुधवार को प्रात: 9.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक, ब्राह्मण धर्मशाला, श्री गोविंद देव जी बाजार, राजगढ़, में निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन हेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में समन्वयक अधिकारी समुंदर सिंह की देखरेख में आँखों के विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच जैसे- मोतियाबिंद, काला पानी की डॉ0 श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ रामपाल सिंह द्वारा की गई। शिविर में चयन किए गए रोगियों आंखों का ऑपरेशन डॉ0 श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल अलवर में किया जाएगा।चयनित रोगियों को अलवर लाने व ले जाने, एव ठहरने की सुविधा ,भोजन व नाश्ता, एवं ऑपरेशन,दवा व चश्मा सभी निशुल्क होंगे। शिविर में कुल ओपीडी 129 पेशेंट्स का रजिस्ट्रेशन हुआ जिनमें से 35 पेशेंट का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

शिविर का उद्घाटन राजेश शर्मा अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा राजगढ़ एवं आर एस वर्मा शाखा अध्यक्ष अलवर, नारायण सेवा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से फ़ीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया। शिविर में- लॉयन क्लब राजगढ़ अध्यक्ष श्री प्रदीप गुप्ता जी, लोकेश रावत संयोजक, जगदीश सैनी सहसंयोजक, खेम सिंह आर्य प्रांतीय सलाहकार, एन एल वर्मा, अजय यादव, भूपेंद्र शर्मा, जैनेंद्र जैन, संजय शर्मा राजस्थानी, एवं गणमान्य व्यक्ति श्री हरिओमबंसल एवं बृजेश शर्मा भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय प्रशिक्षण सहसंयोजक मौजूद रहे।

# वन मंत्री शर्मा ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर महाआरती में शामिल होकर प्रदेश की खुशहाली की कामना की



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर राजऋषि अभय समाज के रंगमंच पर श्री गणपति महोत्सव समिति द्वारा आयोजित 25वां विशाल श्री गणपति महोत्सव के तहत आयोजित गणेश वन्दना की महाआरती में शिरकत की। मंत्री श्री शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती बबीता शर्मा के साथ भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी का पर्व देशभर में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गणेश चतुर्थी पर मंगलकर्ता व विध्नहर्ता भगवान गणेश जी को घर में प्रतिस्थिापित करने की परम्परा रही है। उन्होंने हमारे धर्मग्रन्थों में गणेश जी को रिद्धी-सिद्धी का दाता माना जाता है जो भक्तों के अमंगल को दूर कर उनके जीवन में खुशियों को भरने का कार्य करते है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के धार्मिक स्थलों के उन्नयन एवं सौन्दर्यकरण के लिए निरन्तर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। श्री गणपति महोत्सव समिति के अध्यक्ष श्री अविनाश गुप्ता ने बताया कि 25वां विशाल श्री गणपति महोत्सव राजऋषि अभिय समाज के द्वारा आयोजित कराया जा रहा है जिसमें 31 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर पं. धर्मवीर शर्मा, श्री केके गुप्ता, श्री घनश्याम गुर्जर, पं. जलेसिंह, श्री दौलतराम हजरती, श्री रवीन्द्र गर्ग, श्री राकेश शर्मा, श्री रामलाल सैनी, श्री हेमन्त शर्मा सहित बडी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

## भाजपा की चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ पूरा देश एकजुट

# स्टॉप वोट चोरी मुहिम अब देश की जनता की आवाज : पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। उन्होंने कहा कि स्टॉप वोट चोरी मुहिम अब देश की जनता की आवाज बन गई है, यह कांग्रेस पार्टी की लड़ाई नहीं बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों की हक की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि वोट की चोरी आपके अधिकारों की चोरी है। हम सभी को मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाते हुए अपने अधिकारों को बचाने के लिए लड़ना होगा तभी हम देश में स्वस्थ लोकतंत्र की नींव को मजबूत बना सकते हैं। सिंह बुधवार को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से नंगली सर्किल पर आयोजित स्टॉप वोट चोरी मुहिम को सफल बनाने के लिए दुपहिया व चौपहिया वाहनों पर स्टिकर लगाकर जनजागृति अभियान की शुरुआत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश के प्रधानमंत्री ने कहा कांग्रेस वाले आपकी भैंस चुरा लेंगे,भैंस का तो पता नहीं लेकिन मोदी जी आपने तो लोकतंत्र की हत्या कर वोट ही चुरा डालें।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष संस्था नहीं बल्कि राजनीतिक दल की बी टीम की तरह काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि अंबानी जैसे पूंजीपतियों को वोट की जरूरत नहीं है, बैंक के दरवाजे उनके लिए 24 घंटे खुले हैं। देश में वोट की जरूरत गरीबों को है, क्योंकि इसके बिना आपका कोई अधिकार नहीं मिल सकता,जिस दिन आपका वोट का अधिकार खत्म हो गया, उस दिन देश की जनता के पास कोई शक्ति नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि संविधान केवल किताब नहीं बल्कि हिंदुस्तान के प्रत्येक नागरिक की ताकत है।

### वोट चोरी की लड़ाई जनादेश और जनता के अधिकारों की रक्षा - नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वोट चोरी के षड्यंत्र को राहुल गांधी के नेतृत्व में हम सभी मिलकर बेनकाब करेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर तक वोट चोरी रोकना अब हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, आज जिस तरह से देश में भाजपा द्वारा वोटो की चोरी की जा रही है, उसके खिलाफ पंचायत स्तर से मुहिम चलानी होगी। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर भारतीय जनता पार्टी का यह सीधा हमला है, जिसका हमें माकूल जवाब देना है।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के




लिए पारदर्शिता वाली मतदाता सूची अनिवार्य है,डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक की जाए, ताकि देश का आवाम और राजनीतिक दल उसकी खुद ऑडिट कर सके।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश भर में न केवल वोट चोरी की साजिशे रची है,बल्कि रोजगार, युवाओं के सपने,किसानों की हत्या, महिलाओं पर अत्याचार के आंकड़ों में भी चोरी करने से गुरेज नहीं किया।

उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि 2029 में कांग्रेस नेतृत्व को प्रधानमंत्री बनाने का हम सभी को मिलकर संकल्प लेना होगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दुपहिया व चौपहियां वाहनों पर स्टिकर लगाकर उन्हें रवाना किया।

# नशामुक्त समाज ही राष्ट्र को प्रगति की ओर लेजा सकता है : तिवाड़ी

## महिलाओं ने ली नशा नहीं करने व करने देने की शपथ,नशा मुक्त अभियान का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** उपखण्ड क्षेत्र की उप तहसील हरसौरा की ग्राम पंचायत हरसौरा में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या-1 में बुधवार को श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा नशा एवं मादक द्रव्यों की रोकथाम विषय पर जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम के तहत नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को नशा नहीं करने और परिजनों को नशा नहीं की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी कमल तिवाड़ी ने कहा कि नशामुक्त समाज ही राष्ट्र को प्रगति की ओर लेजा सकता है!इस नशामुक्त कार्यक्रम के आयोजन एवं प्रचार प्रसार के लिए श्रीकृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति का सादर धन्यवाद। विशिष्ट अतिथि संस्था के सचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि नशा मुक्ति समाज के निर्माण में महिलाएं अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। महिलाएं दो परिवारों की इज्जत के साथ-साथ समाज की इज्जत की भी परवाह रखती हैं। यदि महिलाओं ने ठान लिया कि मेरा परिवार और रिश्तेदारों के परिवार नशामुक्त रहेगा तो विश्व एक बार पुन: भारत का डंका बजेगा और सोने की चिड़िया कहलायेगा। वहीं प्रशिक्षण प्रभारी पिंकी मीना ने कहा कि यदि भारत में नशे की जड़ों को समूल नष्ट करना है




तो बहनों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक भारत में नशा है समझो देश की बुरी दशा है!इसलिए बहनों आप सबको मिलकर पहले अपने परिवार में नशामुक्त परिवार बनाओ फिर समाज में आपके परिवार सहित सम्पूर्ण राष्ट्र नशामुक्त हो जाएगा और परिवार और राष्ट्र प्रगति करेगा।

वहीं हरसौरा मण्डल प्रभारी एवं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि पूजा सैनी ने कहा कि हम सबको आत्मनिर्भर बनना है हमें आत्मनिर्भर बनकर समाज और परिवार को एक नई दिशा देनी है।इस पर श्रीकृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति के सचिव सुनील कुमार शर्मा ने सिलाई सैन्टर खोलने की पेशकश रखी। इस पर प्रशिक्षण में उपस्थित सभी महिलाओं ने इसका स्वागत किया और अपनी बात रखी।

कार्यक्रम का सुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।विशिष्ट अतिथि पूजा सैनी ने एक बार पुन: मंच पर उठकर कहा कि नशामुक्त होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मनिर्भर और प्रशिक्षित भी होना बहुत जरूरी है!इसलिए सिलाई, कढ़ाई, बुनाई जैसे बुनियादी प्रशिक्षण में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए! वहीं संस्था के द्वारा हरसौरा में भी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोलने के लिए महिलाओं से विचार विमर्श किया गया जिससे इस ग्राम पंचायत की महिलाओं को बुनियादी प्रशिक्षण में प्रशिक्षित किया जा सके। इस अवसर पर अजीत सैनी, रफी मोहम्मद, शर्मिला बेगम, पिंकी देवी, मुस्कान, सायना बानो, हिना बानो, पुष्पा देवी, अंजू, कृपा देवी सहित काफ़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# निष्पक्ष पत्रकारिता में अतुलनीय योगदान को लेकर वरिष्ठ पत्रकार का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र से निष्पक्ष पत्रकारिता करने वाले वरिष्ठ पत्रकार सुगनचन्द मौर्य का एक संस्था द्वारा दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर क्षेत्र स्थित श्रीकृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति के सचिव द्वारा इसलिए सम्मान किया गया कि वे निष्पक्ष पत्रकारिता करते हैं!उनके दामन में कोई दाग नहीं, जब राजस्थान के जाने माने अखबारों के पत्रकार भी उनके द्वारा उपलब्ध करवाई गई फोटो और समाचार भिजवाया करते थे, तब भी वरिष्ठ पत्रकार गरीब थे और आज भी हैं। लेकिन जिनके पास फोटो खींचने तक के संसाधन नहीं थे उनके पास इतनी प्रॉपर्टी कहाँ से आ गई!यह सोचनीय बिन्दु है और रहेगा!वरिष्ठ पत्रकार सुगनचन्द मौर्य ने चांदी पर नहीं बल्कि आमजन की आवाज उठाने का प्रयास किया है। जिसका ही नतीजा है कि नारायणपुर से चलकर श्रीकृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति के सचिव के नेतृत्व में उनका दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया है।

# यूआईटी केअतिक्रमण निरोधकदस्ते द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की

**अलवर ( का.स. )।** नगर विकास न्यास की सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कियूआईटी केअतिक्रमण निरोधकदस्ते द्वारा आज ट्रांसपोर्ट नगर के प्रमुख मार्ग, सार्वजनिक स्थान व सरकारी भूमि पर अवैध रूप से वाहनों के स्क्रेप, टायर, खोखा, थडी, रेहडी, ढाबा आदि रखकर किए गए अवैध अतिक्रमण को नियमानुसार हटाने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा अतिक्रमण को जेसीबी मशीन व क्रेन की सहायता से हटाया गया एवं लोगों से पुन- अतिक्रमण नहीं किये जाने की समझाइश की गई।

## नार्को कोऑर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने की जिले में लॉ एण्ड ऑर्डर की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा,( मुकेश कुमार शर्मा )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सचिवालय खैरथल तिजारा में नार्को कोआर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी, अफीम या गंजे की अवैध खेती, ट्रामाडोल कोडिन आधारित खांसी की दवाई, भांग के वैध ठेको पर संचालित अवैध गतिविधियों की रोकथाम, पुलिस विभाग में अन्य विभागों द्वारा अभी तक की गई कार्यवाही, एनडीपीएस अधिनियम और दवाइयां के हानिकारक प्रभाव के प्रावधान के बारे में जागरूकता साहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर जिले में पुलिस विभाग को नशीले पदार्थों की तस्करी तथा बेचान के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। विभागों द्वारा 1 जनवरी से अब तक 30.671 किलो गांजा भिवाड़ी पुलिस द्वारा एवं 8 किलो 323 ग्राम गांजा खैरथल पुलिस द्वारा पकड़ कर कार्रवाई की गई। भिवाड़ी पुलिस ने कार्यवाही कर 418.92 ग्राम स्मेक, 86.8 ग्राम चिट्टा, 13.65 किलो डोडा चूरा जप्त किया। इसी प्रकार खैरथल पुलिस द्वारा 149 प्रकरणों में 128 लोगों को गिरफ्तार कर 1947 लीटर हथखड़ शराब



एवं 15 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त की, एंव भिवाडी पुलिस द्वारा 200 प्रकरणों में 189 लोगों को गिरफ्तार कर 1020 लीटर हथकड़ एवं 860.80 लीटर देसी शराब एवं 5.22 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त की। आबकारी विभाग द्वारा 51 प्रकरणों में 41 लोग गिरफ्तार कर 1377.6 लीटर देसी मदिरा, 202.93 लीटर अंग्रेजी शराब 506.66 लीटर हथकड़, 31.69 बियर जप्त कर 1लाख 85 हजार 250 लीटर वॉश नष्ट की। कोटपा एक्ट के तहत 63 मामलों में विद्यालय परिसर के आसपास मादक पदार्थों के बेचान पर 12600 का जुर्माना लगाया।

बैठक के दौरान अति. जिला कलेक्टर ने जिले में ड्रग की समस्या से निपटने में युवाओं और महिलाओं की भागीदार हेतु जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता के क्रम में सभी कार्यालयों के कार्मिकों, स्कूल एवं कॉलेज में नशा विरुद्ध अभियान की प्रेरणा स्वरूप एक शपथ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को हर माह नशा मुक्ति शिविर लगाने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान उन्होंने जिले में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान सीएमएचओ अरविंद गेट, जिला शिक्षा अधिकारी शकुंतला मीणा, सर्किल इंस्पेक्टर भिवाड़ी संजय शर्मा, सर्किल इंस्पेक्टर खैरथल दयानंद, सहायक आबकारी अधिकारी कुलभूषण मिश्रा, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गणेश चतुर्थी पर भगवान को पहनाई चांदी की पोशाक, शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** गणेश चतुर्थी के पर्व पर बुधवार को राजगढ़ के रिद्धि सिद्धि गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से ही भक्त बप्पा के दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर को फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया है। रिद्धि सिद्धि गणेश मंदिर में भगवान को चांदी को पोशाक पहनाई गई। वहीं कस्बे के बड़ा गणपति में आकर्षक सजावट कर भगवान का श्रृंगार किया गया। दोनों मंदिरों में आकर्षक रोशनी सजाई गई। गणेश चतुर्थी के अवसर पर शाम को संध्या आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे। धार्मिक वातावरण में भक्ति गीतों और जयकारों की गूंज रहेगी। आकर्षक लाइटिंग और फूलों की सजावट से मंदिर प्रांगण रोशनी से जगमगा उठा। शहर में गणेशोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। भक्तों का मानना है कि बप्पा की आराधना से घर-परिवार में सुख, समृद्धि और मंगल की प्राप्ति होती है। वहीं कस्बे के गंगाबाग से गणेश पोल से




शोभायात्रा निकाली गई। रिद्धि सिद्धि गणेश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बसंत गुप्ता व महंत त्रिलोक शर्मा ने बताया कि गंगाबाग से विधि विधान से पूजा अर्चना कर शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो कस्बे के गंगाबाग, मेला का चौराहा, तहसील, सराय बाजार, गोल सर्किल, चौपड़ बाजार होते हुए मंदिर में पहुंची। शोभायात्रा में बाहुबली नरसिंह अवतार, महाकाल भस्म आरती, बाम्बे नासिक ढोल की प्रस्तुति दी। शोभायात्रा में राजस्थानी नृत्य, मार्शल आर्ट, कच्छी घोड़ी सहित अनेक झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा में महंत प्रकाशदास महाराज, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, तुलसी शर्मा, पंचायत पुस्तकालय के अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा, प्रेमनाथ धामाणी, अजय शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कूड़ी आश्रम गौशाला समिति का चुनाव 5 सितंबर को

बढ़ता राजस्थान

बहरोड़ (सुभाष यादव)। कूड़ी आश्रम गौशाला समिति मोहम्मदपुर-मोसमपुर की कार्यकारिणी का गठन शुक्रवार 5 सितंबर 2025 को किया जाएगा।जो भी गौभक्त कार्यकारणी में शामिल होना चाहे वो शुक्रवार 5 सितम्बर को सुबह ग्यारह बजे गौशाला में पहुंचे।जिससे गौमाताओं की सेवा निरन्तर सुचारू रूप से आप सबके सहयोग से चलती रहे।

# कापरेन क्षेत्र में भारी बारिश से रेलवे कालोनी मे भरा पानी

## रेलवे कर्मचारियों का रेस्क्यू कर खाली यात्री कोचों मे किया इंतजाम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/बूंदी (विनोद गौड़)।** कापरेन क्षेत्र में भारी बारिश से कस्बे में बने बाढ़ के हालातो के बीच एक ऐसी तस्वीर सामने आई जो आपको एक अलग ही एहसास से रूबरू कराएगी ।

कापरेन में रेलवे कॉलोनी में बाढ़ का पानी भर गया था । जिसके चलते रेलवे द्वारा एक कोच कापरेन रेलवे स्टेशन के नजदीक उन बाढ़ पीड़ित रेलवे कॉलोनीवासी परिवारों के लिए भिजवाया गया । जिनकी क्वार्टर्स में पानी भर गया था। रेलवे कॉलोनी की सरकारी क्वार्टर्स में बाढ़ का पानी भर जाने से परिवारों के लिए रेलवे का यह कोच आशियाना बना। इन्होंने बाढ़ के हालातो में इसी में अपना गुजर बसर किया । वहीं रेलवे द्वारा उनके लिए खाना खाने की व्यवस्था ,पानी की व्यवस्था रहने ,और सोने की व्यवस्था इसी कोच में की गई। बूंदी जिले के कापरेन में रेलवे अधिकारियों ने सूझ बुझ




से बाढ़ के सैलाब में फँसे स्टाफ की इस प्रकार रेलवे के दो कोचों मे आशियाना देकर कर्मचारियों और परिवार जनो की जान बचाने की खासी तारीफ भी हो रही है। खाने से लेकर रहने सोने सहित सारी अन्य व्यवस्थाएं इन लोगों ने इसी कोच में दो रात और 2 दिन तक गुजरी। रेलवे कार्मिकों का कहना है कि बाढ़ के सैलाब में क्वार्टर्स में पानी भर गया ,रेलवे कॉलोनी जलमग्न हो गई थी। इसके चलते रेलवे के अधिकारियों को अवगत करवाया गया ,जिसके चलते उन्होंने यहां का दौरा करते हुए अल्प समय में ट्रेन के साथ दो कोच की व्यवस्था की। जिसमें रहने खाने की व्यवस्था के साथ-साथ दो रात और तीन चार दिन भी हमने इसी में गुजारे जिससे राहत मिली है। घर में सभी सामान कूलर पंखे टीवी फ्रिज कपड़े खाने-पीने की गेहूं आटा सब खराब हो गया। लेकिन 4 दिन इस कोच में जो राहत मिली वह एक सुकून देने वाला पल था। अब रेलवे कॉलोनी में पानी कम होने के बाद अपने-अपने घरों को व्यवस्थित करने में रेलवे कॉलोनी के कर्मचारी जुटे हुए हैं।

## कोटा में दशलक्षण पर्व पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन आज



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** आचार्य श्री 108 प्रज्ञासागरजी के पावन सान्निध्य में पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व के पावन अवसर पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन 28 अगस्त 2025, गुरुवार को रात्रि 8 बजे प्रज्ञालोक, महावीर नगर प्रथम, कोटा में किया जाएगा। कार्यक्रम की सूत्रधार रेणु जैन ने बताया कि आयोजन श्री महावीर दिगम्बर जैन महिला मण्डल, तलवंडी, कोटा द्वारा संपन्न होगा, जिसमें त्रिशला के लाल की खोज विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में जीयो ओर जीने दो का संदेश देकर नृत्य नाटिका का आयोजन किया जाएगा। महिला मण्डल अध्यक्ष अनीला झांझरी व सचिव सुनिता सांमरिया ने बताया कि बुधवार को गुरूदेव जैनाचार्य प्रज्ञासागर जी के सानिध्य में कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाश जैन,महामंत्री पदम बडला,कार्याध्यक्ष जे के जैन, सुरेश हरसोरा,राजेश मंगलम उपस्थित रहे। विधी जैन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अनिला झांझरी (अध्यक्ष), सुनीता सांमरिया (मंत्री), शिमला जैन (कोषाध्यक्ष),मीना लुहाडिया,गरिमा जैन,अजिता जैन कई दिनो से तैयारियां कर रही है। यह सांस्कृतिक संध्या दस लक्षण पर्व के प्रथम दिन आयोजित की जाएगी।

## ग्राम पंचायत रेवारपूरा के ग्रामीणों ने सचिव द्वारा लगाए गए आरोपों के खिलाफ उपखंड कार्यालय में ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (नि.स.)।** बुधवार को उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रेबारपुरा के ग्रामीणों ने ग्राम सचिव के द्वारा ग्रामीणों के खिलाफ देहीखेड़ा थाने में रिपोर्ट करने के विरोध में उपखंड अधिकारी अरविंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण मेंज नदी के आए उफान से गांव में बाढ़ बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो जाने के कारण ग्रामवासियो ने ग्रामीणों की समस्याओ से अवगत करवाने हेतु ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्राम सचिव(ङ्कष्ठह्) को बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा कोई सकारात्मक जवाब नही दिया गया वही इस भीषण आपदा के दौर में भी सचिव का व्यवहार ग्रामीणों के प्रति संतोषजनक नहीं रहा जिससे ग्रामीणवासियो में सचिव के प्रति में आक्रोश उत्पन्न हो गया। ज्ञापन में बताया कि मंगलवार को सचिव द्वारा लबान से ढगारिया मार्ग को बहाल करते समय ग्रामवासियों से बहस हो गई। देखते देखते यह बहस हाथापाई में तब्दील हो गई। सचिव महोदय द्वारा बाढ़ पीड़ित ग्रामवासियों को गलत ठहराते हुए कुछ ग्रामीणों के खिलाफ देहीखेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज करवा दिया। जबकि उक्त प्रकरण मे ग्रामीण पूर्ण रुप से निर्दोष है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बाढ़ के हालातो को देखते हुए ग्रामीण वासियों पर लगाये गये सभी आरोपो को झुठलाते हुए ग्रामीणों के खिलाफ लगाए गए मुकदमे को वापस लेते हुए ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान की मांग की।

## कृषि कनेक्शन समय पर जारी कर पेंडेंसी जीरो करने का रोडमेप तैयार करें अधिकारी- ऊर्जा मंत्री

### ऊर्जा मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से विद्युत अधिकारियों की बैठक ली, निर्देश दिए



बढ़ता राजस्थान


**कोटा (का.स.)।** ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विद्युत अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें जयपुर, जोधपुर, अजमेर तीनों डिस्कॉम समेत सभी जिलों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री श्री नागर ने सभी उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने और निर्बाध बिजली आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तय समय पर नए कनेक्शन जारी कर पेंडेंसी एक माह में समाप्त करें। उन्होंने पेंडिंग कृषि कनेक्शन समय पर जारी करने का रोडमेप तैयार करने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करते हुए विभाग की आगामी रणनीति का ब्यौरा दिया। साथ ही, विद्युत चोरी रोकने, लॉस कम करने की बात कही। बैठक में जयपुर से प्रमुख शासन सचिव, ऊर्जा अजिताभ शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डिस्कॉम आरती डोगरा वीसी उपस्थित रहे। कोटा से अधीक्षण अभियंता कोटा वृत्त एससी जांगिड़, अधिशासी अभियंता जिला खंड आशीष जौहरी, अधिशासी अभियंता आरडीएसएस कोटा रविन्द्र गौतम वीसी से जुड़े।

## आरजीएचएस के लाभार्थियों को हो रही परेशानियां

### जिला अस्पताल रामगंजमंडी के नाम से पर्चियाँ जारी करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** जिला अस्पताल में मरीजों को दी जा रही पर्चियों पर अभी भी गलत नाम छपने की समस्या जारी है। अस्पताल की पर्चियों पर सही नाम के बजाय राजकीय मंगलम सीमेंट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रामगंजमंडी लिखा होने से मरीजों और आरजीएचएस योजना से जुड़े कर्मचारियों को दवाइयाँ लेने और अन्य औपचारिकताओं में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह ध्यान देने योग्य है कि इस मामले पर पहले भी विरोध हो चुका है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी। इसके बावजूद कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया, जिससे आमजन में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोग और मरीज अब मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द पर्चियों में सही नाम जिला अस्पताल, रामगंजमंडी सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की



इस लापरवाही पर सवाल उठते हुए । एक स्थानीय निवासी ने कहा, जब अस्पताल को जिला अस्पताल का दर्जा मिल चुका है, तो पर्चियों पर भी उसी नाम का उल्लेख होना चाहिए। बार-बार खबरें प्रकाशित होने के बावजूद बदलाव नहीं हुआ, यह बिल्कुल असहनीय है। इस मामले में एसडीएम चारू वर्मा ने बताया कि संबंधित अधिकारी से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और जल्द ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## नेत्रदानी गीता देवी की श्रद्धांजलि सभा में नेत्रदान विषय पर कार्यशाला मे 30 ने भरे संकल्प पत्र

### शोकाकुल परिवार के सदस्यों ने कहा दिवंगत माँ को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** 25 अगस्त से 8 सितंबर तक, पूरे भारतवर्ष में नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम जोर शोर से मनाया जा रहा है, संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन भी पूरे हाडोती संभाग में 14 वर्षों से नेत्रदान जागरुकता के लिए प्रयासरत है ।

इसी क्रम में सोमवार को भारत भूषण और महेश बाबू जैन की माताजी गीता देवी का देवलोक गमन हुआ था, परिजनों के अनुरोध पर संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन ने कोटा से आकर माताजी का नेत्रदान भी



प्राप्त किया था । डॉ कुलवंत गौड़ ने नेत्रदान के बाद,मौके पर ही परिवार के सभी सदस्यों को नेत्रदान की प्रक्रिया,भ्रांतियां और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी थी । उस समय डॉ गौड़ ने भारत भूषण से अनुरोध किया था कि, आपका परिवार शहर का जागरूक परिवार है,यदि हम माता जी की श्रद्धांजलि सभा में नेत्रदान संकल्प शिविर लगाते हैं तो, इससे न सिर्फ जागरूकता बढ़ेगी,बल्कि नेत्रदान का कार्य आपके परिवार में भी एक पहचान बनेगा। श्रद्धांजलि सभा में आए 300 से अधिक लोगों को डॉ कुलवंत गौड़ ने नेत्रदान के संदर्भ में पूरी जानकारी दी ।200 से अधिक लोगों ने काउंटर पर आकर नेत्रदान से संबंधित जरूरी जानकारी ली, 30 लोगों सहित परिवार के सदस्य शिल्पी, कविता, ललित गोयल, भारत जैन, कमलेश जैन, मनीष तोड़ी, डॉ हरीश जैन, प्रतिभा जैन, कय्यूम मंसूरी ने नेत्रदान के संकल्प पत्र भरे । बैठक के बाद संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा परिवार के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया ।

## जान से मारने की धमकी देने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

### युवक पर फायरिंग का भी है आरोप; पुलिस ने रखा था 25000 का इनाम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ।** कोटा पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अल्फेज को गिरफ्तार कर लिया है, जिस पर 25,000 रुपए का इनाम घोषित था। गिरफ्तारी तब हुई जब अल्फेज का एक धमकी भरा वीडियो सामने आया, जिसमें वह पिस्तौल और देसी कट्टा दिखाते हुए किसी को धमका रहा था। दादाबाड़ी थाना प्रभारी मांगेलाल के अनुसार, अल्फेज 25 जुलाई को वक्फ नगर इलाके में इरशाद के घर पर हुई फायरिंग के बाद से फरार था। पुलिस के अनुसार, अल्फेज और इरशाद के बीच पुरानी रंजिश थी। पिछले साल, इरशाद और उसके साथियों ने अल्फेज के साथ मारपीट की थी, जिससे उसका पैर टूट गया था। पुलिस का मानना है कि फायरिंग उस घटना का बदला थी।

### हथियार दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

इरशाद के पिता मोहम्मद सगीर ने आरोप लगाया है कि दादाबाड़ी थाने का हिस्ट्रीशीटर अल्फेज इलाके में अवैध गतिविधियों में लिप्त है। सगीर के अनुसार, अल्फेज ने उनके बेटे इरशाद को कई बार जान से मारने की कोशिश की है। हाल ही में, अल्फेज ने एक वीडियो जारी किया जिसमें वह अवैध पिस्तौल और कट्टा लहराते हुए इरशाद को धमकी दे रहा है। सगीर ने बताया कि अल्फेज पहले भी कई बार इरशाद पर हमला कर चुका है।

### फायरिंग और चाकू से वार

सगीर ने बताया कि 24 जुलाई की रात को, अल्फेज ने घर के बाहर खड़े इरशाद पर कई राउंड फायर किए, जिसमें दो गोलियां इरशाद को लगीं। इसके अतिरिक्त, अल्फेज और भाया ने इरशाद के मुंह पर मिर्ची डालकर कई चाकू से वार किए थे।

## टॉवर वैगन से कोटा मंडल में संरक्षा और हुई मजबूत

### कोटा मंडल में ओएचइ के रखरखाव में टावर वैगन की महत्वपूर्ण उपयोगिता

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में ओवरहेड उपकरण (ओएचई) के रखरखाव और निरीक्षण में टॉवर वैगन की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह विशेष वाहन ओएचई की सुरक्षा और समय पर मरम्मत सुनिश्चित करता है। टॉवर वैगन का मुख्य कार्य ओवरहेड तारों का रखरखाव, सभी ओएचई पैरामीटर की माप, खराब या क्षतिग्रस्त उपकरणों की मरम्मत, पुनर्स्थापन कार्य, मास्ट की स्थापना तथा केटेनरी एवं कांटेक्ट तार बिछाने में होता है। इसकी विशेषता यह है कि यह चालू लाइन पर भी निरीक्षण कर सकता है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि कोटा मंडल में कुल 23 टॉवर वैगन उपलब्ध हैं, जिनमें 06 चार पहिया (4-व्हीलर) टॉवर वैगन तथा 17 आठ पहिया (8-व्हीलर) टॉवर वैगन सम्मिलित हैं। इनकी उपलब्धता से मंडल में किसी भी आकस्मिक परिस्थिति या तकनीकी गड़बड़ी पर त्वरित प्रतिक्रिया संभव हो पाती है। यह उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेलवे शत प्रतिशत विद्युतीकृत है और कोटा मंडल में लंबा विद्युतीकृत खंड आता है। ऐसे में इन टॉवर वैगन की उपलब्धता से दुर्घटनाओं के समय एवं नियमित निरीक्षण के दौरान ओएचई स्टाफ को तत्काल और सुगमता से घटनास्थल पर पहुँचने की सुविधा मिलती है।

## गणेश चतुर्थी के अवसर पर निकली शोभा यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (नि.स.)।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर शहर में सभी घरों में भगवान गणेश जी का विधि विधान से पूजन किया और लड्डुओं का भोग लगाया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर में कई जगह पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना भी की गई है। यहां पर श्रद्धालुओ द्वारा प्रति दिन विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी तथा कई प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और अन्नत चतुर्दशी पर इन प्रतिमाओं का शोभा यात्रा निकालकर विसर्जन किया जाएगा। गणेश चतुर्थी की पावन संध्या पर दानेश्वर मंडल द्वारा भगवान गणेश जी की शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा परंपरागत तरीके से निकली गई जिसमें युवा वर्ग भगवान गणेश जी की झांकी के सामने गोल आकर बनाकर गणेश जी के परंपरागत लोकगीतो की धुन पर एक दूसरे से डंडो को भिडाते हुए चल रहे थे। जो मनसा पूर्ण गणेश जी मंदिर पर पहुंचे और वहां पर भगवान गजानन की महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया ।

## रावतभाटा हॉट चौक में गूँजे 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे

### धूमधाम से हुई रावतभाटा के हॉट चौक के राजा की स्थापना

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** श्री रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल एवं टीम निवाला सेवा समिति के संस्थापक विजय गुप्ता ने बताया कि गणेशोत्सव का पर्व पूरे शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में हॉट चौक के राजा गणपति बप्पा की भव्य स्थापना की गई ओर समिति के सभी भक्तों ने उत्साह और आस्था के साथ विघ्नहर्ता गणेश का स्वागत किया । अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि आज शाम को 5 बजे गणपति स्थापना मुख्य अतिथि द्वारा की गई जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन राजकुमार वधवा, भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा, पूर्व अध्यक्षा मंजुलता जंगम, तन्वी शर्मा, रेखा लोधा, विनीता अग्रवाल , बालकिशन गुलाटी, कानाराम चारण, हरीश प्रजापत, मानक सेन , मदन सोनी, हरिमोहन राठौर, मिथलेश सिंह, रूपा ने दीप



प्रज्वलित कर पूजा की शुरुआत की । समिति सचिव अर्जुन तिवारी ने बताया कि स्थापना समारोह में मंत्रोच्चारण और वैदिक विधि से गणेश प्रतिमा का विधि विधान से पूजन अर्चन संपन्न हुआ ओर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सामूहिक आरती में शामिल होकर सभी ने सुख-समृद्धि, और शांति की कामना की। मंच संचालन ओर आभार समिति के संरक्षक मोहमद हुसैन बंगाली ने किया । प्रतिदिन 10 दिवस तक भव्य महाआरती ओर प्रसाद वितरण होगा और बच्चों के खेल कूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, थाली सजाओ प्रतियोगिता, छप्पन भोग , भजन संध्या, विशाल भंडारा,अन्य कार्यक्रम होंगे । इस दौरान संतोष पर्सेंडिया, सुनील लक्षकार, राजू कोली, आकाश जैन, दिनेश मलिक, शुभम सोनी, गौतम , सुमित, अभिषेक, मौजूद थे ।

## नगर निगम कोटा दक्षिण ने अवैध रूप से संचालित मीट, मास, मछली के रेस्टोरेन्ट को किया सीज...

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(दामोदर सिंह)।** 27.08.2025 को नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त अनुराग भार्गव के आदेश अनुसार विज्ञान नगर में अवैध रूप से संचालित मीट, मास, मछली के रेस्टोरेन्ट असली जायका को दक्षिण निगम प्रशासन द्वारा सीज किया गया। नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में प्लॉट नं. 03 अमन कॉलोनी विज्ञान नगर में आवासीय भूमि पर अवैध व्यवसायिक निर्माण कर अवैध रूप से बिना फायर एनओसी व बिना ट्रेड लाईसेन्स अनुमति, नगरीय कर जमा किये बिना मीट, मांस, मछली के रेस्टोरेंट का संचालन किया जा रहा था। जिसके संबंध में राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 182 एवं सहपठित धारा



337 एवं धारा 194 (7) (एफ) एवं राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग नियम 2010 के उल्लंघन का नोटिस क्रमांक 6200 दिनांक 05.08.2025 के द्वारा जारी किया गया था। परन्तु उक्त रेस्टोरेन्ट असली जायका द्वारा नियमों की अवहेलना करने पर संचालित रेस्टोरेन्ट को आगामी आदेश तक सीज किया गया है। सीज किये गये रेस्टोरेन्ट संचालक को नोटिस दिया गया की यदि आपके द्वारा सीज को खुर्द-बुर्द किया गया तो निगम द्वारा आपराधिक मामला दर्ज कराने की कार्यवाही अमल में लायी जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी रेस्टोरेन्ट संचालक की होगी। कार्यवाही दक्षिण निगम की उपायुक्त भावना सिंह के निर्देशन में हुई। इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी ऋचा गौतम, सहायक अभियंता एवं अतिक्रमण प्रभारी तोसिफ खान, राजस्व अधिकारी विजय अग्निहोत्री, सहायक राजस्व निरीक्षक रियाजुद्दीन एवं ललित सिंह, कार्यवाहक स्वास्थ्य निरीक्षक निरीक्षक सुनिल, अतिक्रमण इंचार्जज मुकेश तंवर मय जाप्ता, स0 कर्मचारी राहुल, विज्ञान नगर थाना पुलिस बल एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पेयजल की समस्या को लेकर महिलाओं ने जलदाय विभाग में किया प्रदर्शनबर्तन बजाकर किया विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (नि.स.)।** उपखंड शहर में गत दिनों हुई अतिवृष्टि से शहर के हालात बिगड़ गए है। अतिवृष्टि के चलते मेज नदी में पानी के तेज बहाव में जलदाय विभाग की पाइप लाइने बह गई वही विद्युत विभाग के विद्युत पोल कई जगहों से उखाड़ गए।

जिसके चलते आमजन को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। मेज नदी के बहाव में विद्युत पोल ढह जाने तथा पाइप लाइनों की के बह जाने से जलदाय विभाग द्वारा शहर में पानी की आपूर्ति एक दिन छोड़ कर एक दिन की जा रही है वही कई वार्डो में टैंकरों द्वारा पानी की आपूर्ति की जा रही है।

टैंकरों से पानी पहुंचाने के दौरान मोहल्ले में सभी लोगों को प्रयाप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके चलते गुस्साई महिलाओं ने पानी की मांग को लेकर मेज नदी फिल्टर प्लांट पर पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने गगरे बजाकर कर विरोध प्रदर्शन किया जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र ही पानी की आपूर्ति को बहाल करवाने का आश्वाशन दिया।



दैनिक बढ़ता राजस्थान

# गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज जयंती धूमधाम से मनाई



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा धौलपुर सहित सर्व समाज द्वारा पवित्र तीर्थ स्थल मचकुंड श्री सीताराम जी मंदिर परिसर में गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज महान की जयंती एवं अंतर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना से हुई, इसके बाद सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि यह दिवस पूरे देश में 19 राज्यों में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जगह-जगह भंडारे, रैलियां, रक्तदान शिविर और फल वितरण जैसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि सम्राट मिहिर भोज महान एक गुणी, बलवान, न्यायप्रिय और राष्ट्र रक्षक शासक थे, जिन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों को 300 वर्षों तक भारत में प्रवेश नहीं करने दिया और देश की सुरक्षा सुनिश्चित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक तीर्थराज मचकुंड मेले की तैयारियां पूरी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर।** कल से शुरू हो रहे ऐतिहासिक एवं विशाल तीर्थराज मचकुंड मेले को लेकर प्रशासन और पुलिस ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बुधवार को जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने मेला स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने बिजली, पानी, चिकित्सा, स्वच्छता सहित सभी सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। नगरपरिषद प्रशासन को चल-अचल शौचालय, पार्किंग व्यवस्था और पॉलीथिन पर रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाने और नशे जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

मचकुंड परिसर में स्थायी पुलिस चौकी व नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मेला क्षेत्र, परिक्रमा मार्ग, घाटों, मंदिरों और प्रवेश-निकास स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पैदल गश्ती दल, असामाजिक तत्वों पर निगरानी के लिए सादा वस्त्रों में पुलिसकर्मी तथा लगातार निगरानी के लिए मोटरसाइकिल गश्त दल भी तैनात रहेंगे। यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी उप निरीक्षक आशुतोष चरण को सौंपी गई है। सभी वाहनों की पार्किंग व्यवस्था मेला ग्राउंड में ही की जाएगी।

# रिद्धि सिद्धि सहित पधारे है उदयपुर के मन्नत वाले राजा



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** गणेशचतुर्थी के अवसर पर आज लखारा चौक-मार्शल चौराहा रोड़ स्थित मन्नत वाले राजा रिद्धि सिद्धि सहित पधारें,जिनके भव्य आतिशबाजी के साथ बप्पा के प्रथम दर्शन हुए। इस अवसर पर उन्हें 51 किलो लड्डू का भोग लगाया गया और दर्शन लाभ लेने के लिए भक्तों की खूब भीड़ उमड़ पड़ी।

बप्पा को अलौकिक एवं ऐतिहासिक रूप से बप्पा को विशेष आभूषण के साथ सजाया गया। मंडल के संचालक विशाल जैन ने बताया कि इस बार बप्पा ने 16 भुजाओं के साथ दर्शन दिये। उनके साथ 3 देवियों का स्वरूप देखने को मिला है जो कि आज तक राजस्थान के इतिहास में पहली बार एक साथ देखा गया। बप्पा के स्वागत में जिसमें नासिक के ढोल गाजे बाजे बजाये गये। फायर शो के साथ ही बप्पा के दर्शन हुए।

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने मुख्य सचिव व कार्मिक सचिव को भेजा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर।** राजकीय कार्यालयों एवं स्कूलों में कार्यरत हजारों कार्मिकों का जुलाई माह का इंक्रीमेंट अटका हुआ है, क्योंकि वे 25 अप्रैल तक अपनी अचल संपत्ति विवरण (आईपीआर) ऑनलाइन दर्ज नहीं कर पाए। इस संबंध में बुधवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने मुख्य सचिव और कार्मिक सचिव को ज्ञापन भेजकर राजकाज पोर्टल दोबारा खोलने की मांग की है।

महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने ज्ञापन में बताया कि प्रदेशभर के अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी निर्धारित समय सीमा में अपना ढ्ढक्कक्रपोर्टल पर अपलोड नहीं कर सके, जिससे उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी गई है।

जबकि परंपरागत रूप से हर वर्ष विभाग समयसीमा बढ़ाकर कर्मचारियों को एक और अवसर देता रहा है, लेकिन इस बार पोर्टल नहीं खोला गया।

उन्होंने कहा कि इस कारण हजारों कार्मिक वेतन वृद्धि से वंचित हो रहे हैं और सेवाकाल में उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

महासंघ के जिला महामंत्री रविंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया गया है कि कर्मचारी हित में निर्णय लेते हुए राजकाज पोर्टल को पुन: खोला जाए, ताकि कर्मचारी अपना अचल संपत्ति विवरण जमा कर सकें और वार्षिक वेतन वृद्धि से वंचित न रहें।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 : धौलपुर जिले से 979 श्रद्धालु चयनित

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार वरिष्ठ नागरिकों की आस्था, संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जुड़े रहने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में देवस्थान विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के अंतर्गत धौलपुर जिले की लॉटरी प्रक्रिया मंगलवार को जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला कलक्टर ने बताया कि जिले से इस योजना के लिए कुल 1127 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लॉटरी द्वारा 979 वरिष्ठ नागरिकों का चयन किया गया। इनमें 874 रेल यात्रा तथा 105 हवाई यात्रा के लिए चयनित हुए हैं। इसके अतिरिक्त रेल यात्रा हेतु 689 और हवाई यात्रा हेतु 105 लोगों की प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई। इस योजना के अंतर्गत चयनित वरिष्ठजन रेल द्वारा रामेश्वरम, मदुरई, जगन्नाथपुरी, तिरूपति, द्वारकापुरा, सोमनाथ, वैष्णोदेवी, अमृतसर, प्रयागराज, वाराणसी, मथुरा, वृंदावन, सम्मेद शिखर, पावापुरी, उज्जैन, ओंकारेश्वर, गंगासागर, कामाख्या, हरिद्वार, ऋषिकेश, बिहार शरीफ व बेलनकानी चर्च की यात्रा करेंगे। वहीं हवाई यात्रा के तहत श्रद्धालु पशुपतिनाथ व काठमांडू दर्शन करेंगे। यदि आवेदक व उसके जीवनसाथी की आयु 75 वर्ष से अधिक है तो उन्हें एक सहायक साथ ले जाने की अनुमति आयुक्त, देवस्थान विभाग द्वारा दी जा सकेगी।

जिला कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और आस्था के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह योजना न केवल उन्हें धार्मिक स्थलों के दर्शन कराएगी बल्कि उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा और मानसिक शांति भी प्रदान करेगी। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए.एन. सोमनाथ, संयुक्त निदेशक डीओआईटी बलभद्र सिंह, सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग मुकेश कुमार मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कार्य निर्विघ्न पूर्ण होंगे - श्री हरि चैतन्य महाप्रभु



बढ़ता राजस्थान

**कामां/भरतपुर।** तीर्थराज विमलकुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम में आयोजित प्रवचन में आश्रम संस्थापक एवं पीठाधीश्वर, विश्वविख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी जी महाराज ने गणेश जी के स्वरूप से मिलने वाली शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गणेश जी के प्रत्येक अंग का गहरा आध्यात्मिक और व्यावहारिक संदेश है, जिसे अपनाकर मनुष्य अपने कार्य निर्विघ्न पूर्ण कर सकता है। महाराज जी ने गणेश जी के स्वरूप की व्याख्या वैज्ञानिक दृष्टिकोण से करते हुए भक्तों को जीवन में शांति, धैर्य और सकारात्मकता अपनाने की प्रेरणा दी।

# शहर में निकली भगवान गजानन की शोभायात्रा, घर-घर हुई गणेश स्थापना



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भाद्र मास शुक्ल पक्ष चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को शहर में घर-घर भगवान गणेश की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। वहीं एक दर्जन से अधिक स्थानों पर सामूहिक रूप से कलश और शोभायात्रा के साथ भगवान गजानन की प्रतिमाओं को पंडालों में विराजमान कराया गया। अब अनंत चतुर्दशी तक 11 दिनों तक धार्मिक कार्यक्रमों और सुबह-शाम महाआरती का आयोजन होगा। सुनार गली स्थित बाल गणेश नवयुवक मंडल और बालेश्वर महादेव मंदिर मंडल सहित शहर के विभिन्न मंडलों ने भव्य शोभायात्रा निकालकर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की। सत्यनारायण धर्मशाला और अग्रवाल धर्मशाला में भी गणेश महोत्सव धूमधाम से शुरू हुआ। भक्तों ने जगह-जगह कलश और शोभायात्रा का स्वागत किया तथा गणेश आरती और वंदना में शामिल होकर धार्मिक उल्लास व्यक्त किया।

# जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

## लंबित कार्य शीघ्र पूरे कर जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू बनाने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और जलापूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन जलापूर्ति चालू होना शेष है, उन्हें शीघ्र ही ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों को हस्तांतरित किया जाए, ताकि ग्रामीण स्तर पर समस्याओं का समाधान तत्परता से हो सके। साथ ही धीमी गति से चल रहे कार्यों के संबंध में संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्ण की गई परियोजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होना चाहिए, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर में नियमित जलापूर्ति, जलस्त्रोतों की गुणवत्ता परीक्षण और स्वीकृत योजनाओं की कार्यगति तेज करने के भी निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए.एन. सोमनाथ ने अधिकारियों से कहा कि जल जीवन मिशन की प्राथमिकताओं को गंभीरता से लें और निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य प्राप्त करें।

उन्होंने जल पाइपलाइन बिछाने के बाद रोड रिपेयर की थर्ड पार्टी से जांच करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में विधायक राजाखेड़ा रोहित बोहरा, विधायक बसेड़ी संजय जाटव, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी राजकिरण यादव, अधीक्षण अभियंता जेवीवीएनएल राजेश कुमार वर्मा, पीएचईडी के धौलपुर-बाड़ी खंड के अधिशाषी अभियंता, सभी उपखंडों के सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपराध को रोकें और पीड़ित को न्याय दिलाएं

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर।** आईजी भरतपुर रेंज कैलाश विश्नोई मंगलवार को धौलपुर पहुंचे, जहां एसपी विकास सांगवान ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने अपराध गोष्ठी में भाग लिया और जिले की कानून व्यवस्था तथा थानावार अपराध नियंत्रण की समीक्षा की। गोष्ठी में आईजी ने अपराध प्रबंधन की गहराई से समीक्षा की और जिन मामलों में कमी पाई गई, उनमें सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध बजरी खनन और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के साथ यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी पुलिसकर्मी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर दोनों क्षेत्रों में अपराध करने वाले अपराधियों पर संयुक्त कार्रवाई करने, आमजन से बेहतर तालमेल रखने, गश्त के दौरान बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में संवाद बढ़ाने, थानों और कार्यालयों में आने वाले परिवादियों की संवेदनशीलता से सुनवाई कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने पर जोर दिया। आईजी ने साइबर अपराधों को कम करने के लिए जागरूकता बढ़ाने, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हॉटस्पॉट चिन्हित कर नियमों का सख्ती से पालन कराने, महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, गुंडा एक्ट व राजपाशा के अंतर्गत अधिक कार्रवाई करने, इनामी बदमाशों, वारंटियों और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के निर्देश दिए। साथ ही नाकाबंदी और रात्रिकालीन गश्त के दौरान सतर्कता बरतने पर बल दिया।

### सदर थाने में जनसुनवाई, देरी की शिकायतें

आईजी कैलाश विश्नोई ने थाना सदर में जनसुनवाई की। इसमें अधिकतर शिकायतें पुलिस द्वारा मामलों की जांच और कार्रवाई में देरी की मिलीं। इस पर उन्होंने एसपी विकास सांगवान को निर्देश दिए कि पीड़ितों की सुनवाई थानों पर ही हो, ताकि उन्हें एसपी या वृत्ताधिकारी के कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# छात्र रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के तहत बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किला के विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु रैली का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर और विभिन्न नारों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। रैली किला परिसर से शुरू होकर पुराना थाना, कुशवाहा कॉलोनी, किला गेट होते हुए पुन: विद्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर संस्था के सामाजिक विकास अधिकारी पंकज शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्य हरिओम सिकरवार, अध्यापकगण और छात्र मौजूद रहे।

# तीर्थंकर भी मनाते है पर्युषण पर्व: ज्ञानचन्द महाराज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** अरिहंत भवन में आयोजित धर्मसभा में बोलते हुए जैनाचार्य ज्ञानचंद्र म.सा ने कहा कि समणे भगवं महावीरे सवी सराइं मासे वइक्कंते सतरिएहिं राइंदिएहिं सेसेहिं वासावासं पज्जोसवेई' अर्थात् जैन आगमों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि श्रमण भगवान महावीर ने एक मास, 20 दिन याने पचासवें दिन जब 70 दिन अवशेष रहे, तब संवत्सरी पर्व मनाया। जैन पंचांग में एक मास की वृद्धि तिथि होती नहीं है। आज संवत्सरी के दिन जैनी उपवास करके, सभी पापों से दूर रहकर, एक साथ 'खामेमि सव्वेजीवा' के पाठ से विश्व कल्याण की कामना करते हैं। वैज्ञानिक वासिलिएव कामिनिएव, वैज्ञानिक वेकेस्टर, वैज्ञानिक निजीन्सकी आदि रिसर्च से यह स्पष्ट है कि आपकी सोच का प्रभाव दूर-दूर तक जाता है। जब लाखों जैनी आज के रोज पापों से निवृत्त होकर, उपवास के साथ विश्व कल्याण की कामना करते हैं तो विश्व शांति का संचार होता है। इसलिए भगवान महावीर को विश्व वंदनीय कहा जाता है। भगवान महावीर का शासन साढे 18 हजार साल तक चलेगा। तब तक इस देश में भगवान महावीर के साधु साध्वी, श्रावक श्राविका रहेंगे।

ऐसी स्थिति में अमेरिका, चीन, रूस सब भारत के दुश्मन हो जाए। सभी भारत को खत्म करने में लगे, तब भी हमारा देश खत्म नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि यह ऋषि मुनियों का देश है। सबसे अधिक त्यागी महात्मा, अहिंसक, सदाचारी इस देश में है, उतने कहीं नहीं है। काली, महाकाली रानियों का वर्णन शास्त्र में आया है। जिनके पुत्र चेड़ा कोणिक युद्ध में मारे गए। जिनको भगवान ने बतलाया था जिसे सुनकर दीक्षा लेकर, घोर तपस्या करके सब मोक्ष चली गई।

संवत्सरी के लिए उदायन, चंडप्रघोत का उदाहरण, उदयपुर के राजा जयकेशी नरवीर का इतिहास, संवत्सरी के दिन भी खाने वाले कुरगुडूक मुनि की कथा, संवत्सरी के दिन उपवास करने जाने वाले श्रीयक कुमार का जीवन प्रसंग हम सबके सामने हैं।

आज के दिन हमें अपने पापों की आलोचना करना है, अपने पाप धोने हैं। दूसरों के नहीं, अपनी तरफ देखें। न्यूयॉर्क में स्टेट बैंक में घटी लोम्युजॉम का 'मे गॉड ब्लेस यू' का जीवन प्रसंग शुद्ध कल्याण की कामना की विशेषता को स्पष्ट करता है। हमें खतरों से बचना है तो गुरु और धर्म के साथ लगें रहें। धागे में गांठ पड़ सकती है, लेकिन भाई-भाई के खून के रिश्ते टूटने पर भी बिना गांठ के एकमेक हो सकते हैं। जब तक मन की वैर विरोध की गांठ नहीं खुलेगी, तब तक सारी धर्म साधना सही नहीं हो सकेगी।

# दूषित लड्डू की शिकायत पर कार्यवाही

## घी व मिठाइयों के लिए नमूने

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सी एम एच ओ द्वितीय की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मिठाइयों एवं घी के नमूने लिए। सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि दूषित लड्डू बेचने की शिकायत पर श्योपुर रोड प्रताप नगर स्थित मैसर्स जनता जोधपुर स्वीट होम से टीम ने मोतीचूर लड्डू एवं मिठाइयां तैयार करने में उपयोग में लिए जा रहे घी के सैंपल लिए। टीम द्वारा निरीक्षण में अन्य कमियां भी पाई गई हैं जिसके लिए फर्म को नोटिस जारी किया जाएगा।

# अग्रसेन जयंती पर होगा विशाल सर्व समाज रक्तदान शिविर

## अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी की बैठक ओम टावर में आयोजित हुई, जिसमें आगामी 31वें विशाल सर्व समाज रक्तदान शिविर की तैयारियों पर चर्चा की गई। यह शिविर अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष दिलीप मंगल ने बताया कि फाउंडेशन पिछले पाँच वर्षों से अग्रसेन जयंती पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित करता आ रहा है।

इसी क्रम में इस वर्ष भी यह आयोजन भव्य स्तर पर होगा। संरक्षक रामनिवास गर्ग अग्रवंशी ने जानकारी दी कि गत वर्ष जिले का ऐतिहासिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ था, जिसमें 521 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक रोहित मंगल ने अधिक से अधिक रक्तदाताओं को रजिस्ट्रेशन कराने की अपील करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जिंदगी बचा सकता है।

सचिव सागर बंसल ने बताया कि प्रत्येक रक्तदाता को मोमेंटो और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सुनील बंसल, संदीप बंसल, निरंजन मंगल, रवि मोदी, मनीष मित्तल, पवन गर्ग, मोहित मंगल, अभय गर्ग, रिंकू गर्ग, विष्णु, गिर्राज, अमित मंगल, नमन गर्ग, संजय बंसल, राजेंद्र सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# संवत्सरी पर श्रावक श्रीविकाओं ने रखे उपवास, की भक्ति

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** पर्वाधिराज पर्युषण के अंतिम दिन श्वेताम्बर वासुपूज्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में बुधवार को संवत्सरी पर्व धूमधाम से मनाया गया। साध्वी विरलप्रभा श्रीजी, साध्वी विपुलप्रभा श्रीजी और साध्वी कृतार्थप्रभा श्रीजी की पावन निश्रा में बारसा सूत्र का वाचन हुआ। इस अवसर पर श्रावक श्राविकाओं ने उपवास भी रखे। शाम को प्रतिक्रमण के बाद क्षमा याचना का दौर शुरू हो गया।

साध्वी विरलप्रभा श्रीजी ने कहा कि वर्ष का अंतिम दिवस संवत्सरी है। गत वर्ष में जो त्रुटियां हुई है, उसके लिए क्षमा दे दो और क्षमा ले लो। पुराने बहीखाते निपटा देना और कल से नए बहीखाते डालना।

साध्वी विपुलप्रभा श्रीजी ने कहा कि चार ज्ञान के धारी गौतम स्वामी, आनंद श्रावक के पास क्षमायाचना करने चले गए। परंतु अहंकार के पुतलों को अहंकार क्षमा नही मांगने देता और तिरस्कार क्षमा नही करने देता। इस अवसर पर सभी को सप्ताह में सात दिन क्रोध करने का त्याग कर देना चाहिए। सोमवार से सप्ताह प्रारंभ होता है, मंगलवार मंगलकारी होता है, बुध को युद्ध नही करना चाहिए, गुरुवार तो गुरु का होता है, शुक्रवार शुक्रिया अदा करने के लिए होता है, शनिवार शनि की दशा लगा देता है और रविवार तो होली डे कहलाता है।

ट्रस्ट सचिव दलपत दोशी ने बताया कि तपस्वियों के पारणे करवाये गए। मंदिर में अष्ट प्रकारी पूजा हुई। कई श्रावक-श्राविकाओं ने पांच, तेला, बेला, उपवास, आयम्बिल, एकासन के भी प्रत्याख्यान लिए।

## चित्तौड़गढ़ दुर्ग क्षेत्र में सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर रोकथाम एवं जनजागरूकता अभियान

### 90 किलो पॉलिथीन जप्त, 6800 का जुर्माना वसूला

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार नगर परिषद चित्तौड़गढ़ द्वारा बुधवार को चित्तौड़गढ़ दुर्ग स्थित कालिका माता मंदिर, विजय स्तंभ एवं फतह प्रकाश महल के आस-पास स्थित व्यावसायिक एवं आवासीय क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आमजन एवं पर्यटकों को समझाइश दी गई कि सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक बैग, बोतलें एवं पैकेजिंग सामग्री से न केवल कचरा और प्रदूषण बढ़ता है बल्कि इसमें पाए जाने वाले रसायन मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं। फेंके गए प्लास्टिक से सड़कों पर गंदगी फैलती है और आसपास का वातावरण बदसूरत होता है। इसके विकल्प के रूप में पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को अपनाने हेतु कपड़े के थैलों का वितरण किया गया।

साथ ही दुकानदारों एवं रेहड़ी वालों को गीले एवं सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करने, कचरा सड़क पर नहीं फैलाने और उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डालने के लिए प्रेरित किया गया।

नगर परिषद टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान 90 किलो पॉलिथीन जप्त कर 6800 का जुर्माना भी वसूला गया। इस अवसर पर आमजन से दुर्ग क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त रखने की अपील की गई।

## ग्राम विकास अधिकारी 6,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां/बूंदी।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) बूंदी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) कन्हैया लाल गौतम को 6,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत गुड़ा देवजी, तहसील नैनवां, जिला बूंदी में पदस्थापित है। उसने परिवादी से उसके पिता जगदीश प्रसाद नागर के नाम जारी पट्टे का पंजीकरण करवाने की एवज में रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने पर एसीबी कोटा रेंज के डीआईजी आनंद शर्मा के सुपरवीजन में एसीबी बूंदी टीम ने बुधवार को नैनवां पंचायत समिति परिसर स्थित महादेव मंदिर प्रांगण में ट्रैप कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आरोपी को परिवादी से रिश्वत की राशि लेते रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

उसके पैंट की जेब से 6,000 रुपये बरामद किए गए। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

आरोपी से पूछताछ जारी है। अचानक हुई इस कार्रवाई से नैनवां कस्बे में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग पंचायत समिति परिसर पहुंच गए। एसीबी की टीम ने पूरे मामले को कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ाया।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में 1252 यात्रियों का चयन

### 134 यात्री हवाई जहाज से एवं 1118 यात्री रेल से करेंगे यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के तहत देवस्थान विभाग एवं प्रभारी मंत्री के निर्देशानुसार विभाग की ओर से संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को रेल एवं हवाई मार्ग से धार्मिक स्थलों की यात्रा कराने के लिए बुधवार को जिला कलक्टर आलोक रंजन की उपस्थिति में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में लॉटरी प्रक्रिया सम्पन्न की गई। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बताया कि कुल 3795 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से वैधानिक प्रक्रिया के तहत कुल 1252 यात्रियों का चयन किया गया है,

जिनमें से 134 यात्री हवाई जहाज से तथा 1118 यात्री रेल द्वारा तीर्थ यात्रा पर जाएंगे। जिला कलक्टर ने चयनित यात्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन में यादगार अवसर है, जिससे उन्हें धार्मिक स्थलों के दर्शन का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि चयनित यात्रियों के प्रतीक्षा सूची एवं अतिरिक्त प्रतीक्षा सूची भी तैयार की गई है।

सभी चयनित यात्रियों को विभाग की ओर से स्स्स के माध्यम से सूचना उपलब्ध करा दी जाएगी।

लॉटरी प्रक्रिया के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) रामचंद्र खटीक, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ताराचंद गुप्ता, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के उपनिदेशक प्रवीण जैन, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक विवेक जोशी, देवस्थान विभाग के सुनील मीना, पुलिस विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस उपअधीक्षक बी.एल. राव का परिषद की ओर से सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** 27 अगस्त 2025 को निंबाहेड़ा में पुलिस उपअधीक्षक बद्री लाल राव का राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद की ओर से सम्मान किया गया। प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष बिहारी लाल सोलंकी ने बी.एल. राव को उपरना पहना कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं।

इस अवसर पर पुलिस उपअधीक्षक राव ने परिषद के सम्मान और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

## विधायक कृपलानी ने विधिविधान से की श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को नगर के विभिन्न मोहल्लों, गली-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाओं की स्थापना उत्साहपूर्वक की गई। इस क्रम में उपनगरीय क्षेत्र वसुंधरा विहार स्थित मुख्यमंत्री आवास योजना परिसर में भी प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष प्रतिमा स्थापना का आयोजन हुआ।

पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने विधिविधान से पूजा-अर्चना कर भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, वर्तमान नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, महामंत्री देवकरण समदानी, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष ललित प्रकाश शारदा, पीयूष शारदा, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रकाश शर्मा तथा दीपक मेनारिया बोरखेड़ी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे और आरती में शामिल हुए। प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलोनीवासियों ने श्यामदास बैरागी, अरविंद सिंह चुंडावत, जयसिंह मीणा, मदन नायक, राकेश सिंह पंवार, कमलेश शर्मा, अनिल साहू, सुनील वैष्णव, मोहित नागदा, हरिसिंह सोलंकी, नितेश मेनारिया, विजय नागदा, अजय नागदा और राहुल गौड़ आदि ने अतिथियों का मंगल तिलक व उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान श्री गणेश जी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## नए एडीएम ओपी मीणा ने संभाला कार्यभार



बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा/भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिले के हटने के बाद हुए प्रशासनिक पुनर्गठन के तहत शाहपुरा में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) के रूप में ओपी मीणा ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। एडीएम कार्यालय पहुंचने पर कार्यवाहक एडीएम राजकेश मीणा और प्रशासनिक अधिकारी धर्मेंद्र ने उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद ओपी मीणा ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाना और आमजन को उसका समय पर लाभ उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनसुनवाई नियमित रूप से आयोजित की जाएगी और जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। मीणा ने कहा कि शासन की मंशा आम आदमी को समय पर राहत दिलाने की है, इसलिए हर स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य किए जाएंगे। एडीएम के पदभार संभालने से शाहपुरा क्षेत्र में लोगों के बीच नई उम्मीद जगी है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि जिले के हटने के बाद प्रशासनिक ढांचे में आई कमी को दूर करने में उनकी तैनाती महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा विकास कार्यों व जनसमस्याओं के समाधान को गति मिलेगी।

## मांडलगढ़ में 69वीं वृत्त स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय मांडलगढ़ के खेल मैदान में बुधवार, 27 अगस्त को 69वीं वृत्त स्तरीय 14 वर्ष आयु वर्ग वॉलीबॉल छात्र खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। फाइनल मुकाबला राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय माकड़िया और मॉडल स्कूल मांडलगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें माकड़िया विद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। प्रतियोगिता का सफल आयोजन सिद्धार्थ उच्च माध्यमिक विद्यालय, मांडलगढ़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर राउप्रावि माकड़िया के प्रधानाध्यापक हरीश कुमार त्रिपाठी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कन्या भ्रूण हत्या व गौ हत्या रोकथाम का संदेश लेकर श्रीचारभुजा नाथ गढ़बोर तक निकलेगी पदयात्रा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** श्रीचारभुजा गौ सेवा संघ भीलवाड़ा की ओर से कन्या भ्रूण हत्या और गौ हत्या की रोकथाम, स्वच्छ भारत अभियान का संदेश तथा भारतीय सेना के सफल ऑपरेशन 'सिन्दूर' की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से 28 अगस्त, गुरुवार से पदयात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा भीलवाड़ा से शुरू होकर श्रीचारभुजा नाथ गढ़बोर तक पहुंचेगी।

संघ के महामंत्री व पार्षद विजय कुमार लढ़ा ने बताया कि पदयात्रा का शुभारंभ शाम 5:15 बजे श्रीपंचमुखी दरबार मंदिर प्रांगण से होगा।

## गूगल मैप से बंद मार्ग पर चले जाने से वाहन पानी के तेज बहाव में बहा

### वाहन में सवार थे 9 व्यक्ति, 5 व्यक्तियों को सुरक्षित बचाया गया, 4 व्यक्तियों की जान गई, 3 के शव मिले, एक की तलाश जारी

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** राशमी कस्बे के पास देर रात भीलवाड़ा से आ रहे वाहन चालक ने गूगल मैप से रास्ता ढूंढते हुए बंद मार्ग पर चले जाने से वाहन पानी के तेज बहाव में बह गया। सूचना मिलते ही स्थानीय स्तर पर बचाव कार्य शुरू किया गया तथा प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित किया गया। इस दौरान उपरेड़ा निवासी श्री अब्दुल जब्बार पुत्र श्री शरीफ ने अपने जीवन की परवाह किए बिना नदी के बहाव के विपरीत जाकर 5 व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला। दुर्भाग्यवश 4 व्यक्तियों को बचाया नहीं जा सका, जिनमें 2 बच्चे भी शामिल थे। अब तक 3 व्यक्तियों के शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि एक की तलाश जारी है। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर, जिला कलक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी सहित संपूर्ण प्रशासनिक टीम मौके पर मौजूद रहकर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी है।

## लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करें

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गंभीरता से कार्य करते हुए लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। वे बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

कलक्टर ने कहा कि नामांतरण, भू-रूपान्तरण और कन्वर्जन जैसे सभी प्रकार के राजस्व प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा निर्धारित समयसीमा में समाधान किया जाए। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों और कोर्ट केसों के निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ पंजीयन विभाग में तय लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति लाने पर भी जोर दिया। बैठक में भू-आवंटन, भूमि अधिग्रहण, सीमा ज्ञान, भू-अभिलेख, पत्थरगढ़ी, फसल कटाई प्रयोग और पब्लिक लैंड प्रोटेक्शन सेल से जुड़े मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलक्टर ने उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें, ई-फाइलों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें और औसत निपटान समय कम करें। साथ ही उन्होंने 'संपर्क पोर्टल' पर दर्ज मामलों का प्रभावी समाधान कर जनता की संतुष्टि बढ़ाने के भी निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ गौरव गर्ग ने पर्यावरण एवं वन क्षेत्र से संबंधित विषयों पर चर्चा की। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए भूमि अवाप्ति, सरकारी कार्यालयों व संस्थाओं को भूमि आवंटन, राजस्व वसूली, विधि अनुभाग, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, ई-फाइल प्रगति और पंजीयन विभाग की स्थिति पर भी विमर्श किया गया।

एडीएम प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा ने अधिकारियों से कहा कि दिए गए सभी दिशा-निर्देशों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करें और प्रकरणों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से भेजें। बैठक में जिले के सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गणेश चतुर्दशी पर सगस मित्र मंडल द्वारा गणेश प्रतिमा की स्थापना

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** गणेश चतुर्दशी के अवसर पर नगर के नंदवाना समाज भवन में सगस मित्र मंडल की ओर से प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का विधिवत स्थापना समारोह आयोजित किया गया। यह स्थापना प्रातः 11 बजे पंडितों के मंत्रोच्चार और स्थानीय श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। दस दिवसीय गणेश महोत्सव के दौरान प्रतिदिन महिलाओं और पुरुषों की सहभागिता से गरबा कार्यक्रम तथा विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। स्थापना अवसर पर गिरिराज नंदवाना, भवानीशंकर चाष्टा, शांतिलाल, भेरूलाल भट्ट, विजय डाड, चंद्रगोपाल, जगदीश नंदवाना, दिनेश समदानी, जगदीश बोहरा, पूर्व पार्षद सतीश नंदवाना, छोटू नंदवाना, आशीष नंदवाना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## लॉयंस क्लब ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत किया वृक्षारोपण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** लायंस क्लब भीलवाड़ा ने अध्यक्ष पवन पंवार एडवोकेट के नेतृत्व में तथा आरसीएम समूह के लायन तिलोकचंद छाबड़ा के सहयोग से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण किया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पर्यावरण शुद्ध करने वाले पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम के संयोजक तिलोकचंद छाबड़ा ने कहा कि पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने के लिए इस तरह के प्रयास बेहद आवश्यक हैं।

उन्होंने सभी से अपील की कि हर व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसका संरक्षण भी करे। इस अवसर पर लॉयंस क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी विचार व्यक्त किए तथा अभियान को निरंतर सक्रिय रखने का संकल्प दोहराया। लॉयन्स आई हॉस्पिटल के चेयरमैन लॉयन जे.के. बागडोदिया ने भी पर्यावरण संरक्षण को समय की जरूरत बताते हुए इसे समाजसेवा से जोड़ने पर बल दिया।

कार्यक्रम में लायन सुधीर राठी, ललित सांखला, विनोद जैन, बालकिशन कालिया, अब्बास अली बोहरा, के.सी. अजमेरा, एन.के. जिंदल, त्रिलोक सोनी, प्रवीण गर्ग, ओ.पी. काबरा, जे.पी. अग्रवाल, रामगोपाल पारीक, अतुल पारीक सहित लायंस क्लब के सदस्य और आरसीएम समूह के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

सभी ने पौधे रोपित कर उनके संरक्षण और देखभाल का संकल्प लिया।

## चित्तौड़गढ़ दुर्ग क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोकथाम एवं जनजागरूकता अभियान

### 90 किलो पॉलिथीन जप्त, 6800 का जुर्माना वसूला

बढ़ता राजस्थान




**कपासन ( नि.स. )।** जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार नगर परिषद चित्तौड़गढ़ द्वारा बुधवार को चित्तौड़गढ़ दुर्ग स्थित कालिका माता मंदिर, विजय स्तंभ एवं फतह प्रकाश महल के आस-पास स्थित व्यावसायिक एवं आवासीय क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान आमजन एवं पर्यटकों को समझाइश दी गई कि सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक बैग, बोतलें एवं पैकेजिंग सामग्री से न केवल कचरा और प्रदूषण बढ़ता है बल्कि इसमें पाए जाने वाले रसायन मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं। फेंके गए प्लास्टिक से सड़कों पर गंदगी फैलती है और आसपास का वातावरण बदसूरत होता है। इसके विकल्प के रूप में पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को अपनाने हेतु कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। साथ ही दुकानदारों एवं रेहड़ी वालों को गीले एवं सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करने, कचरा सड़क पर नहीं फैलाने और उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डालने के लिए प्रेरित किया गया। नगर परिषद टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान 90 किलो पॉलिथीन जप्त कर 6800 का जुर्माना भी वसूला गया। इस अवसर पर आमजन से दुर्ग क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त रखने की अपील की गई।

## हत्या के प्रकरण में वांछित तीन इनामी वारंटी गिरफ्तार, जिला स्पेशल टीम की बड़ी सफलता

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) भीलवाड़ा ने हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे तीन स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन और शाहपुरा एएसपी राजेश आर्य व कोटड़ी वृत डीएसपी रविन्द्र कुमार यादव की सुपरवीजन में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों पर पांच-पांच हजार रुपये का इनाम घोषित था। इनमें हनुमान धाकड़, समीर पठान और सुरज उर्फ सुरेश सुवालका शामिल हैं। तीनों आरोपी वर्ष 2021 में दर्ज हत्या और अन्य गंभीर अपराधों के प्रकरण में वांछित थे और काफी समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे। डीएसटी ने ऐरिया डोमिनेशन अभियान के दौरान इनकी तलाश तेज की और 26 अगस्त को थाना काछोला क्षेत्र से इन्हें दबोच लिया। आरोपियों पर प्रकरण संख्या 123/2021 धारा 302, 452, 34, 120 बी, 212, 225 भादस तथा 3/25, 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। मामला वर्तमान में अपर सेशन न्यायालय संख्या-03 भीलवाड़ा में विचाराधीन है। गिरफ्तार आरोपियों में हनुमान धाकड़ (23) निवासी तिलक नगर, भवानी नगर, गांधी सागर पार्क के सामने थाना भीमगंज, जो कोतवाली थाना का हिस्ट्रीशीटर है। दूसरा आरोपी समीर पठान (21) निवासी जवाहर नगर, पठान बाड़ी वार्ड थाना प्रतापनगर, जो प्रतापनगर थाना का हिस्ट्रीशीटर है। वहीं तीसरा आरोपी सुरज उर्फ सुरेश सुवालका (21) निवासी बालाजी मंदिर के पास, जवाहर नगर थाना प्रतापनगर है। गिरफ्तारी में काछोला थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी, हैड कांस्टेबल प्रतापराम, कांस्टेबल ऋषिकेश मीणा और अमृत सिंह की विशेष भूमिका रही।

# नाहरपुरा मार्ग पर गड्ढों और गिट्टी से हादसों का खतरा



बढ़ता राजस्थान

**नाहरपुरा/बांसवाड़ा ( स्वराज डोडियार )।** बांसवाड़ा से आनंदपुरी वाया नाहरपुरा सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में होने के कारण हादसों का अंदेशा लगातार बना हुआ है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, वहीं बिखरी हुई मोटी गिट्टी राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

बारिश के बाद सड़कों की हालत और बिगड़ गई है। जानकारी के अनुसार, गर्मी के मौसम में विभाग ने गड्ढों को भरने के लिए कंक्रीट युक्त ग्रेवल डलवाया था, लेकिन बारिश में यह बह गया। इसके चलते गिट्टी सड़क पर फैल गई है और राहगीरों को दोहरी मुसीबत झेलनी पड़ रही है। गिट्टी पर फिसलकर कई लोग चोटिल हो चुके हैं। सबसे ज्यादा परेशानी काजलिया से चांदरवाड़ा रोड पर सामने आ रही है। नाहरपुरा निवासी वार्ड पंच सुभाष चंद्र डोडियार ने बताया कि इस टूटी सड़क पर चलने वालों को हमेशा गिरने का डर बना रहता है और कई दोपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो चुके हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से शीघ्र सड़क की मरम्मत की मांग की है।

# सिल्क मेले में कश्मीर और कोलकाता हैण्डलूम की धूम

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** नगर निगम प्रांगण में चल रहे सिल्क मेले में इन दिनों कश्मीर और कोलकाता के हैण्डलूम के आईटमों की धूम मची हुई है। इन हैण्डलूम के आईटमों की खासियत ही यह है कि यह आम तौर पर बाजारों में नहीं मिलते हैं। इनकी क्वालिटी बाजारों में मिलने वाले आईटमों से अलग होती है। कश्मीर से आये समीर ने बताया कि उदयपुर हमारे लिए कोई नया शहर नहीं है। हम पहले भी कई बार ऐसे मेलों में आते रहे हैं।

पिछली बार भी इसी सिल्क मेले में हम आए थे। उदयपुर में कश्मीरी शॉल, पशमीना, कुर्ते आदि को खूब पसन्द किया जाता है। हालांकि अभी बरसात का सीजन है, हमारे पास अभी ऑफ सीजन का माल है। कई बार लोगों की मानसिक स्थिति होती है कि अगर हम सर्दी के आईटम ऑफ सीजन में खरीदेंगे तो वह सस्ते मिल जाएंगे। हमारे पास भी सर्दी के लिए विभिन्न शॉले और गर्म कपड़े हैं। ऐसा नहीं है कि वह बिक नहीं रहे हैं। ऑफ सीजन के बावजूद हमारे कश्मीरी आईटमों को लोग खूब पसन्द कर रहे हैं और वाजिब दामों में खरीद कर ले जा रहे हैं।

कोलकाता से आए मनोज शाह ने बताया कि वह भी कई बार ऐसे मेलों में उदयपुर आ चुके हैं। श्हां के लोगों की प्यार और मोहब्बत ही हमें यहां इतनी दूर खींच कर लाती है। हम क्वालिटी वाला माल बेचते हैं तभी तो ग्राहक हमारे यहां से एक बार जो भी आईटम ले जाता है वह हमें याद करता है और दुबारा हमें ढूंढता हुआ मेले में हमारी स्टॉल पर आ ही जाता है।

# सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय में बीबीए पाठ्यक्रम प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** आयुक्तालय के आदेशानुसार सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय में सत्र 2025-26 से बीबीए पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश 25 से 30 अगस्त तक ऑफलाइन होंगे।

इच्छुक अभ्यर्थी वाणिज्य संकाय में संपर्क कर प्रवेश फार्म भर सकेंगे। कुल 60 सीटों की व्यवस्था की गई है। प्राचार्य प्रो. रेखा मण्डोवरा ने बताया कि महाविद्यालय में नया पाठ्यक्रम प्रारंभ होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से समय पर प्रवेश लेने का आह्वान किया।

# ब्यावर में गणेश चतुर्थी महोत्सव : प्रसन्न गणपति मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर गणेश चतुर्थी महोत्सव के अवसर पर बुधवार को सूरजपोल गेट के बाहर स्थित प्राचीन श्री प्रसन्न गणपति मंदिर में सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रथम पूज्य भगवान गणेश को नारियल, मोदक, लड्डू और चूरमे का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं ने मंगलकामनाएं कीं।

मंदिर के महंत फतह गिरी के सानिध्य में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। गणपति बप्पा के दर्शनों के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर परिसर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा।गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर न केवल प्रसन्न गणपति मंदिर बल्कि शहर के अन्य गणपति मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। दिनभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा और वातावरण भक्तिमय बना रहा। शहर में भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था चाक-चौबंद रखी। जगह-जगह पर पुलिस जवान तैनात रहे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# पिकअप ने खाई पलटी,दो ऊंटों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**बांदीकुई ( नि.स. )।** दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर भोजवाड़ा गांव में शाम को एक पिकअप ने पलटी मार दी। पिकअप में ऊंट सवार थे जो की दोसा से दिल्ली की तरफ जा रहे थे। पलटी खाने की वजह से ऊंट सड़क पर गिर गए इनमें से दो ऊंटों की मौत हो गई। सूचना के बाद कोलवा पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी घटना का जायजा लेते हुए घायल चालक को अस्पताल भेजा गया।

इस घटना के बाद रोड पर जाम जैसी हालत हो गई। हालांकि पुलिस ने रोड को सुचारू किया।

# बीकानेर में बड़ी कार्रवाई: बीएसएफ इंटेलीजेंस और पुलिस की संयुक्त टीम ने 2.7 किलो हेरोइन जब्त की, तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान





**खाजूवाला/बीकानेर ( दलीप नोखवाल )।** भारत- पाक बोर्डर पर बीएसएफ बीकानेर की इंटेलीजेंस ब्रांच को मिली पुख्ता खुफिया सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस के साथ एक संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें 2.700 किलोग्राम हेरोइन के पांच पैकेट जब्त किए गए। जब्त हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 12 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।

यह सर्च अभियान बीएसएफ राजस्थान फ्रंटियर के महानिरीक्षक एम.एल. गर्ग, क्षेत्रीय मुख्यालय बीकानेर के उपमहानिरीक्षक अजय लूथरा, इंटेलीजेंस ब्रांच जोधपुर के कार्यवाहक उपमहानिरीक्षक राजकुमार यादव, 140वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रभाकर सिंह तथा इंटेलीजेंस ब्रांच बीकानेर के उपकमांडेंट महेश चंद जाट के निर्देशन में संचालित किया गया। स्थानीय पुलिस रावला की भागीदारी से ग्राम 1 केवाईडी के क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान तस्कर सुखवंत सिंह के मकान में छापेमारी की गई, जहां से लवप्रीत सिंह उर्फ लाब सिंह निवासी आर्निवाला (फाजिल्का, पंजाब) को गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई। बीएसएफ इंटेलीजेंस ब्रांच के उपकमांडेंट महेश चंद जाट को खुफिया सूचना मिली थी कि पाकिस्तान की तरफ से भारतीय क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी की कोशिश की जाएगी। इसी सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया और तस्करों के मंसूबों को नाकाम किया गया। इससे पहले भी बीएसएफ बीकानेर की इंटेलीजेंस ब्रांच ने कई बार इस तरह की तस्करी की कोशिशों को नाकाम किया है। बीएसएफ बीकानेर की इंटेलीजेंस ब्रांच बॉर्डर एरिया में लगातार सतर्कता बरतते हुए अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रही है, ताकि इस क्षेत्र को नशा और अपराध मुक्त बनाया जा सके। उपकमांडेंट महेश चंद जाट समय-समय पर ग्रामीणों और युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक भी करते रहे हैं। इस कार्रवाई में इंटेलीजेंस ब्रांच बीकानेर के निरीक्षक सामान्य कमलेश कुमार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दो दिवसीय ऐतिहासिक विद्या वैभव अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन एवं पुरस्कार 2025 सम्पन्न

## सम्मेलन में रहा प्रभावशाली संवाद, निष्पक्ष सम्मान और सांस्कृतिक उत्सव

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( नि.स. )।** विद्या वैभव इन्टरनेशनल की ओर से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन एवं पुरस्कार 2025 का उदयपुर के अनंता रिर्ट में सम्पन्न हुआ। जिसमें 20 राज्यों और 4 देशों के शिक्षक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि राजकुमारी जाह्नवी कुमारी ने मानसिक स्वास्थ्य को स्कूली शिक्षा के केंद्र में रखने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला, साथ ही यह सुनिश्चित किया कि शिक्षा सांस्कृतिक मूल्यों का पोषण करती रहे। यह एक ऐसा संदेश था जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। सम्मेलन को प्रमोद शर्मा, मेजर जनरल कुलकर्णी, लेफ्टिनेंट जनरल प्रमोद सहगल और डॉ. गुरुराज करजगी ने भी संबोधित किया। उनके व्याख्यानों ने स्कूलों में नेतृत्व से लेकर शिक्षा की वैश्विक भूमिका तक, पारंपरिक सोच को चुनौती दी। दिन भर के सत्रों में प्रौद्योगिकी अपनाने, सतत विकास लक्ष्यों, ओलंपियनों के निर्माण पर एक जोशीली बहस और शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीयता पर चर्चा हुई। सम्मेलन के दूसरे दिन प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पर एक प्रमुख सत्र के साथ ऊर्जा को और बढ़ाया गया, जहाँ अंतर्राष्ट्रीय हस्तियों ने संवाद में भाग लिया जिसमें जामत्सो (भूटान), सुश्री थेरेसा अशांती लकमाली सेनेविरत्ने (श्रीलंका), और मधुकर नारायण (मॉरीशस) शामिल थे। युवा शिक्षार्थियों के पोषण पर उनके विचारों ने चर्चा को वास्तव में वैश्विक आयाम दिया। शाम को विद्या वैभव पुरस्कारों के पहले दौर के साथ हुआ, जिसमें दस श्रेणियों में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सबसे खास बात यह थी कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से योग्यता-आधारित थी। इसके अलावा आठ और स्कूल श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किये गये। जिसके बाद रॉकवुड्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स, उदयपुर के छात्रों द्वारा एक जीवंत समापन समारोह आयोजित किया गया। सम्मेलन ने अपना पहला प्रकाशन, रिफ्लेक्शन भी लॉन्च किया और कार्यक्रम के बाद भी इस गति को बनाए रखने के उद्देश्य से आगामी उपक्रमों का अनावरण किया। अध्यक्ष श्रुतिधर आर्य ने कहा कि विद्या वैभव सिर्फ़ एक आयोजन नहीं है। यह एक सामूहिक आंदोलन है। हमारा ध्यान हमेशा प्रदर्शन से ज़्यादा संवाद, राजस्व से ज़्यादा पहचान और प्रतिस्पर्धा से ज़्यादा सहयोग पर रहा है। उदयपुर में मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया बताती है कि यह तो बस शुरुआत है।

# गणेश चतुर्थी पर श्री वीर तेजाजी मेला 2025 का प्रथम आमंत्रण अर्पित

## कलेक्टर ने दी जिलेवासियों को शुभकामनाएँ

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर जिले में परंपरागत उत्साह और श्रद्धा के साथ वीर तेजाजी महाराज मेला 2025 का प्रथम आमंत्रण पत्र अर्पित किया गया। जिला कलेक्टर एवं नगर परिषद प्रशासक कमल राम मीना, नगर परिषद आयुक्त दिव्यांश सिंह तथा नगर परिषद के वरिष्ठ अधिकारी ढोल-नगाड़ों के साथ तेजा चौक स्थित तेजाजी महाराज मंदिर एवं सूरजपोल गेट बाहर स्थित प्रसन्न गणपति मंदिर पहुँचे।

यहां उन्होंने परंपरानुसार पूजा-अर्चना कर प्रथम आमंत्रण पत्र अर्पित करते हुए मेले की मंगल शुरुआत की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्री मीना ने जिलेवासियों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व शुभारंभ, समृद्धि और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्ग मिलकर जब उत्सव मनाते हैं तो आपसी भाईचारा और सौहार्द्र और भी मजबूत होता है। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की कि सभी लोग त्यौहारों को परंपरा, आस्था और सामाजिक समरसता के साथ मनाएँ तथा प्रशासन की तैयारियों में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा मेले की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने आवश्यक तैयारियों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। वीर तेजाजी मेला 2025 की इस मंगल शुरुआत के साथ ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लास का वातावरण बन गया है।

# जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत को पिता श्री सूरज सिंह रावत का हुआ निधन

## गमगीन माहौल में बुधवार को किया गया मुहामी गांव में अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के पुष्कर निवासी जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत के पिता श्री सूरज सिंह रावत का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में उनके पैतृक गांव मुहामी में किया गया। अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, केंद्रीय कृषि मंत्री श्री भागीरथ चौधरी, विधायक श्री शंकर सिंह रावत, श्री वीरेंद्र सिंह कानावत, पूर्व विधायक श्री नाथूराम सिनोदिया, जिला परिषद अध्यक्ष श्री जीतमल प्रजापत, नगर निगम उप महापौर श्री नीरज जैन, पुष्कर के श्री कमल पाठक, जिला परिषद सदस्य श्री महेंद्र सिंह मझेवला, पूर्व सभापति श्री सुरेंद्र सिंह, श्री भंवर सिंह पलाड़ा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्री हनुमान सिंह, प्रधान श्री रामचंद्र थाकण एवं श्री अर्जुन सिंह रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अजमेर शहर में पानी की भारी समस्या, मानव अधिकार संस्था ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( नि.स. )।** शहर में लंबे समय से बनी हुई पानी की किल्लत को लेकर अब सामाजिक संगठनों ने भी आवाज उठानी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में सोमवार को मानव अधिकार संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि शहर के कई इलाकों में पिछले कई दिनों से नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। स्थिति यह है कि लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई कॉलोनियों में हफ्ते में मात्र एक या दो बार ही सप्लाई मिल पा रही है, वहीं टैंकरों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है संस्था के सदस्यों ने कहा कि पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि गर्मी और त्योहारों को देखते हुए 24 घंटे सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए! ज्ञापन सौंपने के दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो शहरभर में जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने संस्था के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए जाएंगे और जल्द ही लोगों को राहत दिलाई जाएगी।

# मगरा क्षेत्रीय विकास योजना की संशोधित वार्षिक कार्य योजना पर जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की महत्वपूर्ण मगरा क्षेत्रीय विकास योजना के वित्तीय वर्ष 2025-26 की संशोधित वार्षिक कार्य योजना के अनुमोदन हेतु बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय क्षेत्रीय विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना ने की।बैठक में ब्लॉक व ग्राम पंचायतवार बजट आवंटन एवं प्राप्त प्रस्तावों की स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें सीसी सड़कें एवं नालियां, पटवार भवन व ग्राम पंचायत भवन निर्माण, अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत तथा उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण जैसे कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई।साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना, सर्वे व अकाउंट वेरिफिकेशन, महात्मा गांधी नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं आवास प्लस एप से गुणवत्ता जांच की प्रगति रिपोर्ट पर विचार विमर्श हुआ। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी निवेदकों को समयबद्ध रूप से कार्य का लाभ मिले।मगरा योजना, सांसद कोष व विधायक कोष की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन, राजीविका के तहत स्वयं सहायता समूहों व ग्राम संस्थाओं की स्थिति तथा राजीविका फ्लैगशिप योजनाओं – जैसे सोलर दीदी, नमो ड्रोन दीदी, बैंक सखी, लखपति दीदी, कृषि सखी, पशु सखी आदि की प्रगति पर भी चर्चा की गई। बैठक में एसीईओ श्री गोपाल लाल सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मसूदा उपखंड अधिकारी दीपशिखा ने विभिन्न राजकीय कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर के मसूदा उपखंड अधिकारी मसूदा दीप शिखा ने आज उत्तराखंड क्षेत्र के विभिन्न राजकीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया इस दौरान खीमपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खीमपुरा का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खीमपुरा के उपस्थित रजिस्टर का अवलोकन किया एवं साथ ही पोषाहार का भी निरीक्षण किया इस दौरान संस्था प्रधान को साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए एवं साथ ही बच्चों का शैक्षिक स्तर भी जांचा।

साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया एवं मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य कार्मिक को साफ सफाई एवं दवाइयों की आपूर्ति बाबत आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किए ।

साथ ही उपखंड अधिकारी ने राघपुरा आंगनबाड़ी एवं धौला दांता आंगनबाड़ी का भी औचक निरीक्षण किया एवं मौके पर उपस्थित कार्मिक को साफ सफाई एवं बच्चों के पोषाहार संबंधित आवश्यक सुधार करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

# धूमधाम से मनाया गणेश चतुर्थी महोत्सव

## विधायक ने की अमन चैन की कामना

बढ़ता राजस्थान

**बांदीकुई ( नि.स. )।** गणेश चतुर्थी का पावन पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान गणेश मंदिर में हर वर्ष की भांति मेले का आयोजन हुआ। जिसमें विधायक भागचंद सैनी टाकड़ा सहित 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने शिरकत की। लोगों में उत्साह और जोश और भगवान श्री गणेश के प्रति जुनून का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था कि महज 1 किलोमीटर के दायरे में करीब दो दर्जन से अधिक प्याऊ और प्रसादी वितरण किया जा रहा था। सैकड़ो कार्यकर्ताओ की सेवा के साथ हजारों श्रद्धालुओं के बीच भगवान श्री गणेश के दीदार करने के लिए लोग काफी उत्सुक थे। शहर की आराध्य देव भगवान श्री गणेश के मेले में पार्षद नीरज रावत सहित उनकी टीम व्यवस्थाओं में लगी रही। इस दौरान वैश्य समाज के अध्यक्ष संतोष बढ़ाया भी अहम भूमिका में आराध्य देव गणेश जी की सेवा में लगे हुए थे। तहसीलदार राजेश सैनी के नेतृत्व में प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक चौबंद थी। पालिका प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद होकर श्रद्धालुओ के लिए व्यवस्थाएं जुटाने में लगा हुआ था।

दो दिन तक चले इस मेले में सैकड़ो लोगों ने कनक दंडवत की और हजारों लोगों ने पानी, शरबत,मिष्ठान,जलपान सहित कचोरी पकौड़ी की प्रसादी ग्रहण करते हुए भगवान श्री गणेश के दर्शन किए।

मेले में नानी बाई का मायरा, भजन संध्या और यूथ क्लब द्वारा आयोजित गणेश रैली आकर्षण का केंद्र रही। मेले में आसपास के गांव के अलावा शहरी लोग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे थे। विधायक भागचंद सैनी ने इस दौरान सभी को गणेश चतुर्थी पर शुभकामनाएं दी और क्षेत्र सहित पूरे देश में अमन चैन की कामना की।



# भारत कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की दावेदारी करेगा

## कैबिनेट की मंजूरी, 31 अगस्त डेडलाइन; मेजबानी मिलेगी या नहीं फैसला नवंबर में

भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी अहमदाबाद में करने के लिए दावा पेश करेगा। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने बिडिंग प्रपोजल को मंजूरी दे दी है। इससे पहले 14 अगस्त को भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन ने इसे मंजूरी दी थी। अब भारत को 31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा। नवंबर के आखिर में यह फैसला होगा कि मेजबानी मिलेगी या नहीं। कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। पिछले महीने कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के डायरेक्टर डैरेन हॉल की लीडरशिप में एक टीम ने अहमदाबाद में मौजूद आयोजन स्थलों का दौरा किया था।

साथ ही गुजरात सरकार के अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की थी। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट वह संस्था है जो किसी देश को मेजबानी देने का फैसला करती है।

सभी दावेदार शहरों का इंस्पेक्शन करने के बाद कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की जनरल असेंबली फाइनल होस्ट का नाम घोषित करती है। पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी भारत 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने इसकी मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लॉस एंजिलिस में होने हैं।

2 एशियन गेम्स भी करा चुका है भारत भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। इनमें 1951 और 1982 के एशियन गेम्स और 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स शामिल हैं। 2010 में दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स हुए थे।

# अश्विन ने आईपीएल से संन्यास लिया

## 5 टीम में खेले, 221 मैच में 187 विकेट लिए; रिटायरमेंट पोस्ट में लिखा- अब विदेशी लीग खेलूंगा

दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से रिटायरमेंट ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। अश्विन ने लिखा- कहते हैं हर अंत एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है, लेकिन कई विदेशी लीग में खेलने का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। अश्विन आईपीएल 2025 में सीएसके टीम का हिस्सा थे, लेकिन वे ज्यादा मैच नहीं खेले थे। उन्होंने आईपीएल में इस साल आखिरी मैच 20 मई को खेला था। उन्हें टीम से रिलीज किए जाने की भी चर्चाएं चल रही थीं। अश्विन आईपीएल में पांच अलग-अलग टीमों की ओर से खेल चुके हैं।

अश्विन ने आगे लिखा- इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा और सबसे जरूरी आईपीएल और बीसीसीआई का, जो उन्होंने मुझे अब तक मौका दिया है। आगे जो भी है उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं।

अश्विन के नाम 187 आईपीएल विकेट आईपीएल में 221 मैच खेल चुके अश्विन के नाम 187 विकेट (इकोनॉमी रेट 7.29) और 833 रन (स्ट्राइक रेट 118) दर्ज हैं। पिछले सीजन में उन्होंने सीएसके के लिए 9 मैच खेले थे।

अश्विन को सीएसके ने मेगा ऑक्शन में 9.75 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिससे वह 9 साल बाद अपने होम फ्रेंचाइजी में लौटे थे। 2016 से 2024 के बीच वह दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले। आईपीएल करियर की शुरुआत उन्होंने सीएसके से ही की थी और 2008 से 2015 तक टीम के साथ रहे।

बीजीटी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा अश्विन ने पिछले साल दिसंबर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने 14 से 18 दिसंबर के बीच खेले गए गाबा टेस्ट के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था। वे कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे था। उन्होंने कहा था, आज भारतीय टीम के क्रिकेटर के तौर पर मेरा अंतिम दिन था। मैं क्लब क्रिकेट खेलता रहूंगा। अश्विन ने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं।






## कैरेबियन लीग में एक बॉल पर बने 22 रन : नो, वाइड, फिर लगातार 2 नो बॉल पर 2 सिक्स; अगली बॉल पर भी सिक्स

कैरेबियन प्रीमियर लीग में सोमवार रात एक बॉल पर 22 रन बने। मामला सेंट लूसिया ग्राउंड पर गयाना अमेजन वॉरियर्स और सेंट लूसिया किंग्स के बीच खेले गए मैच का है। टॉस जीतकर गयाना अमेजन वॉरियर्स पहले बैटिंग कर रही थी। रोमारियो शेफर्ड और इफ्तिखार अहमद क्रीज पर थे। 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर 22 रन बने। ओशाने थॉमस ने ओवर की तीसरी गेंद नो बॉल डाली। इस पर बल्लेबाज और कोई रन नहीं बना सका। उन्होंने अगली गेंद वाइड डाली। फिर अगली दो गेंदें नो बॉल डाली। इन दोनों गेंदों पर बल्लेबाज शेफर्ड ने दो छक्के जड़ दिए। थॉमस ने अगली गेंद सही डाली। इस पर भी शेफर्ड ने छक्का जड़ दिया। इस तरह तीसरी गेंद पर कुल 22 रन बन गए। इसकी डिटेल्स अगले ग्राफिक्स में देख सकते हैं। शेफर्ड ने 34 गेंदों में नाबाद 73 रन की पारी खेली। हालांकि, इस मैच को सेंट लूसिया किंग्स ने 4 विकेट से जीत लिया।

### एशियन शूटिंग चैंपियनशिप

## सिफ्ट कौर समरा ने 50 मीटर राइफल में गोल्ड जीता, टीम इवेंट में भी भारत को मिला सोना

ओलिंपियन सिफ्ट कौर समरा ने कजाकिस्तान के शिमकेंट में खेले जा रहे 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में मंगलवार को विमेंस 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में गोल्ड मेडल जीता। सिफ्ट कौर का एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में यह पहला गोल्ड है। इसके अलावा टीम इवेंट में भी भारत को गोल्ड मिले। वहीं, भारत के जूनियर खिलाड़ियों ने भी प्रतियोगिता के नौवें दिन गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीते, जिनमें चार टीम गोल्ड शामिल हैं।

सिफ्ट कौर ने 459.2 स्कोर किया सिफ्ट ने अपने अनुभव और स्टैंडिंग पोजीशन में शानदार प्रदर्शन के दम पर फाइनल में 459.2 का स्कोर बनाया और चीन की युवा खिलाड़ी यांग युजी को 0.4 अंक से पछाड़ दिया। सिफ्ट पहले नीइंग (घुटने टेककर) पोजीशन में सातवें स्थान पर थीं, लेकिन बाद में उन्होंने शानदार वापसी की।

सिफ्ट ने प्रोन (लेटकर) पोजीशन के अंत में चौथा स्थान हासिल किया और फिर स्टैंडिंग पोजीशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे शॉट में 10.7 और पांचवें शॉट में 10.8 स्कोर के साथ बढ़त बना ली। 37वें शॉट में यांग ने 10.9 स्कोर के साथ सिफ्ट को एक शॉट के लिए पीछे छोड़ा, लेकिन सिफ्ट ने आखिरी शॉट में 10.0 स्कोर के साथ गोल्ड पक्का किया। स्टैंडिंग पोजीशन में सिफ्ट ने 15 में से 11 शॉट्स में 10 से ज्यादा का स्कोर बनाया, जबकि यांग ने आठ बार ऐसा किया।

महिला 3क्ष में इवेंट में भी भारत को गोल्ड सिफ्ट ने न केवल इंडिविजुअल गोल्ड जीता, बल्कि आशी चौकसे (586) और अंजुम मौदगिल (578) के साथ मिलकर महिला 3क्ष टीम इवेंट में भी गोल्ड मेडल जीता। भारतीय टीम ने कुल 1753 का स्कोर बनाया, जो चीन की टीम से तीन अंक ज्यादा था। सिफ्ट ने क्वालिफिकेशन में 589 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि आशी चौकसे चौथे स्थान पर रहीं और फाइनल में सातवें स्थान पर रहीं। जूनियर महिला 3क्ष में अनुष्का का गोल्ड जूनियर महिला 3क्ष में अनुष्का ठोकुर ने 460.7 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता, जो कोरिया की सेही ओह से पांच अंक ज्यादा था। भारत की महित संधु और प्राची गायकवाड़ फाइनल में क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहीं। क्वालिफिकेशन में प्राची ने 588 स्कोर के साथ पहला, महित ने 587 के साथ दूसरा और अनुष्का ने 583 के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इन तीनों ने मिलकर 1758 के स्कोर के साथ टीम गोल्ड भी जीता।




### कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप

## भारत को सीनियर में मिले तीन सिल्वर, कोयल बार ने यूथ वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ जीता गोल्ड



भारत की वेटलिफ्टर बिंदिया रानी देवी, मुथुपांडी राजा और स्नेहा सोरेन ने मंगलवार को अहमदाबाद में चल रही कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता। वहीं, 17 साल की कोयल बार ने यूथ वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ 53 किलो वेट में गोल्ड मेडल जीता।

कोयल बार ने सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल जीतने वाली स्नेहा सोरेन से अधिक वजन उठाया महिलाओं के 53 किग्रा युवा वर्ग में कोयल बार ने इतिहास रच दिया। उन्होंने कुल 192 किग्रा (स्नैच 85 किग्रा + क्लीन एंड जर्क 107 किग्रा) वजन उठाकर नया वर्ल्ड यूथ रिकॉर्ड बनाया। यह वजन सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल जीतने वाली भारतीय वेटलिफ्टर स्नेहा सोरेन के उठाए गए वजन से अधिक है। कोयल ने कुल और क्लीन एंड जर्क, दोनों में नया रिकॉर्ड दर्ज किया। कोयल ने इसी प्रदर्शन के दम पर यूथ और जूनियर दोनों वर्गों का खिताब अपने नाम किया।

बिंदिया रानी देवी ने 206 किलो वेट उठा कर सिल्वर जीता महिला 58 किग्रा वर्ग में बिंदिया रानी ने कुल 206 किग्रा (91 किग्रा स्नैच + 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच में 85 किग्रा, 88 किग्रा और 91 किग्रा का वजन उठाया, जबकि क्लीन एंड जर्क में 110 किग्रा और 115 किग्रा सफलतापूर्वक उठाया। हालांकि, आखिरी प्रयास में 122 किग्रा उठाने में वह नाकाम रहीं और सिल्वर मेडल पर रुक गईं। इस वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की कियाना इलियट ने 212 किग्रा (100 किग्रा + 112 किग्रा) के साथ गोल्ड मेडल जीता। बिंदिया रानी इससे पहले 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में 55 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं। साथ ही, वह 2019 में कॉमनवेल्थ चैंपियन रह चुकी हैं और 2021 में सिल्वर मेडल हासिल किया था।

मेंस वर्ग में मुथुपांडी एक किलोग्राम के अंतर से गोल्ड से चूक गए मेंस के 65 किग्रा वर्ग में भारत के मुथुपांडी राजा गोल्ड मेडल से मात्र एक किलोग्राम के अंतर से चूक गए। उन्होंने कुल 296 किग्रा (128 किग्रा स्नैच + 168 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाया, लेकिन मलेशिया के मोहम्मद अज्निल बिन बिदिन ने 297 किग्रा (125 किग्रा + 172 किग्रा) के साथ गोल्ड मेडल जीता। पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने 292 किग्रा (127 किग्रा + 165 किग्रा) के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। महिला 53 किग्रा सीनियर वर्ग में स्नेहा का सिल्वर महिला 53 किग्रा सीनियर वर्ग में नाइजीरिया की ओमोलोला ओनोमे डिडिह ने 197 किग्रा (90 किग्रा + 107 किग्रा) वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता। भारत की स्नेहा सोरेन ने 185 किग्रा (81 किग्रा + 104 किग्रा) के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

## केरल क्रिकेट लीग में एक बॉल पर 13 रन बने:सैमसन ने सिजोमोन जोसफ की नो बॉल के बाद फ्री हिट पर सिक्स लगाया

केरल क्रिकेट लीग में मंगलवार को एक बॉल पर 13 रन बने। संजू ने त्रिशूर टाइटंस के गेंदबाज सिजोमोन जोसफ की बॉल पर छक्का लगाया। इसे अंपायर ने नो-बॉल करार दिया, इससे उन्हें एक और बॉल डालनी पड़ी। सैमसन ने फ्री हिट पर भी छक्का लगाया। 30 साल के संजू कोच्चि ब्लू टाइगर्स की ओर से 46 गेंदों में 89 रन की पारी खेली। इस पारी में 4 चौके 9 छक्के जड़े। संजू की विस्फोटक पारी के दम पर कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 188 रन बनाए। जवाब में त्रिशूर टाइटन्स की बैटिंग जारी है। यह मुकाबला तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

### मुख्यमंत्री से मिला विश्नोई समाज का प्रतिनिधिमंडल

# हरियालो राजस्थान के तहत प्रदेश में वृहद स्तर पर हो रहा पौधारोपण : सीएम

## हरियालो राजस्थान के तहत पिछले वर्ष 7.5 करोड़ एवं इस वर्ष लगभग 11 करोड़ पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पेड़ों की रक्षा के लिए मां अमृता देवी सहित 363 लोगों ने बलिदान दिया। विश्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसा त्याग कहीं और देखने को नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि खेजड़ी सिर्फ वृक्ष नहीं बल्कि औषधि भी है। कैर, सांगरी राजस्थान की पहचान है।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में विश्नोई समाज के प्रतिनिधिमंडल से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हरियालो राजस्थान के तहत 5 वर्ष में 50 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य तय किया है। इसी क्रम में पिछले वर्ष 7.5 करोड़ एवं इस वर्ष लगभग 11 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। साथ ही, वन मित्र भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमारी सरकार ने नीतिगत निर्णय लिए हैं तथा आवश्यकता होने पर नियमों में उचित प्रावधान भी किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्नोई समाज ने पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण में सदैव आगे रहते हुए अनूठे उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। हर समाज, हर वर्ग विश्नोई समाज से पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा लेता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी विकास के साथ-साथ प्रकृति के संरक्षण में विभिन्न अभियानों के माध्यम से जनभागीदारी को बढ़ावा दे रही है। शर्मा ने कहा कि हजारों वर्षों से हमारी संस्कृति में वृक्ष, पहाड़ और नदियों की पूजा की जाती है। सभी आमजन के लिए पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे प्रकृति का संतुलन भी बना रहे।

मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित इस संवाद में विश्नोई समाज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में पौधारोपण के लिए जापानी मियावाकी वृक्षारोपण तकनीक अपनाने एवं विकास परियोजनाओं में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए विशेष प्रावधान करने के संबंध में सुझावपत्र दिए।



विश्नोई समाज के प्रबुद्धजन एवं साधु-संतों ने प्रदेश में चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान अभियान के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री कृष्ण कुमार के.के. विश्नोई, पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, स्वामी भागीरथ दास जी शास्त्री, आचार्य संत गोरधनराम जी, महंत स्वामी भगवानदास जी, कृपाचार्य जी महाराज, भागीरथदास जी महाराज, स्वामी सदानंद जी, स्वामी ओंकारानंद जी, स्वामी श्यामदास जी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं विश्नोई समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# जोधपुर-जम्मू एक्सप्रेस से धुआं निकलने पर मची अफरा-तफरी

### ब्रेक जाम होने से बीकानेर में 30 मिनट रुकी ट्रेन

**नोखा ( बीकानेर )।** जोधपुर से जम्मू जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के दो डिब्बों में बुधवार दोपहर अचानक धुआं उठने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बीकानेर के नोखा आउटर सिग्नल पर ट्रेन रोककर अग्निशमन यंत्रों से आग पर काबू पाया गया।

ट्रेन को नोखा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन लाने के बाद तकनीकी खामी को दुरुस्त किया गया। इस दौरान ट्रेन करीब 30 मिनट तक रुकी रही। इसके बाद ट्रेन को सुरक्षित रवाना किया गया। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट और लेदर बाइंडिंग में तकनीकी खराबी के कारण धुआं निकलना बताया गया। जानकारी के अनुसार, जोधपुर से जम्मू जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक धुआं उठने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर बुधवार सुबह 11:10 बजे पायलट ने नोखा रेलवे स्टेशन से एक किलोमीटर पहले आउटर सिग्नल पर ट्रेन को तुरंत रोक दिया। करीब 15 मिनट में डिब्बों में लगे अग्निशमन यंत्रों की मदद से स्थिति पर काबू पा लिया गया। इसके बाद ट्रेन को सुरक्षित रूप से नोखा रेलवे स्टेशन लाया गया।

# बीजेपी ने विधायक नौक्षम चौधरी से मांगा स्पष्टीकरण

## मदन राठौड़ बोले- चुने हुए जनप्रतिनिधि को हटना हमारी परपंरा नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** डीग जिले के कामां से बीजेपी विधायक नौक्षम चौधरी के कांग्रेस प्रधान को हटाकर बीजेपी का प्रधान लगाने वाले बयान पर पार्टी ने उनसे स्पष्टीकरण मांगा हैं। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा का आचरण और परम्परा नहीं है कि चुने हुए जनप्रतिनिधि को हटा कर किसी और को पद पर बिठाया जाए। चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम कांग्रेस का रहा है। राठौड़ ने कहा कि विधायक ने जो भी बयान दिए हैं, उसे लेकर उनसे जानकारी मांगी गई है। उन्होंने कहा कि उनको बुलाया है, वो आकर जवाब देंगी। पार्टी विधायक को समझाएगी कि किस तरह से बोलना चाहिए और अगर कहीं कुछ कमी है तो उसको भी ठीक करेंगे।

डीग जिले की कामां विधायक नौक्षम चौधरी ने कामां और पहाड़ी प्रधान पद बीजेपी के प्रधान बनने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बिना नाम लिए बीजेपी के मंत्री पर जमकर निशाना साधा। नौक्षम चौधरी ने कहा कि उन्होंने नगर पंचायत में कांग्रेस का प्रधान लगाया हुआ है। बीजेपी समर्थित और समाज के किसी व्यक्ति को प्रधान क्यों नहीं बनाते।

**नगर में बीजेपी समर्थित प्रधान बनवाइए**-नौक्षम चौधरी ने कहा- आप मेरे बड़े भाई हैं सरकार में मंत्री हैं। मैं आपसे निवेदन करना चाहती हूं। आप भी चुनाव करवा लीजिये। कोई प्रधान ऐसे नहीं हटता। आपको भी इन्क्वायरी करवानी चाहिए। कोई प्रधान ऐसे नहीं हटता। संविधान के रूप में प्रधान जीतकर आया है। अगर आपके खिलाफ कोई कार्रवाई होती है तो, वह तभी हो सकती है। जब आप चाहे। आप तो सरकार में बैठे हैं।

# एसआई भर्ती परीक्षा-2021 दे चुके अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से अंतरिम-राहत

## ओवरएज हो चुके कैंडिडेट्स को 2025 की वैकेंसी में शामिल करने के निर्देश

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 में शामिल रहे और अब ओवरएज हो चुके अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने रामगोपाल और अन्य की याचिका पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ताओं को स्ढ्ढ भर्ती-2025 में शामिल किया जाए। दरअसल, राजस्थान लोक सेवा आयोग ने उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर के 1015 पदों के लिए भर्ती निकाली है। 10 अगस्त से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदन की लास्ट डेट 8 सितंबर है। एग्जाम की डेट 5 अप्रैल 2026 प्रस्तावित है।

**कोर्ट ने फॉर्म भरने के निर्देश दिए**-याचिकाकर्ताओं के एडवोकेट हरेंद्र नील ने कोर्ट को बताया- कैबिनेट सब कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि वे 2021 की भर्ती में शामिल अभ्यर्थियों को आगामी भर्ती में आयु में छूट देने पर सकारात्मक रूप से विचार करेंगे। हालांकि, 2025 में जारी भर्ती विज्ञापन में 2021 की भर्ती में शामिल उम्मीदवारों के लिए आयु में विशेष छूट का कोई प्रावधान नहीं किया गया था। हरेंद्र नील ने बताया- एसआई के पदों पर अंतिम भर्ती 2021 में निकली थी। वहीं अब नई भर्ती आई है।

# बारिश से हाहाकार... बालोतरा में बोलेरो बही, मां और 2 बेटियों की मौत...

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। बालोतरा में बुधवार को लूणी नदी में बोलेरो बहने से मां और दो बेटियों की मौत हो गई। 8 माह के बेटे समेत तीन लोग लापता हैं। जेसीबी और क्रेन की मदद से बोलेरो को बाहर निकाला गया। जालोर जिले में मंगलवार को सुकड़ी नदी में नहाने उतरे 6 युवक बह गए। इनमें से 4 की बॉडी बुधवार को मिल चुकी है। भरतपुर के रुदावल में एक बस ड्राइवर ने 30 से ज्यादा पैसेंजर्स की जान जोखिम में डाल दी। ड्राइवर ने पांचना बांध के पानी से भरी पुलिया में बस उतार दी। वहीं, नागौर के जसनगर में नेशनल हाईवे-458 पर लूणी नदी पुलिया के ऊपर से बह रही है। इसलिए वहां ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। जयपुर और भरतपुर में भी दोपहर में तेज बारिश से जलभराव हो गया। उधर, करौली, अलवर और आसपास के कई जिलों में बुधवार सुबह कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने बुधवार को झालावाड़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

### एक-दूसरे का हाथ पकड़कर नदी में उतरे

जालोर के सायला थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम बहे 3 युवकों की बॉडी आज सुबह करीब 10 बजे मिली। एक युवक की बॉडी दोपहर में मिली। इससे पहले मंगलवार शाम को अंधेरे में रेस्क्यू करने के प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। अधिकारियों ने बताया कि युवकों को स्थानीय लोगों ने जाने से मना किया था, लेकिन वे नहीं माने। सभी एक-दूसरे का हाथ पकड़कर नदी में उतरे थे और बहाव में फंस गए।

### चूरू में गेहूं के गोदाम में घुसा पानी

चूरू जिले के सुजानगढ़ में रविवार रात और सोमवार को हुई 159 एमएम बारिश से चापटिया श्मशान की दीवार टूट जाने से चापटिया तलाई का पानी एफसीआई गोदाम में घुस गया। इससे अंदर रखा गेहूं खराब होने की आशंका है।



### जालोर में नदी में बहे 6-दोस्त, चार के शव मिले

जालोर। जालोर के सायला थाना क्षेत्र के आसाणा गांव में मंगलवार शाम 4 बजे 6 युवक सुकड़ी नदी में बह गए। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। रात करीब 11 बजे तक सर्च ऑपरेशन चला। इस दौरान बहे हुए युवकों का सुराग नहीं लगा। बुधवार सुबह फिर सर्च अभियान शुरू हुआ। सुबह 10 .30 बजे एक युवक का शव मिला। आधे घंटे बाद 11 बजे दो शव निकाल लिए गए। दोपहर 2 बजे चौथे युवक का शव बरामद हुआ। बाकी दो की तलाश जारी है। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी राजू सिंह ने बताया- बोलेरो कार में 6 युवक कल शाम नदी किनारे पहुंचे थे। मैं तीन को जानता हूं। इनमें से एक ने मुझसे पान-मसाला मांगा। मेरे पास नहीं था। इसके बाद सभी युवक एक दूसरे का हाथ पकड़कर नदी में उतर गए। उन्होंने नदी पार की। दूसरे किनारे से वे लोग वापस लौटने लगे। इस दौरान धारा में उनके पैर डगमगाने लगे। फिर सभी बहाव में बहने लगे। मैंने तुरंत सायला थाना पुलिस को फोन किया। पुलिस पहुंची। युवकों के मोबाइल और चप्पलें कार में मिले। सर्च टीमों ने अभियान शुरू किया लेकिन उनका पता नहीं लगा। देर रात 9 .30 बजे सर्च टीमें नदी के दूसरे सिरे पर पहुंचीं और तलाश करने लगीं। लेकिन किसी का भी पता नहीं चला। बुधवार सुबह करीब 7 बजे फिर खोजबीन शुरू हुई। सुबह 10 .30 बजे एक युवक का शव मिला। इसके बाद 11 बजे दो और शव मिले।

### बालोतरा में बोलेरो बही, मां और 2 बेटियों की मौत

बालोतरा में लूणी नदी में बोलेरो बह गई। हादसे में मां और दो बेटियों की मौत हो गई। 8 माह के बेटे समेत तीन लोग अभी लापता हैं। दो का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। जेसीबी और क्रेन की मदद से बोलेरो को बाहर निकाला गया। हादसा बुधवार दोपहर करीब एक बजे चतुर्थ रेलवे फाटक के पास जसोल बाइपास पर हुआ। पुलिस ने बताया- जोधपुर के शेरगढ़ के नृसिंहपुरा जाटों का वास निवासी पेमाराम (40) पुत्र सुरताराम परिवार के साथ जसोल मंदिर में दर्शन के लिए निकले थे। गाड़ी में उनके साथ पत्नी मीरा देवी (32), बेटी उर्मिला (7), पूजा (3) और 8 माह का बेटा, मां कबू देवी (60), एक अन्य व्यक्ति राणीदान सिंह (70) और बोलेरो ड्राइवर देवाराम (55) थे। हादसे में मीरा देवी, उर्मिला और पूजा की मौत हो गई। ड्राइवर और पेमाराम को गंभीर हालत में राजकीय नाहटा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पेमाराम का 8 माह का बेटा, मां कबू देवी और राणीदान सिंह अभी भी लापता हैं।

# कैबिनेट ने 12,328 करोड़ की चार बड़ी रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी

## 5 राज्यों में कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज बुधवार को 12,328 करोड़ रुपये की चार बड़ी रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं का मकसद कनेक्टिविटी, माल परिवहन और क्षेत्रीय विकास में मजबूती लाना है। इनमें गुजरात के कच्छ क्षेत्र में नई देशलपर-हाजीपीर-लूना और वयोर-लाखपत रेल लाइन शामिल है, जिसकी लागत 2,526 करोड़ रुपये होगी। यह 145 रूट किमी और 164 ट्रैक किमी लंबी होगी और तीन साल में पूरी होगी। इस लाइन से नमक, सीमेंट, कोयला, क्लिंकर व बेंटोनाइट के परिवहन में आसानी होगी और रण ऑफ कच्छ, धोलावीरा, कोटेश्वर मंदिर, नारायण सरोवर और लाखपत किले तक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा 13 नए स्टेशन बनेंगे और 866 गांवों के लगभग 16 लाख लोग लाभान्वित होंगे। वहीं कर्नाटक व तेलंगाना में 5,012 करोड़ रुपये की लागत से सिकंदराबाद (सनथनगर)- वाडी तीसरी व चौथी लाइन परियोजना को पांच साल में पूरा किया जाएगा। बिहार में 1,156 करोड़ रुपये की लागत से भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाइन परियोजना (53 किमी) और असम में 3,634 करोड़ रुपये की लागत से फुरकाटिंग-न्यू तिनसुकिया डबलिंग परियोजना (194 किमी) भी स्वीकृत की गई है।

# सुप्रीम कोर्ट को मिलने जा रहे 2 नए जज, जस्टिस अराधे और जस्टिस पंचोली के नाम को केंद्र ने दी मंजूरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय कानून मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। इस संबंध में, केंद्र सरकार ने न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत करने को मंजूरी दे दी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर कहा कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद, न्यायमूर्ति श्री आलोक अराधे, मुख्य न्यायाधीश, बॉम्बे उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति श्री विपुल मनुभाई पंचोली, मुख्य न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करते हैं।

# योगी का विपक्ष पर हमला : यूपी कभी बीमारू नहीं था, वंशवाद-भ्रष्टाचार ने डुबोया था

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश मूलत: बीमारू राज्य नहीं था, बल्कि भ्रष्ट राजनीतिक दलों, वंशवाद और नियुक्तियों में पक्षपात के कारण पतन की ओर धकेला गया था। वह लोक भवन सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहाँ यूपीएसएसएससी की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से चयनित 2,425 महिला पर्यवेक्षकों और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। योगी ने कहा कि 1947 से 1960 तक, उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में से एक था, जिसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 14 प्रतिशत से अधिक का योगदान था। उन्होंने कहा कि यह गिरावट 1960 के बाद शुरू हुई और 1990 के बाद और तेज़ हो गई। 2017 तक, उत्तर प्रदेश का हिस्सा 8 प्रतिशत से भी कम रह गया था। उन्होंने आगे कहा कि राज्य भ्रष्टाचार, दंगों और उपेक्षा से ग्रस्त था, जिसके कारण युवाओं को पलायन करना पड़ा और उन्हें बाहर भी पहचान के संकट से जूझना पड़ा।

सरकार के पारदर्शी भर्ती अभियान पर प्रकाश डालते हुए, योगी ने कहा कि अब दूरदराज और आदिवासी इलाकों के योग्य युवाओं तक अवसर पहुँच रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर युवा के सपने होते हैं, लेकिन जब वे भेदभाव का शिकार होते हैं, तो यह



राष्ट्रीय क्षति है। आज की निष्पक्ष नियुक्तियाँ साबित करती हैं कि प्रतिभा हर जगह है—बस उसे अवसर की ज़रूरत है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त महिला पर्यवेक्षकों और फार्मासिस्टों को बधाई दी और पोषण एवं बाल कल्याण सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र 2047 के विकासशील भारत की नींव होंगे और इस बात पर ज़ोर दिया कि एक स्वस्थ बचपन एक समृद्ध भविष्य का निर्माण करता है। उन्होंने नियुक्त लोगों से ईमानदारी और बिना किसी भेदभाव के सेवा करने का आग्रह किया और उनकी भूमिका की तुलना भगवान कृष्ण का पालन-पोषण करने वाली माता यशोदा से की। स्कूलों के विलय की विपक्ष की आलोचना का जवाब देते हुए, योगी ने कहा कि जीर्ण-शीर्ण स्कूलों का स्थानांतरण और छात्र-शिक्षक अनुपात में सुधार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी, 3 की मौतः 17 घायल

## हमलावर ने खुद को गोली मारी; राष्ट्रपति ट्रम्प को मामले की जानकारी दी गई



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में बुधवार को एक कैथोलिक स्कूल में हुई गोलीबारी में दो बच्चों और हमलावर समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं, जिनमें 14 बच्चे हैं। यह घटना उस वक्त हुई जब स्कूल में सामूहिक प्रार्थना सभा चल रही थी।

पुलिस ने मीडिया को बताया कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि पुलिस ने हमलावर को मार गिराया था।

मारे गए दोनों बच्चों की उम्र 8 और 10 साल है। पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त दोनों बच्चे बेंच पर बैठे थे। हमलावर के पास तीन हथियार थे – एक राइफल, एक शॉटगन और एक पिस्टल।

दो दिन पहले यानी सोमवार को ही स्कूल की गर्मियों की छुट्टियां खत्म हुई थीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें इस घटना की पूरी जानकारी दी गई है। स्नक्चक्त्र ने फौरन कार्रवाई की और वे वहां मौजूद हैं। व्हाइट हाउस हालात पर नजर रख रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार